डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹71500 10 ग्राम
₹94000 01 किलो
सेंसेक्स 81,709.12 -56.74
डॉलर 84.668 -0.021

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 07, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार, 08 दिसंबर 2024, वर्ष-31, अंक-54, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 मोहम्मद सिराज ने फैंक दी...

## एक नजर

### इंडी गठबंधन के विधायकों की बैठक आठ को

**रांची।** इंडी गठबंधन के विधायकों की बैठक आठ दिसम्बर को मुख्यमंत्री आवास में तीन बजे से होगी। इस संबंध में शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव ने कहा कि तीन बजे रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास में इंडी गठबंधन के विधायक की बैठक बुलाई गई है। साथ ही पार्टी के सभी विधायकों को भी उपस्थित होने को कहा गया है। उल्लेखनीय है कि विधानसभा सत्र को लेकर यह बैठक होनी है।

### पीएम ने आर्कबिशप जॉर्ज कूवाकड के कार्डिनल बनने को बताया गर्व का क्षण

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल के आर्कबिशप जॉर्ज कूवाकड को कार्डिनल के रूप में पदोन्नत किए जाने को भारत के लिए गर्व का क्षण बताया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, भारत के लिए यह बहुत गर्व की बात है कि आर्कबिशप जॉर्ज कूवाकड को परम पूज्य पोप फ्रांसिस द्वारा कार्डिनल बनाया जाएगा। आर्कबिशप कूवाकड केरल के कोट्टायम में चांगनाचेरी मूड लूर्डे माथा कैथोलिक चर्च के पादरी हैं। वह केरल के पहले पादरी हैं जो कार्डिनल बन रहे हैं। इससे पहले राज्य से जो पांच कार्डिनल हुए हैं, वे सब बिशप थे। भारत की तरफ से एक प्रतिनिधिमंडल इस समारोह में शामिल होने के लिए वेटिकन सिटी गया हुआ है। पीएमओ ने पोस्ट में बताया, भारत सरकार ने इस समारोह में शामिल होने के लिए केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल भेजा है। समारोह से पहले, भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने परम पूज्य पोप फ्रांसिस से भी मुलाकात की। वेटिकन सिटी में होने वाले समारोह में पोप फ्रांसिस आर्कबिशप कूवाकड तथा 20 अन्य को कार्डिनल बनाएंगे। इसके बाद दुनिया भर में कार्डिनलों की संख्या 232 से बढ़कर 253 हो जाएगी। जब अगले पोप के चयन का समय आता है कार्डिनल के सदस्य ही उन्हें चुनते हैं।

## रक्षा राज्य मंत्री से 50 लाख रंगदारी मांगने की जांच के लिए रांची पहुंची दिल्ली पुलिस

- दिल्ली पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही इस कांड का खुलासा किया जायेगा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ से 50 लाख की रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने के मामले की जांच के लिए दिल्ली पुलिस की टीम शनिवार को रांची पहुंची। रांची पहुंचने के बाद दिल्ली पुलिस की टीम कांके थाना क्षेत्र स्थित होचर गयी है। इस संबंध में रांची के एक वरीय अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस रांची पहुंची है और मामले की जांच कर रही है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को अपराधियों ने रक्षा राज्यमंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ से 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी है। अपराधियों ने कहा है कि तीन दिन के अंदर पैसे दे दो। ऐसा नहीं करने पर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी है। संसद का शीतलाकीन सत्र चल रहा है और केंद्रीय मंत्री संजय सेठ दिल्ली में थे। धमकी उनके मोबाइल पर मैसेज भेजकर दी गयी है। जानकारी के मुताबिक, दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और डीसीपी ने संजय सेठ से दिल्ली में शुक्रवार को इस मामले में जानकारी ली। दिल्ली पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही इस कांड का खुलासा किया जायेगा। संजय सेठ ने इस संबंध में झारखंड डीजीपी को भी जानकारी दी है।

**लाल सलाम के साथ भेजा गया धमकी भरा मैसेज :** गौरतलब है कि रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को लाल सलाम के साथ धमकी भरा मैसेज भेजा गया है। यह धमकी भरा मैसेज संजय सेठ के मोबाइल नंबर पर आया है।

**सीपी सिंह चिंतित :** रांची के विधायक सीपी सिंह ने कहा, मुझे शनिवार सुबह पता चला कि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री को धमकी भरा संदेश दिया गया है और 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई है। प्रशासन को शेष पेज 11 पर

### पुलिस मामले की जांच कर रही है : संजय सेठ



इस संबंध में मंत्री संजय सेठ ने कहा कि मैंने इस बारे में पुलिस को जानकारी दे दी है। मैं लगातार जनता से बातचीत कर रहा हूं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जनता की सेवा के लिए हमेशा हमें अथक काम करने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि कल उनको जबरन वसूली के संबंध में मैसेज मिला और मैंने झारखंड के डीजीपी को इस बारे में सूचित कर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हाइवा जलाने के मामले में पुलिस ने 6 अपराधियों को किया गिरफ्तार



- देसी कट्टा, गोली, 2 मोटरसाइकिल ओर 6 मोबाइल बरामद

नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस ने मकईयाटांड़ कुशवाही साइडिंग मोड़ पर हाइवा में आग लगाने की घटना के मामले में छह अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह जानकारी शनिवार को जिले के पुलिस कप्तान कुमार गौरव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। पुलिस कप्तान ने बताया कि बालूमाथ एसडीपीओ विनोद रवानी के नेतृत्व में बालूमाथ शेष पेज 11 पर

# आज और कल बारिश की आशंका, 10 से बढ़ेगी ठंड

- न्यूनतम तापमान में 3 से 4 डिग्री तक गिरावट संभव
- कई जिलों में सुबह कोहरा छाया रहेगा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में ठंड का उतार-चढ़ाव बना हुआ है। सुबह और शाम में ठंड का एहसास होने लगा है। राज्य में शनिवार को मौसम साफ रहा। इस दौरान अधिकतम तापमान 25 डिग्री के आसपास रहा जबकि न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रहने की अनुमान है लेकिन रविवार से ठंड बढ़ सकती है। इसकी वजह है कि कई इलाकों में बारिश की संभावना जतायी गयी है।

रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, राज्य के उत्तर-पश्चिमी और इससे सटे कई इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है, जिन इलाकों में बारिश के आसार हैं उनमें पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा और रांची जिला शामिल हैं। नौ दिसंबर को भी हल्की वर्षा की संभावना जतायी गयी है। आने वाले दो से तीन दिनों में मौसम में बदलाव आ सकता है। न्यूनतम तापमान में 3 से 4 डिग्री तक गिरावट दर्ज की जाएगी। कई जिलों में सुबह कोहरा छाया रहेगा।

मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के कारण बारिश की संभावना बन रही है। राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के कुछ हिस्सों पर एक सकुर्लेशन बन रहा है। पश्चिमी विक्षोभ और सकुर्लेशन मिलकर मौसम का मिजाज बदलेगा। देश के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी के साथ बारिश हो सकती है। इस संबंध में रांची मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शनिवार को बताया कि शनिवार से बादल रहने की संभावना है। आठ और नौ दिसंबर को राज्य के कुछ जगहों पर बारिश होने की आशंका है। दस दिसंबर से फिर से आसमान साफ होने का अनुमान है। सुबह में कोहरा रहेगा, जिससे तापमान गिरेगा और फिर से 10 दिसंबर से ठंड और बढ़ेगी।



## निलंबित आईएएस पूजा सिंघल को बड़ी राहत, 28 महीने बाद मिली जमानत

- दो-दो लाख रुपये के निजी मुचलके पर उन्हें जमानत दी गई
- उन्हें अपना पासपोर्ट कोर्ट में जमा करना होगा



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** नये कानून के तहत जेल से रिहा करने के लिए निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की दायर जमानत याचिका पर रांची के धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में शनिवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद पूजा सिंघल को कोर्ट ने राहत देते हुए दो-दो लाख रुपये के निजी मुचलके पर उन्हें जमानत देने का आदेश दिया है। इसके अलावा उन्हें अपना पासपोर्ट कोर्ट में जमा करना होगा। इससे पहले अदालत ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के अधीक्षक को यह बताने का निर्देश दिया था कि पूजा सिंघल कब से जेल में हैं और उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि कितनी हुई है। इसके आलोक में जेल अधीक्षक ने कोर्ट में जवाब दाखिल कर दिया है। पूजा सिंघल लगभग 28 महीनों से जेल में बंद हैं। पूजा सिंघल के अधिवक्ता के अनुसार, नए कानून के तहत किसी मामले में लंबे समय से जेल में बंद आरोपित की न्यायिक हिरासत की अवधि उस मामले में दी जाने वाली सजा की एक तिहाई है तो उसे बेल दी जा सकती है। उन्होंने बताया कि बीएनएस की धारा 479 के तहत कोई आरोपित, जिसका पहला अपराध है और उस धारा में होने वाली अधिकतम सजा का एक तिहाई अंडर ट्रायल में काट चुका है तो वह आरोपित जमानत का हकदार होगा। उल्लेखनीय है कि ईडी ने पांच शेष पेज 11 पर

### राहुल गांधी की व्यक्तिगत पेशी से छूट मामले में अगली सुनवाई नौ को

**रांची।** रांची एमपी-एमएलए के विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की अदालत में राहुल गांधी के व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट मामले में अगली सुनवाई नौ दिसम्बर को होगी। अधिवक्ता विनोद साहू ने बताया कि मामले में शनिवार को किसी कारण वश सुनवाई नहीं हो सकी। मामले में अगली सुनवाई की तिथि नौ दिसम्बर को निर्धारित की गयी है। यह मामला भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह (अभी केंद्रीय गृह मंत्री) के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़ा है। राहुल गांधी इस मामले में व्यक्तिगत पेशी से छूट चाहते हैं। इसको लेकर उनके अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा ने याचिका दाखिल की है। राहुल गांधी को मामले में कोर्ट में पेश होना है। पेशी को लेकर समन जारी है। इस पर शिकायतकर्ता नवीन झा के वकील विनोद साहू ने राहुल गांधी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आग्रह किया था।

## पूर्व मंत्री आलमगीर सहित 12 के खिलाफ आरोप गठित

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** टेंडर कमीशन घोटाला मामले में जेल में बंद झारखंड के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम सहित 12 आरोपितों के खिलाफ आरोप गठित कर दिया गया है। धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने शनिवार को आरोपितों पर आरोप गठित किया। इससे आरोपितों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। मामले के आरोपितों को उनके ऊपर लगे आरोपों के बारे में कोर्ट ने पूछा। इस पर आरोपितों ने कहा कि मामले में वह निर्दोष हैं। इसके बाद अदालत ने आरोप गठित कर दिया। मामले में अब ईडी की ओर से साक्ष्य प्रस्तुत किया जाएगा। आरोप गठन के दौरान ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार काका कोर्ट में मौजूद थे।



उल्लेखनीय है कि टेंडर कमीशन घोटाला मामले को लेकर ईडी ने सबसे पहले 21 फरवरी, 2023 को बड़ी कार्रवाई की थी। निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के रांची जमशेदपुर पटना और दिल्ली सहित कई ठिकाने पर छापेमारी की थी। छापेमारी के बाद वीरेंद्र राम सहित अन्य को ईडी ने गिरफ्तार किया था। ईडी की दूसरी बड़ी कार्रवाई 6 और 7 मई को हुई थी। इसमें कई इंजीनियर, कांट्रेक्टर-ठेकेदार और पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के पीएस के ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी शेष पेज 11 पर

### अधिक संख्या में विद्यार्थियों को होगा लाभ : पीएम मोदी

## केंद्र सरकार देशभर में खोलेगी 85 नए केंद्रीय विद्यालय

- 2025-26 से आठ साल में करीब 5872.08 करोड़ रुपए खर्च होंगे
- 82,560 छात्र लाभान्वित होंगे, 5,388 प्रत्यक्ष स्थायी रोजगार पैदा होंगे



**नई दिल्ली।** केंद्र की मोदी सरकार देशभर में 85 नए केंद्रीय विद्यालय खोलेगी। इससे काफी अधिक संख्या में विद्यार्थियों को लाभ होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे विद्यार्थियों के हित में उठाया गया बड़ा कदम बताया है। देश में केंद्रीय विद्यालय खोलने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, स्कूली शिक्षा को ज्यादा से ज्यादा सुलभ बनाने के लिए हमारी सरकार ने एक और बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत देशभर में 85 नए केंद्रीय विद्यालय खोले जाएंगे। इस कदम से जहां बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को लाभ होगा, वहीं रोजगार के भी बहुत सारे नए अवसर बनेंगे। दरअसल, पीएम मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने देशभर में सिविल/रक्षा क्षेत्र के अंतर्गत 85 नए केन्द्रीय विद्यालय खोलने और एक मौजूदा केवी यानी केवी शिवमोग्गा, जिला शिवमोग्गा, कर्नाटक के विस्तार को मंजूरी दे दी है। इस केन्द्रीय विद्यालय योजना (केंद्रीय क्षेत्र योजना) के अंतर्गत सभी कक्षाओं में दो अतिरिक्त सेक्शन जोड़कर केन्द्र सरकार के कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि की जा सकेगी। 85 नए केन्द्रीय विद्यालयों की स्थापना और केवी शिवमोग्गा के विस्तार के लिए 2025-26 से आठ साल की अवधि में कुल करीब 5872.08 करोड़ रुपए खर्च होंगे। वर्तमान समय में देश में 1,256 केंद्रीय विद्यालय संचालित हैं, जिसमें तीन विदेशी- मास्को, काठमांडू और तेहरान केंद्रीय विद्यालय भी शामिल हैं। इसमें करीब 13.56 लाख छात्र पढ़ते हैं।

**एक विद्यालय में 960 छात्र पढ़ेंगे :** इस योजना के अंतर्गत तैयार होने वाले एक केंद्रीय विद्यालय में करीब 960 छात्र पढ़ेंगे। इस प्रकार 86 केंद्रीय विद्यालयों से करीब 82,560 छात्र लाभान्वित होंगे। पूरी तरह तैयार एक केंद्रीय विद्यालय से करीब 63 व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। वहीं, एक केवी शिवमोग्गा के 33 नए पद जुड़ेंगे। ऐसे में कुल 5,388 प्रत्यक्ष स्थायी रोजगार के अवसर पैदा होंगे। बता दें कि भारत सरकार ने नवंबर 1962 में केन्द्रीय विद्यालयों शेष पेज 11 पर

## जेजेएमपी कमांडर को आजीवन कारावास और 20 हजार का जुर्माना

नवीन मेल संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नलीन कुमार की अदालत ने शनिवार को हत्या करने के आरोप में भंडरिया थाना के लामी निवासी नक्सली संगठन जेजेएमपी कमांडर टुनेश जी उर्फ टुनेश उरांव को आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनायी है। साथ ही अदालत ने 20 हजार का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना नहीं देने पर एक वर्ष का अतिरिक्त सजा काटनी होगी। टुनेश उरांव फिलहाल गढवा मंडल कारा में बंद है। भंडरिया थाना क्षेत्र के टेहरी निवासी चंद्रदेव यादव के बयान पर भंडरिया थाने में 22 दिसंबर 2008 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि 21 दिसंबर 2008 की रात 10 बजे ग्राम बरकोल में रमेश पानिक के घर के पास भाकपा माओवादी संगठन के नक्सलियों के द्वारा अशर्फी यादव, विष्णु पनिक और रमेश पनिक को पकड़ लिए एवं तीनों को उठा कर उनके घर से मारपीट करते हुए बोली रोड़ दीपाटोली की ओर ले जाने लगे। इस दौरान वहां से रमेश पनिक और विष्णु पनिक को मारपीट कर छोड़ दिया तथा अशर्फी यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। अशर्फी यादव की हत्या लेवी के तीन लाख रुपए एवं हथियार लेकर भाग जाने के कारण की गयी थी। इस संबंध में नक्सली शेष पेज 11 पर

### आज | कल




### इंडिया

## खेल के बजाय मोबाइल में गुम बचपन



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

भारत के गांवों के गिल्ली डंडे,झारखंड के जनजातीय गांवों में बांस की जड़ों से बनी हॉकी और देश के शहरों महानगरों में युवा से लेकर बुजुर्गों तक अपने मोहपाश में बांधता चला गया मोबाइल अब बच्चों का बचपन छीन रहा है। ऑस्ट्रेलिया ने 16 साल तक की आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करने पर पाबंदी लगा दी है। इस कानून में प्रावधान किया गया है कि अगर बच्चों ने सोशल मीडिया का उपयोग किया, तो उनके परिजनों पर पांच करोड़ रुपये तक का जुमार्ना लगाया जाएगा। ऑस्ट्रेलिया की सरकार के इस फैसले ने पूरे विश्व में सोशल मीडिया और बच्चों के इस्तेमाल को लेकर चिंता और विचारों की एक बहस छेड़ दी है, जिसमें बच्चों की सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य और डिजिटल स्वतंत्रता जैसे मुद्दे शामिल हैं।कॉमन सेंस मीडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक, दस साल की उम्र में आज 42 प्रतिशत बच्चों के पास स्मार्टफोन हैं। बारह साल की उम्र तक यह आंकड़ा 71 प्रतिशत तक पहुंच जाता है और चौदह की उम्र तक 91 प्रतिशत बच्चों के हाथ में मोबाइल फोन होता है। इस डिजिटल दुनिया ने हमारे युवाओं में चिंता, अवसाद और आत्महत्या जैसी विकृतियों को भर दिया है। 2000 से 2010 तक के दशक की शुरूआत तक, हाई स्पीड इंटरनेट और सोशल मीडिया एप से युक्त स्मार्टफोन हर तरफ फैल गए। भारत भी इसमें अपवाद नहीं है। दुनिया में दूसरे नंबर पर सबसे ज्यादा मोबाइलधारकों वाले देश में बच्चे मोबाइल के साथ क्या कर रहे हैं, इसकी चिंता किसी को नहीं है।

प्रायः घरों में मोबाइल में व्यस्त रहने वाले अभिभावक बच्चों का ध्यान भटकाने के लिए खिलौने या खेल के बजाय फोन पर गाने बजाकर बच्चों को व्यस्त रखते हैं।इससे चलते असली खेल आधारित बचपन का खत्म हो जाना भी एक बड़ा स्वाभाविक कारण है। भारत में यह बदलाव 2000 के दशक से शुरू हुआ, जब अभिभावकों ने अपने बच्चों की किडनैपिंग और अनजान खतरों से बचाने के लिए भय आधारित पैरेंटिंग करना शुरू कर दिया, जिसका परिणाम हुआ कि बच्चों के अपने खेलने का समय घटता चला गया और उनकी गतिविधियों पर माता-पिता का नियंत्रण बढ़ गया। इसका दूसरा बड़ा कारण शहरों में खेल के मैदानों का खत्म हो जाना भी है। अनियोजित शहरीकरण ने बच्चों के खेलने की जगह खत्म कर दी। इसका असर बच्चों के मोबाइल स्क्रीन में खो जाने में हुआ।



आज के बच्चे और उनके माता-पिता एक तरह की सुरक्षा की मुद्रा में फंसे हुए हैं। असल में माता-पिता को अपने बच्चों को वैसी ही परिस्थितियां देनी चाहिए, जैसे एक माली अपने पौधों को स्वाभाविक रूप से बढ़ने और विकसित होने के लिए देता है। लेकिन हम अभिभावक अपने बच्चों को एक बढ़ई की तरह बड़ा कर रहे हैं, जो अपने सांचों को पूरी तरह से अपने नियंत्रण में आकार देता है। स्मार्टफोन और अत्यधिक सुरक्षात्मक पालन-पोषण के इस मिश्रण ने बचपन की संरचना को बदल दिया है और नई मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म दिया है। जिनमें जीवन के प्रति असुरक्षा, कम नींद आना और नशे की लत शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र की शिक्षा, विज्ञान और संस्कृति एजेंसी यूनेस्को ने कहा कि इस बात के प्रमाण मिले हैं कि मोबाइल फोन का अत्यधिक उपयोग शैक्षणिक प्रदर्शन में कमी से जुड़ा है तथा स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताने से बच्चों की भावनात्मक स्थिरता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। यूनेस्को ने अपनी 2023 ग्लोबल एजुकेशन मॉनिटर रिपोर्ट में कहा कि डिजिटल तकनीक ने शिक्षा में स्वाभाविक रूप से मूल्य जोड़ा है, यह प्रदर्शित करने के लिए बहुत कम मजबूत शोध हुए हैं। अधिकांश साक्ष्य निजी शिक्षा कंपनियों द्वारा वित्त पोषित थे, जो डिजिटल शिक्षण उत्पाद बेचने की कोशिश कर रही थीं। इसने कहा कि दुनिया भर में शिक्षा नीति पर उनका बढ़ता प्रभाव 'चिंता का कारण' है। चीन ने डिजिटल? उपकरणों के उपयोग को कुल शिक्षण समय के 30 प्रतिशत तक सीमित कर दिया है।कई अध्ययनों के अनुसार, स्कूल में फोन का उपयोग एकाग्रता कम करता है। फोन फ्री स्कूल आंदोलन की संस्थापक साबिने पोलाक ने सेकेंड 'हैंड स्मोक' टर्म ईजाद की है। जैसे? किसी व्यक्ति के द्वारा छोड़ा गया सिगरेट का धुआं पास खड़े व्यक्ति को नुकसान पहुंचाता है, वैसे ही कक्षा में एक विद्यार्थी द्वारा किया गया फोन का उपयोग दूसरे को प्रभावित करता है। ये उपकरण शिक्षकों के लिए भी तनावपूर्ण हैं। भारत में इस दिशा में अभी तक कोई ठोस पहल न होना चिंता का विषय है।

इसके कई कारण भी हैं, जिसमें तकनीक का अचानक हमारे जीवन में आना और छा जाना भी शामिल है। जहां माता-पिता और उनके बेटे-बेटियां एक साथ मोबाइल फोन चलाना सीख रहे हैं। अपने बच्चों पर नजर रखने के लिए माता-पिता फ्लिप फोन, स्मार्ट वॉच, ट्रैकिंग डिवाइस जैसे उपकरणों की मदद ले सकते हैं। नैतिक शिक्षा जैसे विषयों में फोन और सोशल मीडिया का इस्तेमाल, अपनी निजता कैसे बचाएं, साइबर बुलिंग जैसे विषयों को जोड़ा जाना आवश्यक है। अब बच्चों को जीवन जीने के तौर-तरीके सिखाने के साथ मोबाइल मैनर भी सिखाए जाएं।

## अनियंत्रित हाइवा घर में घुसा, बाल-बाल बचे लोग, कोयला परिवहन का विरोध



- जरी गांव में ट्रेलर हाइवा दुर्घटनाग्रस्त

**बालूमाथ।** जरी ग्राम में शुक्रवार मध्य रात्रि को एक अनियंत्रित ट्रेलर हाइवा घर में घुस गया, जिससे घर में सो रहे लोग बाल-बाल बच गए। ट्रेलर हाइवा बालूमाथ साइडिंग से कोयला अनलोड कर मगध माइंस लौट रहा था, लेकिन जरी ग्राम के पास गाड़ी अनियंत्रित हो गई और अशोक गंझू के घर में घुस गई। चालक नीतेश उरांव गाड़ी में फंस गया, जिसे ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाला। इस घटना के विरोध में स्थानीय ग्रामीणों ने कोयला परिवहन कार्य को जरी ग्राम में रोक दिया और कंपनी से मुआवजे की मांग की। ग्रामीणों का कहना था कि तेज रफ्तार गाड़ियां और उड़ती धूल उनके लिए समस्या बन गई है। स्थानीय पुलिस ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे अपनी मांग पर अड़े रहे। अंततः ट्रांसपोर्टिंग कंपनी और हाइवा मालिक ने पांच लाख रुपये का मुआवजा देने का वादा किया, जिसमें से 2 लाख रुपये तत्काल और 3 लाख रुपये हर महीने किश्तों में देने का आश्वासन दिया। इसके बाद ही परिवहन कार्य सामान्य हो सका। इस दौरान कंपनी ने लिखित बांड भी दिया।

# गरीबों को किसी भी कार्य के लिए ब्लॉक का चक्कर नहीं लगवाएं : विधायक




**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक की। वैसे तो यह बैठक परिचयात्मक था,लेकिन विधायक ने शालीन शब्दों में अधिकारियों कर्मचारियों को कई तरह की नसीहत दी। उन्होंने अधिकारियों कर्मचारियों को ईमानदारी से कार्य करने का शपथ भी दिलवाया। इसके अलावा कई निर्देश भी दिया। विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने कहा कि पहले की तरह अब अटकाओ लटकाओ वाली कार्यप्रणाली नहीं चलेगी। गरीब गुरबों के कार्यों का यथाशीघ्र निष्पादन करें। गरीबों को बेवजह किसी भी कार्य के लिए ब्लॉक का चक्कर नहीं लगवाएं। भ्रष्टाचार पर लगाम लगाएं और ईमानदारी पूर्वक कार्य करें, वरना कार्रवाई के लिए तैयार रहें। मौके पर प्रमुख रंभा कुमारी, सीओ राकेश तिवारी, बीडीओ राजीव कुमार सिंह, सीआई विजय चौबे, राजस्व कर्मचारी अरविंद मिश्रा, राजद जिला महासचिव रमेश चौबे, नगर अध्यक्ष सिराजुद्दीन अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव, किशोर कुमार, महेंद्र यादव, विकाश यादव, निर्मल सिंह, पंकज सिंह, एनामूल उर्फ गुड्डु, जुगुल खान, मुन्ना यादव,संजय उपाधया, डबलू चौबे, अमीन अंसारी सहित सभी प्रखंड व अंचलकर्मी मौजूद थे।

## विधायक ने प्रखंड में विकास व कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की

**नावाबाजार** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक नरेश प्रसाद सिंह शनिवार को नावाबाजार प्रखंड कार्यालय पहुंचे। वहां पदाधिकारी व कर्मियों के साथ औपचारिकता परिचय किया। साथ ही सरकार की विकास योजनाओं सहितक कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि किसी भी हाल में गरीब व्यक्तियों का शोषण व दोहन वह बर्दाश्त नहीं करेंगे। जाति, निवास, आय सहित कई प्रमाण पत्र, वृद्धावस्था, दिव्यांग ओर विधवा पेंशन, सर्वजन पेंशन, मंईयां सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित इस तरह की तमाम योजनाओं व कार्यक्रमों में रिश्वतखोरी वे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। विधायक ने कहा कि झोंपड़ी वाले गरीबों को आवास नहीं मिला व दो मंजिला तीन मंजिला वालों को आवास मिल गया। वह कैसे मिला इसका जवाब चाहिए। कहा कि जमीन पर योजना जब तक दिखेगी नहीं उसमें भुगतान नहीं होनी चाहिए। वहीं गरीब उधार कर्ज लेकर कार्यालय बिना खाए पिए कार्यालय आते है और उनका कोई काम नहीं होता। इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। अधिकारी और कर्मचारी अपनी कार्य पद्धति में बदलाव लाए। क्षेत्र में भ्रमण के क्रम में लोगों से शिकायत मिलता रहा है। मौके पर बीडीओ रेणु बाला, सीओ शैलेश कुमार, राजद जिलाध्यक्ष धनंजय पासवान, पूर्व जिला परिषद सदस्य अनूज राम, राजद प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र चौधरी, राजद युवा अध्यक्ष उपेंद्र यादव, अश्विनी पांडेय, अर्जुन यादव, कुश नाथ दुबे, बीरु दुबे, प्रदीप यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

# आईटीआई के पीछे नाली के गंदे पानी से सड़कों पर जल जमाव



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के नगर पंचायत के वार्ड नंबर तीन के पूर्व पार्षद राजेन्द्र पाल ने वार्ड दो व तीन में आईटीआई के पीछे जर्जर सड़क पर बने गढ्ढे को भरने व कीचड़ की सफाई कराने की मांग पलामू डीसी से की है। उन्होंने बताया कि नाली का पानी जमा होने से राहगीरों को पैदल चलना मुश्किल हो गया है। इस संबंध में ईओ को भी कई बार लिखित रूप में जानकारी दी गई है। इसके बावजूद इसका समाधान नहीं किया गया है। उनका कहना है कि शहरी क्षेत्र केवल नाम का ही रह गया हैं, इसकी स्थिति तो ग्रामीण क्षेत्र से भी बदतर हो गई हैं। उन्होंने बताया किइस क्षेत्रों में साल मे एक बार भी सफाई नहीं होती हैं। परंतु शहरवासियों को टैक्स के नाम पर दोहन व शोषण किया जा रहा है और सुविधाओं की स्थिति बिल्कुल नगण्य हैं।

## महिला ने खाया नशीला पदार्थ, स्थिति गंभीर



**विश्रामपुर।** शनिवार को नशीला पदार्थ खाने से एक 26 वर्षीय विवाहित महिला की स्थिति गंभीर हो गई है। जिसकी पहचान पांडु थाना क्षेत्र अंतर्गत रत्नाक निवासी पूजा देवी के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार पूजा के पति बबलू बाहर मजदूरी का काम करता है। जिससे कि फोन पर कुछ मामूली विवाद हुई और विवाहिता ने नशीला पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे उसके देवर व सास ने आनन फानन में सीएचसी विश्रामपुर में लाकर भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने महिला की बेहद नाजुक स्थिति को देखते हुए,जिला अस्पताल मेदिनीनगर रेफर कर दिया।

# आम राहगीरों से प्रशासन बेखबर, निर्माणाधीन सड़क पर उड़ते धूल से लोग बेचैन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित स्थानीय हाइस्कूल के बायो डीजल पेट्रोल पंप मोड से बाजार क्षेत्र के मरघटिया पथ का जीर्णोद्धार कार्य एक पखवाड़े पूर्व शुरू किया गया। उक्त पथ बड़ा शिवालय, बभंडी, जाह पर, संडेया, बिलासपुर होते जपला मुख्य पथ में सरगाड़ा मोड़ को जोड़ना है। यह लोगों को आवागमन सुलभ कराने के लिए तीन माह पूर्व तत्कालीन विधायक कमलेश सिंह ने विधिवत शिलान्यास भी किया था, किन्तु सड़क निर्माण कार्य सभी मानक की उपेक्षा का संबंधित संवेदक पुरानी जर्जर पथ को उजाड़कर इसी पथ के विभिन्न स्थानों में बने बड़े बड़े गड्ढों में भराई किया है। पथ की समतलीकरण के बाद स्टोन चिप्स के डस्ट इस पथ पर बिछाकर छोड़ दिया गया है। इससे खासकर हाइस्कूल और इससे सटे मीडिल स्कूल के छात्र और छात्राओं को पठान पाठन कार्य के आवागमन में परेशानी ही नहीं हुई है बल्कि मुख्य पथ उड़ते बेतहाशा धूल भी स्कूल परिसर को धूमिल कर रहा है। आसपास के निजी घरों के लोग इस बढ़ते प्रदूषण से परेशान हैं। वर्तमान में आमलोगों को निजी काम से बाजार तक पैदल चलना मुश्किल हो गया है। अव्वल तो यह है कि अब तक एक बार भी प्रदूषण नियंत्रण को लेकर मुख्य पथ पर पानी का छिड़काव तक नहीं किया गया है। स्थिति यह है पैदल राहगीर भी आवागमन सुलभ नहीं कराने के प्रति स्थानीय प्रशासन की लापरवाही और अनदेखी को कोसते नजर आते हैं। ग्रामीणों से संबंधित संवेदक पर लगाम कसने की मांग कर रहे हैं।

## किशोर को महत्वपूर्ण मंत्रालय मिलने से विकास की संभावनाएं बढ़ीः अरविंद

**छतरपुर।** छतरपुर के विधायक राधा कृष्ण किशोर को झारखंड सरकार के महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिमेवारी मिलने से छतरपुर के लोगों में विकास की आस जगी है। ये बातें सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद गुप्ता चुनमून ने कही। उन्होंने कहा कि छतरपुर के विधायक ने छठी बार विधानसभा का प्रतिनिधित्व कर अपनी नेतृत्व शक्ति और विद्वता का पुनः अहसास कराया है। उन्होंने कहा कि किशोर अनुभवी होने के साथ विधायी मामलों के कुशल जानकार हैं। सरकार में महत्वपूर्ण मंत्रालय मिलने से इलाके के लोगों का सपना पूरा होने की उम्मीदें बढ़ी है। उन्होंने कहा कि छतरपुर को जिला बना कर, रोजगार आधारित उद्योगों की स्थापना कर सुखनदिया, बटाने जैसी महत्वकांक्षी सिंचाई परियोनाओं को दुरुस्त कर किसानों के चेहरों पर मुस्कान लाई जा सकती है। विधायक राधा कृष्ण किशोर को मंत्री बनाये जाने पर विनय गुप्ता, सुनील कुमार, फिरदौस आलम, सुनील प्रजापति, परवेज अंसारी, ललन सहित सैकड़ो लोगों ने खुशी जाहिर कर उन्हें शुभकामनाएं दी है।

# लक्ष्य पाने के लिये मोबाइल से दूरी बनाने की जरूरत हैः थाना प्रभारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** मां शिवकुमारी देवी सेवा संस्थान ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री मां बाल विकास विद्यालय की शाखा होलेया रोड,उपरीकला परिसर में शनिवार को कला व विज्ञान प्रदर्शनी सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन हुसैनाबाद महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी व अभिभावकों ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की तस्वीर के समक्ष दीप जलाकर किया। अतिथियों के सम्मान में बच्चों द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से की गयी। अध्यक्षता निदेशक सह प्राचार्य डॉ. जीतेन्द्र प्रसाद ने की। संचालन रविंद्र कुमार व शैलेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। बच्चों द्वारा स्थानीय सोहेया पहाड़ी, अनुमंडलीय अस्पताल, भीम चूल्हा, जपला स्टेशन,भीम बराज, समेत चंद्रयान, सोलर पैनल, वायु प्रदूषण, ज्वालामुखी, वाटर फॉल, स्वच्छता अभियान, इंडिया गेट,डाइजेस्टिव सिस्टम, ताजमहल, रिसाइकिल ऑफ बटरफ्लाई,कंकाल तंत्र, मानव नेत्र आदि समेत कई कलाकृतियों व मॉडल को अभिभावकों ने काफी सराहा। महिला थाना प्रभारी ने एक-एक कलाकृतियों का अवलोकन करते हुए संबंधित प्रश्न पूछे गए। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि सभी बच्चों की प्रस्तुति अच्छी रही। उन्होंने कई प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों को मेडल, प्रतीक, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. आप सबों में असीम शक्ति है। अपनी ऊर्जा को सही दिशा देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर मन लगाकर अध्ययन जरूरी है। आप सबो को मोबाइल से दूरी बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को सही परवरिश देने की अपील की। साथ ही सही सोंच रखते हुए अंधविश्वास जैसे भ्रम से बचने की बात कही। साथ साथ अन्य लोगों को भी जागरूक करने का काम करें। उन्होंने कहा कि सकारात्मक जीवन शैली ही आगे बढ़ाने का काम करता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक धीरेंद्र प्रसाद, एसजे रहमान, रविन्द्र कुमार, जय नारायण सिंह,राहुल कुमार, अमृता कुमारी, सीमा अग्रवाल, संध्या सिंह, काजल सिंह,नीतू कुमारी, आरती सिंह,राहुल गुप्ता, रौशनी तारा, फिजां, विक्रम विशाल,ज्योति कुमारी, रूमी कुमारी सिंह, सानिया,अनिता देवी आदि सक्रिय रहे।

# बाइक से टक्कर के बाद नीचे गिरे मजदूर को हाइवा ने कुचला

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़-डालटनगंज मुख्य मार्ग पर नावाडीह के बगनी झरिया में शनिवार सुबह नौ बजे अज्ञात हाइवा की चपेट में आने से बाइक सवार मजदूर बेड़मा निवासी 30 वर्षीय जाकिर अहमद की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उसका सिर फट गया था। घटना के तुरंत बाद नावाडीह के मुखिया दयानंद प्रसाद द्वारा पुलिस के साथ डेड बॉडी को उठवा देने से परिजन और ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने मुख्य सड़क को जाम कर दिया है। मुखिया से पूछा जा रहा था कि आखिर उन्होंने परिजनों के आने से पहले ही डेड बॉडी को क्यों उठवा दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जाकिर बाइक से डालटनगंज मजदूरी करने के लिए आ रहा था। इस बीच किसी दूसरी बाइक से उसकी बाइक में पहले टक्कर हुई और नियंत्रण खोने से जाकिर गिर गया। पीछे से आ रहे एक हाइवा उसके सिर पर चढ़कर पार हो गया। मृतक के बहनोई शेर मोहम्मद ने कहा कि परिजनों के आने से पहले डेड बॉडी उठाना सही नहीं है। मुखिया ने प्रशासन के साथ मिलकर परिजनों को धोखा दिया। नियमानुसार मुखिया को ग्रामीणों का साथ देना चाहिए, लेकिन उन्होंने पुलिस प्रशासन को सहयोग किया। ग्रामीण अजीमुद्दीन अंसारी ने कहा कि डेढ घंटे तक सड़क जाम किया गया। ग्रामीण और परिजन मुखिया दयानंद प्रसाद से पूछना चाहते हैं कि आखिर उन्होंने ऐसा क्यों किया? मुखिया बताएं कि किस हाइवा की चपेट में आने से जाकिर की मौत हुई। सूचना मिलने पर पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी घटना स्थल पर पहुंच घटना की पूरी जानकारी ली। थाना प्रभारी ने परिजन एवं पूर्व मंत्री की प्रशासनिक पदाधिकारियों से वार्ता करायी।

### फसलों में होने वाली बीमारियों और उपचार के बारे में दी जानकारी

# किसानों को हर संभव मदद किया जायेगाः चतुर्वेदी




**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के बोहीता पंचायत सचिवालय के सभागार में शनिवार को कृषि पशुपालन व सहकारिता विभाग झारखंड सरकार के उद्यान प्रभाग, गुमला द्वारा उद्यान विकास योजना अंतर्गत बागवान, उद्यान मित्रों, कृषको का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को संपन्न हो गया। कार्यक्रम के समापन के मौके पर जिला उद्यान विभाग के पदाधिकारियों ने उद्यान विकास योजना की जानकारी दी और प्रशिक्षण में उपस्थित होकर सभी प्रशिक्षण पाने वाले किसानों से रुबरु होकर प्रशिक्षण में किसान कितने लाभांवित हुए इसकी जानकारी ली। साथ ही कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। उद्यान विभाग द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं से किसानों को अवगत कराया। प्रशिक्षक डॉ मयंक गोस्वामी ने उपस्थित किसानों को विस्तार पूर्वक वैज्ञानिक खेती की जानकारी दी। साथ ही विभिन्न प्रकार के फसलों में होने वाली बीमारियों और उपचार के बारे मे बताया गया। डॉ. विकास चतुर्वेदी ने कॉमर्शियल फसल लगाने पर जो दिया, जिसमे ड्रैगन की खेती करने की किसानों को सलाह दिया। कहा कि किसानों को हर संभव मदद किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन प्रगति एजुकेशनल एकेडमी मांडर, रांची ने किया था। प्रशिक्षण पाने वाले 40 किसानों को प्रमाण पत्र कृषि से संबंधित सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुखिया कलावती देवी,संस्था की सीईओ बबीता कश्यप, प्रशिक्षक डॉ. विकास चतुर्वेदी, मुखिया, सोनाली बागे, मयंक गोस्वामी, लाल बिहारी साव, आदि ने मुख्य भूमिका निभाई।

## बिजली चोरी में 5 पर केस, 62 हजार का जुर्माना लगा

**मोहम्मदगंज।** जपला विद्युत अवर प्रमंडल के सहायक अभियंता रामप्रसाद महतो के नेतृत्व में स्टेशन रोड और भजनियां में बिजली चोरी के विरूद्ध छापेमारी की गई। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि इस छापेमारी में 5 लोगों को पकड़ा गया। सभी के विरूद्ध स्थानीय थाने में केस दर्ज करते हुए कुल मिलाकर 62 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया है। इस अभियान में ऊर्जा मित्र रविशंकर सिंह, विद्युत कर्मी ललितेश्वर मेहता, जितेंद्र ठाकुर और लंकेश कुमार भी शामिल थे। सहायक अभियंता ने कहा कि बिजली चोरी के विरूद्ध आगे भी अभियान चलाया जाएगा। छापेमारी से चोरी से बिजली ऊर्जा का दुरुपयोग करने वालों में हड़कंप मच गया है।

# पर्यटक स्थल भीम चूल्हा में शुरू हुआ सैलानियों का दस्तक

## सुहावने सर्द मौसम का उठा रहे लुत्फ

**शंभू चौरसिया**

**मोहम्मदगंज।** पर्यटक स्थल भीम चूल्हा में आशिंक रूप में सैलानियों ने दस्तक दे दी है। पर्यटक स्थल के प्रहरी और गाइड गंगा तिवारी ने इससे संबंधित फोटो शेयर करते हुए बताया कि पहले साल के अंतिम और नये साल की शुरूआत में ही यहां सैलानियों का जमावड़ा लगता था। मगर जब से महाभारत काल की किंवदंतियों पर स्थापित ऐतिहासिक भीम चूल्हा को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया गया है, तब से दिसंबर माह के प्रारंभ के साथ सुहावने सर्द मौसम का लुत्फ उठाने को लेकर छिटपुट रूप में सैलानियों का जत्था दस्तक देने लगा है। उन्होंने बताया कि पार्क में भ्रमण, वाच टावर से भीमबराज के विहंगम नजारे, आसपास के प्राकृतिक सौंदर्य और प्रवासी पक्षियों कलरव व अठखेलियां सैलानियों के खुब मन भाते हैं। उन्होंने बताया कि सैलानी भगवान शिव के साथ ही भीमबली के मंदिरों और पातालपुरी में पूजा-अर्चना और मत्था टेकने के साथ ही माता कुंती और पांच पांडवों की आदमकद प्रतिमा का भी दर्शन करते हैं।

### भीम चूल्हा के अलावा हैं अन्य कई और आकर्षक स्थल हैं



गंगा तिवारी ने बताया कि भीमचूल्हा के अलावा आस पास में अन्य कई आकर्षक स्थल हैं, जो सैलानियों के आकर्षण का केंद्र हैं। उन्होंने बताया कि काशीस्रोत डैम, सीताचुआं, लकड़ही पहाड़ी पर अवस्थित दो छोटे पत्थरों पर टिका आकर्षक विशालकाय चट्टान, भौंराहा पर्वत श्रृंखला के मध्य बना पर्वतीय निरीक्षण भवन (अब खंडहर), कोयल-काशीस्रोत संगम स्थल सहित अन्य कई ऐसे ही स्थलों पर चालू माह के अंतिम समय और नव वर्ष पर बड़े पैमाने पर बाहर से आए सैलानियों का जमावड़ा लगा रहता है। उन्होंने कहा कि भीम चूल्हा का ऐतिहासिक महत्व काफी पहले से था। इसी महत्व के कारण दशकों पूर्व से मकर संक्रांति पर मेला लगता आया है। बुजुर्ग बताते हैं कि मकर संक्रांति पर मेला के प्रारंभिक चरण में इलाहाबाद (प्रयागराज) से नगा साधुओं की टोली भी सालों तक हाथी लिए आती रही थी, जो लोगों के लिए कौतूहल, आस्था और आकर्षण का केंद्र बनते रहे थे। इस तरह मकर संक्रांति का मेला दूर-दूर तक ख्याति प्राप्त हो गया। अब सावन की सोमवारी, कार्तिक पूर्णिमा और हर पर्व और मांगलिक मौके पर लोगों का आगमन व भ्रमण यहां होने लगा है।

### भीम चूल्हा को लेकर प्रचलित किंवदंतियां

प्रचलित किंवदंतियों के अनुसार बताया जाता है कि अज्ञातवास के दौरान पांडवों ने यहां भी समय व्यतीत किया था। वहां तीन विशालकाय शिलाखंडों को एकत्रित कर चूल्हा बनाया गया था। कहा जाता है कि ऐसा करना भीम जैसे बलिष्ठ से ही संभव हो सकता था। इसी कारण इस स्थल की भीम चूल्हा के रूप में ख्याति मिली है। इन तीनों शिलाखंडों पर कड़ाही का प्रतिरूप स्थापित कर इनके भीम चूल्हा होने का प्रमाण साबित किया गया है। आसपास के गांवों, पहाड़ों के नाम और पत्थरों पर खुदे पद चिन्हों से इस किंवदंती की सत्यता को प्रमाणित करने का आधार मिला है।

**जय किसान**

## मिट्टी जांच में भेजे गए 116 नमूने

# 100 किसानों में बांटे गए चना व मसूर के बीज



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** कृषि विभाग और आत्मा के अधिकारी कृषि और किसानों के विकास को लेकर एक्टिव मोड में आ गए हैं। प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी नौशाद आलम और बीटीएम प्रशांत तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय मृदा दिवस पर अलग-अलग स्थानों से जांच के लिए नमूने लिए गए थे। आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद मृदा की जांच के लिए 116 नमूने कृषि विभाग की प्रयोगशाला को भेज दी गई है। उन्होंने बताया कि जांच के बाद मिट्टी में पोषक तत्वों की कमी की जानकारी किसानों को दी जाएगी। जिससे वे रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक 16 तत्वों को खेत में डालते हुए मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बढाने के साथ ही सफलतापूर्वक अच्छी उपज तैयार कर सकते हैं। इसे लेकर किसानों को स्वायल हेल्थ कार्ड दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्यक्षण के लिए लटपौरी और गोड़ाडीह के 100 किसानों के बीच चना और मसूर के बीजों का भी वितरण किया गया है। कीटनाशक दवाएं भी उपलब्ध कराने का काम किया गया है। इसके साथ ही दवाओं के प्रयोग करने और फसलों के उत्पादन बढाने के तरीके भी बताए गए हैं। उन्होंने बताया कि सरकार की योजनाओं के तहत कृषि के साधन और उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध कराते हुए किसानों की आमदनी बढ़ाने को लेकर प्रयास किया जा रहा है। दलहनी बीजों का वितरण सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह, मुखिया उमेश राम और समाजसेवी उदय कुमार सिंह की मौजूदगी में किया गया। उन्होंने कहा कि किसान कृषि विकास संबंधित जानकारी के लिए कार्यालय अवधि में इनसे संपर्क कर सकते हैं।

# हैदरनगर श्री राम जानकी मंदिर में श्री राम विवाह महोत्सव का रहा धूम और उत्साह

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** चौक बाजार स्थित श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण में तीन दिवसीय श्री राम विवाह महोत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ। पंडित जयप्रकाश स्वामी जी महाराज के तत्वावधान में आयोजित महोत्सव के पहले दिन 24 घंटे के अखंड रामचरित मानस पाठ का आयोजन किया गया। विद्वान आचार्यों ने विधिवत बेदी पूजन कर पाठ की शुरूआत की। जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। चारों ओर लाउडस्पीकर से श्री राम के भजनों की गूंज उभरती रही। गुरुवार को रामचार्य पूजन, हल्दी, पवित्रोत्सव, श्रृंगार और मंडप पूजन का आयोजन किया गया। वहीं श्री राम और माता सीता का शुभ विवाह को विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार व संगीतमय प्रसंग के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मंदिर और मंडप को रंग बिरंगी फूलों और लाइटों से सजाया गया। राम - सीता के विवाहोत्सव को लेकर सुबह से ही हैदरनगर में मंगल गीत शुरू हो गया। इस आयोजन के मुख्य यजमान सपत्नीक कामता दुबे और धनंजय सिंह ने रस्म अदा की। श्री राम विवाह महोत्सव जगतगुरु निर्मल स्वामी जी महाराज की संगीतमय धुनों ने भक्ति का माहौल बना दिया। उन्होंने जैसे जादू है उनकी नजरिया में कोई आया सखी फुलवरिया में ....., देख कर जब जनक नंदनी जैसी भजनों से सभी झूमने पर विवश कर दिया । जयप्रकाश स्वामी जी महाराज ने बताया कि यह श्री राम विवाह महोत्सव मार्ग शीर्ष शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि पर आयोजित करने की परंपरा है और यह उत्सव वर्षों से सफलता पूर्वक मनाया जा रहा है। कार्यक्रम की भव्यता को देखते हुए काशी और वाराणसी से विद्वान आचार्य पंडित मुरली मनोहर जोशी, मुकेश पांडेय, वेद प्रकाश पांडेय और सूरज जी को आमंत्रित किया गया है। इस महोत्सव में हैदरनगर बाजार सहित क्षेत्र के अन्य गांवों के श्रद्धालु हर साल बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालुओं का योगदान मिलता रहा है। इस महोत्सव को सफल बनाने में कृष्णा लाल अग्रवाल, पिंटू सोनी, अर्चित अग्रवाल, डॉ अजय जयसवाल, मोहन अग्रवाल आदि की मुख्य भूमिका रही है।

## तापमान में गिरावट से बढ़ी ठंड, जनजीवन प्रभावित



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शनिवार को न्यूनतम तापमान में गिरावट के कारण क्षेत्र में ठंड और कनकनी ने लोगों की दिनचर्या पर असर डाला। सर्द हवाओं के चलते जनजीवन प्रभावित रहा, और लोगों को गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा।

पिछले रविवार को अधिकतम तापमान 27.4° और न्यूनतम 13.8ट था। हालांकि, बीते दिनों अधिकतम तापमान में विशेष गिरावट नहीं हुई है, लेकिन न्यूनतम तापमान लगातार कम हो रहा है। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 11.9° दर्ज किया गया था, जो शनिवार को गिरकर 10.2° पर आ गया। यह इस सर्दी का अब तक का सबसे कम न्यूनतम तापमान है। ठंड के बढ़ने से देर शाम और रात के समय सड़कों पर सन्नाटा देखा गया। जरूरी काम होने पर ही लोग बाहर निकल रहे हैं और गर्म कपड़े पहनना अनिवार्य हो गया है।

मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट होने की संभावना है। ठिठुरन में बढ़ोतरी के चलते स्थानीय प्रशासन को अलाव जलाने और जरूरतमंदों में कंबल वितरण जैसे कदम उठाने की आवश्यकता हो सकती है।

ठंड का यह असर ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में महसूस किया जा रहा है, जिससे जनजीवन सामान्य से धीमा हो गया है।

# पलामू: स्कूली छात्रों को साइकिल वितरण में देरी से बढ़ रहा है संतोष

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में सरकारी स्कूलों के छात्रों को साइकिल वितरण में अब तक कोई प्रगति नहीं हो पाई है, जिससे छात्रों को स्कूल आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है। हर साल कल्याण विभाग की ओर से सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों को साइकिल दी जाती है, ताकि उन्हें स्कूल आने में दिक्कत न हो।



इस वर्ष, 2024-25 के लिए कल्याण विभाग को कुल 28,390 साइकिल मिली हैं, जिन्हें विभिन्न ब्लॉकों में वितरण के लिए भेजा जाना था। हालांकि, अब तक कोई वितरण नहीं हुआ है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ब्लॉक से सूची मिलने में देरी और कंपनी द्वारा साइकिलों की आपूर्ति में समय पर नहीं किया जाना इसकी प्रमुख वजह रही है। इसके अतिरिक्त, इस वर्ष झारखंड विधानसभा चुनाव के कारण भी वितरण में देरी हुई है।

साइकिलों का वितरण प्रत्येक ब्लॉक में नोडल अधिकारी द्वारा किया जाता है, और इन्हें चोरी या खराब होने से बचाने के लिए सुरक्षित स्थानों पर रखा जाता है। पलामू जिले में विभिन्न ब्लॉकों में कुल 28,390 साइकिलों की जरूरत है, जिनमें से किसी भी ब्लॉक में अभी तक साइकिल नहीं मिली है। बिश्रामपुर में 1225, चैनपुर में 2609, छतरपुर में 3181, सदर मेदिनीनगर में 1386 और अन्य ब्लॉकों में भी यही स्थिति है।

साइकिल वितरण प्रक्रिया 2-3 दिनों में शुरू हो जाएगी, और जनवरी तक सभी छात्रों को साइकिल वितरित कर दी जाएगी। फिलहाल, मेदिनीनगर नगर स्थित जिला स्कूल के मैदान में ये साइकिल रखी गई हैं, लेकिन खुले में रखे जाने के कारण उनमें जंग लगने और ट्यूब टायर के खराब होने की समस्या पैदा हो रही है।

## वाहन चेकिंग के दौरान 30,500 रुपये फाइन की वसूली

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में शनिवार को मेदिनीनगर में सदीक चौक और कोयल नदी पुल पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान चार पहिया और दोपहिया वाहनों की गहनता से जांच की गई। कई वाहन चालकों को बगैर हेलमेट, बिना लाइसेंस, और ट्रिपल लोड वाहन चलाते पकड़ा गया। अभियान में 16 दोपहिया वाहनों और एक ई रिक्शा की जांच की गई, जिनका वाहन जब्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षा के लिए रखा गया। इन वाहनों से कुल 30,500 रुपये का फाइन वसूला गया। इनमें से 16 मोटरसाइकिलों को चालन के लिए व्यवहार न्यायालय पलामू भेजा गया। ई रिक्शा और टेंपो के चालकों को भी चेतावनी दी गई कि वे केवल निर्धारित रूट पर ही वाहन चलाएं और ड्राइविंग लाइसेंस लेकर ही वाहन चलाएं, अन्यथा भविष्य में फाइन लगाया जाएगा।



ई रिक्शा से 2,500 रुपये और आठ मोटरसाइकिलों से 28,000 रुपये का फाइन वसूला गया। ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने बताया कि यह वाहन जांच अभियान अब प्रतिदिन शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर चलाया जाएगा। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे वाहन चलाते समय अपने वाहन के कागजात हमेशा अपने साथ रखें।

## उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए : जीएम

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड की समीक्षा बैठक आज मेदिनी नगर में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता जीएम सुनील कुमार ने की। इसमें टॉप मैनेजमेंट और एजेंसीके लोकल प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में बिजली विभाग से संबंधित विभिन्न समस्याओं और उनके समाधान पर विचार-विमर्श किया गया।जीएम सुनील कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा करें और किसी भी तरह की लापरवाही से बचें। उन्होंने कहा कि हर काम लक्ष्य निर्धारित कर और उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए। उन्होंने उपभोक्ताओं को बिना किसी बाधा के बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास करने पर जोर दिया।

बैठक में बिजली विभाग की कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। इनमें ट्रांसफार्मरों की स्थिति को बेहतर बनाना, मीटर की अद्यतन स्थिति सुनिश्चित करना, और मासिक मीटर रीडिंग को नियमित करने के निर्देश शामिल थे। जीएम सुनील कुमार ने कहा कि उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए। उन्होंने विभाग को निर्देश दिया कि शिकायतों का निवारण शीघ्रता से किया जाए ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

इस बैठक में अधिकारियों ने विभागीय कार्यों की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की। साथ ही, उपभोक्ताओं को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नए उपायों पर चर्चा की गई। बैठक का उद्देश्य विभागीय कार्यों को सुचारू बनाना और उपभोक्ताओं की समस्याओं को कम करना था। जीएम सुनील कुमार ने अंत में अधिकारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि विभाग की कार्यशैली में सुधार से ही उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ाया जा सकता है।

## आयुष अस्पताल में चिकित्सकों व दवाओं की कमी, मरीज परेशान

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर स्थित आयुष अस्पताल, जहां आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी चिकित्सा पद्धतियों का इलाज किया जाता है। यहां चिकित्सकों की कमी के कारण मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विडंबना यह है कि अस्पताल के यूनानी विभाग में कोई चिकित्सक नहीं है, जबकि आयुर्वेद और होम्योपैथी विभाग में केवल एक-एक चिकित्सक कार्यरत हैं।



इससे मरीजों को इलाज के लिए विकल्पों की कमी हो रही है। कई बार मरीजों को आयुर्वेदिक इलाज के लिए आने के बावजूद चिकित्सक की अनुपस्थिति के कारण होम्योपैथी विभाग में इलाज करवाना पड़ता है। अस्पताल में प्रतिदिन लगभग 60 से 70 मरीज इलाज के लिए आते हैं, लेकिन सुविधाओं की कमी के कारण उन्हें बाहर से दवाएं खरीदनी पड़ती हैं। अस्पताल में दवाओं की पर्याप्त आपूर्ति नहीं है, और मरीजों को बाहर के दवाखानों से दवाएं खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ता है। अस्पताल में बीते तीन महीनों में मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी देखी गई है। सितंबर में 753, अक्टूबर में 848 और नवंबर में 885 मरीज इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे हैं। इस बढ़ती संख्या के बावजूद अस्पताल में चिकित्सकों की संख्या बढ़ाई नहीं गई है। अस्पताल में केवल बीपी और शुगर की जांच की सुविधा उपलब्ध है, जबकि अन्य आवश्यक परीक्षणों की सुविधा नहीं है। आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी, डॉ. स्नेह लता ने बताया कि होम्योपैथी विभाग में हर दिन करीब 20 से 30 मरीज आते हैं, और उनके लिए पांच स्टाफ काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल दवाएं बाहर से मंगवाई जा रही हैं, लेकिन कुछ दिनों में अस्पताल में दवाएं उपलब्ध हो जाएंगी। मरीजों और उनके परिजनों ने अस्पताल में आवश्यक सुविधाओं के विस्तार की मांग की है, ताकि उन्हें बेहतर चिकित्सा सेवाएं मिल सकें।

## जिला परिषद बोर्ड की बैठक में महत्वपूर्ण फैसले

**मेदिनीनगर।** शनिवार को जिला परिषद बोर्ड की बैठक समाहरणालय के ब्लॉक सी सभागार में जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी शब्बीर अहमद ने डीआरडीए के जिला परिषद में विलय की घोषणा की। उन्होंने बताया कि 10 जून 2024 को जारी सरकार के संकल्प संख्या 2078 के आधार पर यह निर्णय लिया गया। डीआरडीए के 24 कर्मी अब जिला परिषद में समाहित होंगे। बैठक में राजस्व संग्रहण को तेज करने के लिए बकायेदारों को एक सप्ताह के भीतर बकाया किराया जमा करने का निर्देश दिया गया। समय पर भुगतान न होने पर सूद सहित वसूली की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके अलावा, 15वें वित्त आयोग मद से वार्षिक कार्य योजना 2024-25 को मंजूरी दी गई।

## पलामू बार एसोसिएशन के सचिव ने वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से की मुलाकात, विकास की उम्मीदें जताईं

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार के नवनियुक्त वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से पलामू जिला बार एसोसिएशन के सचिव अजय कुमार पांडे ने मुलाकात की और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने झारखंड राज्य के चौतरफा विकास की उम्मीद जताई।



अजय कुमार पांडे ने कहा कि कई वर्षों के बाद पलामू जिले से किसी मंत्री को यह महत्वपूर्ण पद मिला है, जो जिलेवासियों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर अपने अनुभव और ऊर्जा का उपयोग कर पलामू जिले के साथ-साथ पूरे झारखंड के आर्थिक और सामाजिक विकास को गति देंगे। उन्होंने कहा, 'झारखंड के नागरिकों को वित्त मंत्री से बहुत अपेक्षाएं हैं। हमें पूरा विश्वास है कि वे जनाकांक्षाओं पर खरा उतरेंगे और राज्य को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे।' सचिव ने पलामू जिले के लंबित विकास कार्यों और संसाधनों की कमी का भी जिक्र किया, और आशा जताई कि वित्त मंत्री क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने झारखंड के समग्र विकास में राधाकृष्ण किशोर के योगदान को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह राज्य के लिए एक नई दिशा स्थापित करेगा।

## वेंडर जोन के निर्माण के लिए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई, कई अस्थाई आवास ध्वस्त

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कांग्रेस भवन के पास वेंडर जोन निर्माण के लिए नगर निगम ने शनिवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। इस दौरान चार अस्थाई आवासों को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया, जिनमें नगर निगम के सफाई कर्मियों के पुराने आवास भी शामिल थे। अतिक्रमण हटाने की इस प्रक्रिया में सफाई कर्मी रामस्वरूप राम, सागर कुमार और अन्य दो लोगों के घरों को गिरा दिया गया। जानकारी के अनुसार, ये घर कई साल पहले बनाए गए थे। निगम ने पहले ही घर खाली करने और सामान हटाने का नोटिस जारी किया था।



**वेंडर जोन की विशेषताएं :** निगम द्वारा फुटपाथ विक्रेताओं के लिए वेंडर जोन के निर्माण की योजना के तहत कांग्रेस भवन के बगल में टेबल ब्लॉक, बिजली की सुविधा, और 100 विक्रेताओं के लिए व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा वेंडर जोन में अलग-अलग रेस्ट रूम भी बनाए जाएंगे।

**प्रभावितों की आपत्ति :** कार्रवाई के दौरान प्रभावितों ने निगम से कुछ समय की मोहलत मांगी, लेकिन इसे अनसुना कर दिया गया। भुक्तभोगियों ने आरोप लगाया कि निगम ने उन्हें कोई वैकल्पिक आवास उपलब्ध नहीं कराया।

**निगम का पक्ष :** सिटी मैनेजर अनुराग कुमार ने बताया कि प्रभावितों को हाउसिंग कॉलोनी के सामुदायिक भवन में अस्थाई रूप से रहने की अनुमति दी गई है।

अतिक्रमण हटाने की इस प्रक्रिया में सिटी मिशन मैनेजर सतीश कुमार, शाहिद हसन, राजन सिंह, सीरम खान, संजय राम और शहर थाना की पुलिस मौजूद रही।

## बाईपास रोड में डीआईजी आवास के सामने सड़क पर वाहन पार्क करने की वजह से लग रहा जाम

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर। नगर** निगम क्षेत्र में दिन प्रतिदिन जाम की स्थिति और भी विकराल होती जा रही है, जिससे आम जनमानस को रोज परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गुरुवार को बायपास रोड स्थित रिलायंस स्मार्ट बाजार के सामने एक कार के सड़क पर खड़ी होने के कारण घंटों तक जाम की स्थिति बनी रही। इस जाम के कारण दोनों दिशा में भारी वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। स्थिति तब और बिगड़ी जब वाहन चालक मौके पर नहीं पहुंचे, जिससे जाम और अधिक बढ़ता गया।



स्मार्ट बाजार में दिनभर सैकड़ों लोग खरीदारी के लिए पहुंचते हैं। पार्किंग की कमी के कारण दुकानदारों और ग्राहकों द्वारा अपनी गाड़ियों को सड़क किनारे बेतरतीब तरीके से खड़ा कर दिया जाता है, जिससे प्रतिदिन जाम की समस्या उत्पन्न होती है। इसके अलावा, पास के अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के सामने भी वाहन खड़े किए जाते हैं। गुरुवार को एक निजी स्कूल का वैन चालक भी सड़क पर वाहन खड़ा करके कहीं चला गया, जिससे स्थिति और भी गंभीर हो गई।

बाईपास रोड पर भारी वाहनों का भी आवागमन होता है, जिससे जाम लगने पर स्थिति और अधिक खराब हो जाती है। इस क्षेत्र में एसपी और डीआईजी का आवास होने के बावजूद लोग सड़क पर वाहनों को पार्क करने से बाज नहीं आते। प्रशासन को चाहिए कि इस स्थान पर ट्रैफिक पुलिस का तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि जाम की समस्या से निजात मिल सके और वाहन चालकों को भी असुविधा का सामना न करना पड़े।

### क्षेत्र की बढ़ती आबादी और पेयजल समस्या बनी चुनौती

# वार्ड नंबर 3 : विकास के बीच पेयजल संकट बना सबसे बड़ी समस्या

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम के वार्ड संख्या 3 में विकास कार्यों के बावजूद पेयजल संकट ने जनजीवन को प्रभावित किया है। 2017 में परिसीमन के तहत गठित इस वार्ड में सूदना, निमिया और बैरिया हाउसिंग कॉलोनी के कुछ हिस्से शामिल हैं। पिछले कुछ वर्षों में यहां आबादी और बुनियादी संरचनाओं में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। क्षेत्र में कई मैरिज हॉल, रेस्टोरेंट, विद्यालय, और सदर थाना जैसे महत्वपूर्ण संस्थान हैं। हालांकि, बढ़ती आबादी और निर्माण कार्यों के साथ ही पानी की समस्या विकराल हो गई है। यह वार्ड शहर के सबसे बड़े ड्राई जोन में गिना जाता है। गर्मियों के चार महीने यहां पानी के लिए हाहाकार मच जाता है। निगम द्वारा टैंकरों के माध्यम से राहत पहुंचाई जाती है, लेकिन स्थायी समाधान अब तक नहीं हो सका है। हाउसिंग कॉलोनी मैदान में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिससे वार्डवासियों को दूसरे फेज में राहत मिलने की उम्मीद है।



### सुविधाएं और समस्याएं

वार्ड में पीसीसी और फेवर ब्लॉक सड़कों का निर्माण हुआ है, जिससे आवागमन में सुविधा हुई है। हालांकि, नालियों का अभाव बड़ी समस्या है। वार्ड के कई हिस्सों में नाली की कोई व्यवस्था नहीं है।

वार्ड संख्या 3 के नागरिक अब निगम और जनप्रतिनिधियों से उम्मीद कर रहे हैं कि पेयजल संकट सहित अन्य लंबित समस्याओं का समाधान जल्द किया जाएगा।

### वार्ड नंबर 3 के जनता की राय






छोटकी बैरिया निवासी नरेश भुइयां ने बताया कि उन्हें पीएम आवास योजना का लाभ मिला है, लेकिन पेंशन योजना के लिए पार्षद से संपर्क करने के बावजूद कोई मदद नहीं मिली। छात्र किसलय उपाध्याय ने कहा कि पिछले 15 वर्षों में क्षेत्र में सड़कों का निर्माण हुआ है, लेकिन पानी की समस्या जस की तस बनी हुई है।

युवा रितेश कुमार ने पेयजल के साथ-साथ पांच वर्षों से निमार्णाधीन शमशान घाट की देरी पर नाराजगी जताई। दुकानदार राजेंद्र गुप्ता ने आरोप लगाया कि पानी की समस्या के लिए निगम के साथ-साथ स्थानीय लोग भी जिम्मेदार हैं। उन्होंने बताया कि जब कभी पेयजल आपूर्ति का काम शुरू होता है, तो स्थानीय लोग विरोध करने लगते हैं।



*निवर्तमान वार्ड पार्षद शकुंतला देवी ने कहा कि अपने कार्यकाल में उन्होंने 500 से अधिक आवासों का निर्माण कराया और गर्मियों में 19 टैंकर पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की। उन्होंने दावा किया कि अगर उन्हें दोबारा मौका मिलता है, तो पेयजल संकट के समाधान को प्राथमिकता दी जाएगी।*

### पेयजल समस्या के समाधान के लिए योजना फेज टू की शुरूआत

वार्ड तीन में पेयजल आपूर्ति की स्थिति को लेकर जानकारी देते हुए सिटी मैनेजर दिलीप कुमार ने बताया कि पेयजल आपूर्ति योजना फेज टू के तहत निमिया ग्रामीण जलापूर्ति योजना की शुरूआत की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत दो जल मीनारों का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है, जिससे बैरिया, निमिया और सूदना क्षेत्र में पेयजल की समस्या का समाधान किया जा सकेगा। यह परियोजना क्षेत्रवासियों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी और उन्हें पानी की किल्लत से राहत मिलेगी।

## गुरुकुल विद्यालय में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पाटन मोड़ स्थित गुरुकुल विद्यालय में 5 से 7 दिसंबर 2024 तक तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के तीन हाउस - गरिमा, गर्व, और गौरव हाउस के लगभग 400 छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता की शुरूआत शानदार मार्च पास्ट से हुई, जिसका नेतृत्व हाउस कप्तानों और प्रधानाध्यापिका ने किया।

कबड्डी, खो-खो, 100 मीटर दौड़, और कुर्सी दौड़ जैसे खेलों में गौरव हाउस ने 19 मेडल जीतकर पहला स्थान प्राप्त किया। गरिमा हाउस ने 11 मेडल के साथ दूसरा और गर्व हाउस ने 9 मेडल जीतकर तीसरा स्थान हासिल किया। विजेता गौरव हाउस के कप्तान को ट्रॉफी प्रदान की गई।

मुख्य अतिथि पलामू जिला के सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार सिंह ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि मेहनत से सफलता जरूर मिलती है। गिरवर स्कूल के प्रधानाचार्य नीरज द्विवेदी ने खेलों को मानसिक तनाव दूर करने का माध्यम बताया। गुरुकुल ट्रस्ट के अध्यक्ष अनुज सिंह ने टीम वर्क की सराहना की।

कार्यक्रम में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और स्टाफ ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस आयोजन ने बच्चों में आत्मविश्वास और अनुशासन की भावना विकसित की।

# सहायक अभियंता ने पांच पर दर्ज करायी प्राथमिक

## सरकारी कार्यों में बाधा डालने का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चिनियां प्रखंड के नरेगा के सहायक अभियंता लालदीप सिंह ने लिखित आवेदन देकर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने तथा मारपीट करने व दबाव देकर कार्य कराने का प्राथमिक दर्ज कराई है। लिखित आवेदन में चिनीयां प्रखंड के सहायक अभियंता ने कहा है कि 3 दिसंबर को वह अपने कार्यालय कक्ष में कार्य कर रहे थे। इस दौरान अचानक कक्ष में अभिमन्यु गुप्ता, अरुण सिंह, धनवंत विश्वकमा, सत्यम गुप्ता, रामसेवक गुप्ता सभी डोल गांव निवासी कक्ष में घुसकर अंदर से बंद कर उनके साथ गाली गलौज व अपमानजनक भाषा का प्रयोग करते हुए धमकी देने लगे। उसके बाद अरुण सिंह ने गाली देते हुए मेरे सिर पर मुक्का चलाया। वे अपने बचाव के लिए बाहर निकलने का प्रयास किए, लेकिन सभी लोग उन्हें खींचते हुए पकड़ कर बैठा दिया। उसके बाद रंगबाजी दिखाते हुए दुर्व्यवहार किया। सभी ने सरकारी कार्यो में बाधा डाला। पांचों ने बोला कि आने वाले सभी कार्य में एक फोन पर काम होना चाहिए। दोबारा अगर कार्य नहीं किया तो अंजाम बुरा होगा। इस मामले में थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि थाना को आवेदन प्राप्त हो गया है। प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। म कार्रवाई की जा रही है।

## अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त, दो चालक गिरफ्तार

**भवनाथपुर।** थाना प्रभारी रजनी रंजन के नेतृत्व में पुलिस बल के जवानों ने गुप्त सूचना पर शनिवार सुबह अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर को कैलान के मंगरदह गांव के समीप जब्त दोनों वाहन चालकों को गिरफ्तार कर लिया। अवैध बालू लदे उक्त दोनों ट्रैक्टर और मालिक के विरुद्ध कार्रवाई के लिए खनन विभाग गढ़वा को पत्राचार किया गया है। थाना प्रभारी रंजनी रंजन ने बताया कि शनिवार को गुप्त सूचना मिली कि बरडीहा की ओर से अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर कैलान की ओर आ रही है। सूचना के आलोक में सशत्र बल के साथ कैलान के मंगरदह के पास दो बालू लदे ट्रैक्टर को पकड़ा गया। मझिआंव बूढ़ीखांड नदी से अवैध तरीके से बालू लदे ट्रैक्टर का परिचालन चोरी छिपे बरडीहा के रास्ते कैलान और भवनाथपुर में लाकर ऊंची कीमत पर बेचे जाने का मामला लगातार पुलिस प्रशासन को मिल रही थी।

# प्रोजेक्ट रेल परीक्षा विद्यालयों में आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** झारखंड काउंसिल फॉर एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (जेसीआरटी), रांची द्वारा आयोजित प्रोजेक्ट रेल परीक्षा शनिवार को खरौंधी प्रखंड के सभी विद्यालयों में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस परीक्षा में कक्षा 1 से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।बीपीएम नवीन प्रकाश ने बताया कि इस परीक्षा का उद्देश्य छात्रों की बौद्धिक क्षमता का विकास और शिक्षा के स्तर में सुधार लाना है। परीक्षा में गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, अंग्रेजी, भाषाओं और सामान्य ज्ञान जैसे विषयों पर आधारित प्रश्न पूछे गए। नवीन प्रकाश ने कहा कि ऐसी परीक्षाएं बच्चों के मानसिक विकास में सहायक होती हैं और उन्हें अपने ज्ञान का आकलन करने का अवसर देती हैं।परीक्षा को लेकर छात्रों और शिक्षकों के बीच उत्साह देखने को मिला।



शिक्षकों का मानना है कि इस पहल से विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। नवीन प्रकाश ने बताया कि परीक्षा परिणामों के आधार पर मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जाएगा, जिससे उनकी मेहनत को प्रोत्साहन मिलेगा।इस परीक्षा का आयोजन प्रत्येक सप्ताह किया जाएगा। इसके साथ ही परीक्षा से संबंधित सभी जानकारी और गूगल लिंक भरने का निर्देश प्रधानाध्यापकों को दिया गया है। अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना की और उम्मीद जताई कि इस प्रकार की परीक्षाएं आगे भी जारी रहेंगी, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आएंगे।

# हाथियों के आतंक से परेशान भुक्तभोगी परिवार प्रखंड कार्यालय में धरना पर बैठा

**चिनियां।** थाना क्षेत्र के बिलैतीखैर गांव में बीती रात्रि 9 बजे हाथियों के आतंक से आजीज होकर पूरे परिवार के साथ बिलैतीखैर गांव निवासी नंदलाल पाल मुखलाल पाल के दोनों पत्नी रीमा देवी संगीता देवी



बच्चे आरती कुमारी अंजू कुमारी जयंती कुमारी कल्पना कुमारी कुंदन पाल अंकित पाल सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर शनिवार को दोपहर धरना पर बैठ गए हैं। बताते चले कि उक्त परिवार के घर को हाथियों ने अगस्त माह में ध्वस्त कर दिया था। शुक्रवार के रात्रि भी उक्त परिवार के घर पर हमला बोलकर घर में रखा धान, मकई, कपड़ा बर्तन सहित अन्य कई सामानों को बर्बाद कर दिया। हाथी के हमले से पूरा परिवार दहशत में है। सरकार से गुहार लगाने के लिए तथा अपना मकान बनवाने के लिए प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष पूरे परिवार अपने बच्चों के साथ धरने पर बैठ गए। परिवार की मांग है कि 4 माह पूर्व हाथियों द्वारा क्षति का मुआवजा मिले तथा उन लोगों का घर बनाया जाए। मामले में पूछे जाने पर अंचलाधिकारी उमेश्वर यादव ने बताया कि हालांकि यह मामला वन विभाग का है। अंचल कार्यालय में जो भी आवेदन आएगा उसे जांच कर रिपोर्ट भेजेंगे। बताते चलें कि उक्त परिवार के सभी पुरुष सदस्य बाहर कमाने गए हैं। घर में बच्चे व महिलाएं ही सिर्फ है।

### मिलिनियम पब्लिक स्कूल में आधुनिक तकनीक और नवाचार का प्रदर्शन

# प्रदर्शनी बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने का उत्कृष्ट माध्यमः नूरजहां बेगम

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** मिलिनियम पब्लिक स्कूल में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की चेयरपर्सन नूरजहां बेगम और निदेशक मो. मुमताज राही ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। प्रदर्शनी में कक्षा 3 से लेकर 10 प्लस टू तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। 200 से अधिक स्थिर और कार्यशील मॉडलों का प्रदर्शन किया। इनमें सोलर एनर्जी सिस्टम, वाटर हार्वेस्टिंग मॉडल, ह्यूमन हार्ट का वर्किंग मॉडल, ररोबोटिक आर्म, वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट जैसे मॉडलों ने दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचा। कार्यक्रम के दौरान सर्वश्रेष्ठ मॉडलों को पुरस्कृत कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया। निदेशक मो. मुमताज राही ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी बच्चों में रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच विकसित करने का उत्कृष्ट माध्यम है।



उन्होंने छात्रों से आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अपने तकनीकी कौशल को और निखारने की अपील की। चेयरपर्सन नूरजहां बेगम ने विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता और मेहनत की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रदर्शनियां बच्चों को अपने कौशल को प्रदर्शित करने और आत्मविश्वास बढ़ाने का अवसर देती हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विज्ञान शिक्षिका कृति पूर्णिमा और उनकी टीम का विशेष योगदान रहा। उनके मार्गदर्शन में बच्चों ने शानदार मॉडलों का निर्माण किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, अभिभावकों, और छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। मौके पर मंटू पांडेय,युवा समाजसेवी महमूद आलम सीनियर,सदर तौहिद खान, तस्लीम खान, विद्यालय के शिक्षक नागेंद्र प्रसाद, असगर अंसारी रोहित राय, प्रवेश राय, नेहा,निकिता, धीरेश, संजय और जेपी ठाकुर सहित अन्य शिक्षक भी मौजूद थे।

# तीन दिवसीय मनरेगा प्रशिक्षण शिविर का समापन




**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** मनरेगा योजना के तहत संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रखंड कार्यालय में चल रहे प्रखंड के सभी मुखिया, पंचायत सचिव एवं वीएलइ के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन शनिवार को हो गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने कहा की प्रशिक्षण से मनरेगा योजना के सफल क्रियान्वयन में मनरेगा कर्मियों को सहुलियत होगी। मास्टर ट्रेनर सुरेन्द्र कुमार दुबे ने बताया की सरकार द्वारा संचालित मनरेगा योजना में पारदर्शिता लाने के लिए सरकार 21 थीम पर काम कर रही है। प्रशिक्षण के दौरान इसकी विस्तृत जानकारी दी गई है। इस योजना में मास्टर रौल कैसे लगाना है, मजदूरों को काम कैसे करना है जैसी अन्य जानकारी प्रशिक्षुओं को दी गई। प्रशिक्षण में मुखिया प्रमोद कुमार, मुनि देवी, श्याम सुंदर बैठा, निलम देवी, मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन गुप्ता, सिताराम शर्मा, पंचायत सचिव आदित्य कुमार, राम सुरेश राम, राजीव कुमार, प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार, आपरेटर सिराज अंसारी, प्रज्ञा केंद्र संचालक गोखुल कुमार, रामबाबू गुप्ता, अलखदेव गुप्ता, गुड्डू कुमार, विशाल कुमार, रामाकांत कुमार, नागेन्द्र कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# पहाड़ी टोला नव-प्राथमिक विद्यालय आज भी सड़क, शिक्षा और व्यवस्था विहीन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** प्रखंड अंतर्गत दो विद्यालय ऐसे भी हैं, जहां जाने के लिए आज भी सड़क नहीं है।इसमे एक परसवान ग्राम के मुख्य सड़क से 500मीटर की दूरी पर स्थित नव प्राथमिक विद्यालय पहाड़ी टोला है। इस विद्यालय में वर्ग एक से वर्ग पांचवी तक में मात्र 33 विधायर्थी ही हैं। एक सहायक अध्यापक हैं, जिसमें प्रतिदिन बच्चों को उपस्थिति 15-20 ही है। इन नवनिहालों को विद्यालय तक पहुंचने के लिए दोनों तरफ से झाड़ीदार पगडंडी से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे बच्चों के माता-पिता को हमेशा भय बना रहता है। बच्चों को विद्यालय जाने के दौरान सुनसान झाड़ीदार पगडंडी में बच्चों के साथ कोई हादसा होने का भी खतरा रहता है। नव प्राथमिक विद्यालय के रख-रखाव के लिए शिक्षा विभाग द्वारा हर वर्ष 25 हजार की राशि आती है, जिससे रंग-रोगन,दीवार लेखन और टूट फुट की मरम्मती का कार्य करना होता है, लेकिन इस विद्यालय का नाम भी नहीं लिखा गया है। विद्यालय में उपस्थित सहायक अध्यापक उमेश राम ने बताया कि उक्त विद्यालय में छात्रों के साथ शिक्षकों का भी अभाव है। वह अकेला शिक्षक हैं। ज्यादातर मीटिंग और विद्यालय के काम से बीआरसी आना जाना पड़ता है। इसमें कभी जब वह अवकाश में जाते हैं तो विद्यालय में कोई सहयोगी शिक्षक नहीं होने के कारण विद्यालय बंद हो जाता है।वह इस विद्यालय को बंद करने के लिए विभाग से मौखिक रूप से कई बार कह चूके हैं, लेकिन इसका प्रक्रिया आसान नहीं है। किसी प्रकार इस विद्यालय का पठन-पाठन चल रहा है।




# युवा महोत्सव की तैयारियों का विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों ने लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** चतरा महाविद्यालय चतरा में आयोजित युवा महोत्सव 2024 की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पदाधिकारी। 28 वें विनोबा भावे विश्वविद्यालय इंटर कॉलेज युवा महोत्सव झूमर 2024 महाविद्यालय चतरा द्वारा 18 से 20 दिसंबर तक आयोजित किया जाना सुनिश्चित है। इसकी तैयारी के लिए विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों की टीम चतरा कॉलेज चतरा पहुंची थी। टीम में शामिल प्रोफेसर डॉक्टर मिथिलेश कुमार सिंह, एन.एस.एस. कोऑर्डिनेटर डॉक्टर जॉन रूफीना तिर्की एवं यूसेट की प्रोफेसर अर्चना धान ने तैयारियों से संबंधित जानकारी लेते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों व शिक्षकेतर कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। टीम ने आयोजन स्थल चयन, टीम-मैनेजर एवं प्रतिभागियों के रहने की व्यवस्था, भोजन की व्यवस्था आदि का जायजा लिया। साथ ही टीम में शामिल पदाधिकारी आयोजन के सफल संचालन एवं आयोजन हेतु संतुष्ट भी दिखे। उपरोक्त जानकारी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार झा ने दी।



# जनता की जीत हुई हैः अनंत प्रताप देव

**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी\ सगमा।** झामुमो विधायक अनंत प्रताप देव ने जीत के बाद शनिवार को धुरकी व सगमा प्रखंड में आभार यात्रा में लोगों का अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि यह जीत हमारी नहीं बल्कि धुरकी प्रखंड के एक एक जनता की जीत हुई है। प्रखंड के एक-एक जनता विधायक हैं। उन्होंने कहा कि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में पिछले 15 वर्षों तक जुमलेवाज विधायक ने यहां की जानता को छलने का काम किया है। पूर्व विधायक ने हिन्दू मुस्लिम कह कर मंदिर में मांस फेंकवाने वाले को भवनाथपुर के जनता ने सबक सिखाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार जो कहती है वह करती है। उन्होंने मंईयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं को एक हजार से ढाई हजार रुपए देने का जो वादा किया था वह अपने शपथ पत्र लेने के साथ ही महिलाओं को 2500 रुपए देने पर मोहर लगा दिया। उन्होंने भवनाथपुर में पावर प्लांट लगाने का जो वादा किया है वह भी बहुत जल्द पूरा होगा। पावर प्लांट बन जाने से भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को अपने क्षेत्र में ही रोजगार उपलब्ध हो सकेगा। आनंद प्रताप देव उर्फ छोटे राजा के पुत्र मानवेन्द्र प्रताप देव ने कहा कि अभी जीत अधूरी है। जब भवनाथपुर में पावर प्लांट का काम होगा इसके बाद जीत पूरी होगी। उन्होंने कहा कि पावर प्लांट का निर्माण करा कर यहां के बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना ही मुख्य मुद्दा है, जिसे बहुत जल्द ही पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर जेएमएम नेता ताहिर अंसारी, जेएमएम के कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे। सगमा के आभार यात्रा में झामुमो नेता मो गुलाम नबी,डॉ. हरिदास यादव, जयगोपाल यादव, राहत हुसैन, बसंत पाल, कामेश्वर विश्वकर्मा,रमेश यादव, राजेश यादव,रमेश यादव राजेश यादव, नारायण दास यादव आदि झामुमो के कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मो गुलाम नबी ने किया। इसके पूर्व कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल पंप के समीप ही फूल माला व ढोल नगाड़े के साथ नवनिर्वाचित विधायक अनंत प्रताप देव का स्वागत किया।



# सर्दियों में हल्दी के सेवन से मिलते हैं स्वास्थ्य लाभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** हल्दी औषधीय गुणों से युक्त होती है। ये एक प्राकृतिक एंटीबायोटिक है, जो घाव भरने और संक्रमण रोकने में मदद करती है। हल्दी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण सूजन कम करने, गठिया, अस्थमा और स्ट्रेस से राहत दिलाने में सहायक होते हैं। इसके अलावा हल्दी में एंटी डायबिटिक और एंटी कैंसर के गुण भी पाए जाते हैं। सर्दियों के मौसम में जब हमारा शरीर ठंड से बचने और इम्यूनिटी मजबूत रखने के लिए विशेष ध्यान चाहता है, तब हल्दी का सेवन सेहत के लिए बेहद फायदेमंद हो सकता है। हल्दी इम्यूनिटी बढ़ाती है। शरीर को गर्माहट देती है और मांसपेशियों के दर्द से राहत दिलाने में सहायक है। साथ ही त्वचा और पाचन के लिए भी फायदेमंद है। इतने सारे स्वास्थ्य लाभ पाने के लिए हल्दी का सेवन सही तरीके से किया जाना चाहिए। यहां सर्दियों में हल्दी के सेवन के तरीकों के बारे में बताया जा रहा है।

### हल्दी के सेवन का तरीका

हल्दी के सेवन के सबसे लोकप्रिय तरीकों में से एक सर्दियों में हल्दी वाले दूध का सेवन है। गर्म दूध में एक छोटा चम्मच हल्दी पाउडर मिलाएं। उसमें चुटकी भर काली मिर्च और मीठा करने के लिए जरा सा शहद या गुड़ मिला सकते हैं। इस ड्रिंक से इम्यूनिटी मजबूत होती है, बेहतर नींद आती है और जुकाम व खांसी से आराम मिलता है। हल्दी वाली चाय गर्म पेय है जो कि हल्दी पाउडर या हल्दी की गांठ को पानी के साथ उबालकर बनाई जाती है। इस में अदरक और शहद का फ्लेवर जोड़ा जाता है। ये औषधीय चाय सर्दी के दिनों में शरीर को गर्म रखने,पाचन क्रिया को बेहतर बनाने और शरीर में स्फूर्ति लाने के साथ ही सूजन कम करने में मदद करती है। शहद में हल्दी पाउडर मिलाकर इसे एक जार में रख लें। रोजाना एक चम्मच हल्दी शहद का सेवन करें। सर्दियों में होने वाली समस्याएं जैसे गले की सूजन, खांसी और मौसमी एलर्जी के लिए ये प्राकृतिक औषधि है।

### उत्साह

## विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्द्धन किया गया

# प्रतियोगिता में भाग लेने से प्रतिभा का विकास होता है : प्रधानाचार्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री वंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में बालक-बालिका व्यक्तित्व विकास शिविर का द्वितीय दिवस में बालिका व्यक्तित्व विकास संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता ओम और मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित व पुष्पार्चन कर विद्यालय के अध्यक्ष जोखू प्रसाद, सह सचिव व पूर्व छात्र चंदन कुमार, प्राधानाचार्य रविकांत पाठक ने संयुक्त रूप से किया गया। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कहा कि प्रांतीय योजना अनुसार यह शिविर प्रतिवर्ष विद्यालय में आयोजित होता है। बहनों के लिए व्यक्तित्व विकास वर्ग में सूई धागा पिरोना, मूर्ति कला, आर्ट्स एंड क्राफ्ट, चित्रकला, साड़ी फोल्ड करना, रस्सी कूद, मेंहदी, सलाद सजावट, कलश सजावट और रंगोली प्रतियोगिताएं एवं वाटिका वर्ग के लिए बिस्किट रेस,चम्मच गोली रेस,बाल बाल्टी रेस,बैलून बर्स्टिंग आदि द्वारा बच्चों में माइंड कंसंट्रेशन, व्यवस्था प्रियता व उत्साह पूर्वक प्रतियोगिता में भाग लेने से प्रतिभा का विकास होता है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बहनों में मेंहदी प्रतियोगिता जूनियर में खुशी परवीन, सीनियर में माही कुमारी, मूर्ति कला जूनियर छाया कुमारी, सीनियर,शिखा रानी, रंगोली जूनियर सनाया ग्रुप, सीनियर माही ग्रुप,कलश सज्जा जूनियर आंचल कुमारी, सीनियर आयुषी कुमारी, चम्मच गोली रेस रितेश यादव (कक्षा अरुण), कक्षा उदय राजलक्ष्मी, कक्षा प्रभात नव्या गुप्ता, कक्षा 1 आरव कुमार का नाम शामिल है।

# विश्व मृदा स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** विश्व मृदा स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर लावालौंग प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ विपिन कुमार भारती ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख मनीषा देवी, बीटीएम बिरेन्द्र प्रसाद एवं एटीएम चंद्रभूषण विशेष रुप से उपस्थित थे। मौके पर मृदा स्वास्थ्य कार्ड की विस्तृत जानकारी देने के साथ कृषकों के बीच मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण भी किया गया। बीडीओ के साथ बीटीएम एवं एटीएम ने लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि विश्व मृदा दिवस का उद्देश्य लोगों को मिट्टी की गुणवत्ता, प्रकार एवं परीक्षण कर उसमें प्रयोग किए जाने वाले जैविक एवं रासायनिक पदार्थों के बारे में जानकारी देना है। साथ ही मृदा प्रदूषण एवं संरक्षण के लिए उठाए जाने वाले आवश्यक कदमों से भी लोगों को रूबरू कराया गया। आगे बताया कि संयुक्त राष्ट्र संघ नें 2013 में इसे आधिकारिक तौर पर मान्यता दी थी। साथ ही इसे थाईलैंड के राजा भूमिबोल अदुल्यादेज की स्मृति के रूप में मनाया जाता है। जो मृदा सुधार के प्रति समर्पित थे। पहली बार इसे 2014 में मनाया गया था। आगे उन्होंने बताया कि स्वस्थ मिट्टी के बिना पौधों, जानवरों और मनुष्यों के स्वस्थ जीवन की कल्पना तक संभव नहीं है।

## उपायुक्त ने लक्ष्मणपुर भेड़ी फॉर्म डैम का किया निरीक्षण



### वोटिंग सुविधा प्रारंभ करने के साथ पर्यटकों के लिए शौचालय, पेयजल की व्यवस्था कराने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप ने उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो के साथ चतरा सदर प्रखंड क्षेत्र के चर्चित पिकनिक स्पॉट लक्ष्मणपुर भेड़ी फॉर्म का शनिवार को निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान शौचालय की व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई समेत अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। मौके पर उपस्थित संवेदक, जिनके द्वारा पूर्व में सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार का कार्य किया गया है उस संवेदक को कहा कि यहां अथवा दूसरे राज्य व जिले के लोग भी घूमने आते हैं। जो निर्माण कार्य किया गया है वर्तमान में उसकी स्थिति ठीक नहीं है। उसकी मरम्मती व रंग रोगन जल्द कराना सुनिश्चित करें। प्रखंड विकास पदाधिकारी से कहा शौचालय और पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने वोटिंग की भी सुविधा प्रारंभ करने समेत कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने लक्ष्मणपुर भेड़ी फॉर्म डैम में सेल्फी प्वाइंट भी बनाने का निर्देश दिया।

### सरकारी जमीन हेर-फेर मामले में तत्कालीन अंचल अधिकारी पर गिरी गाज

# दाखिल-खारिज के मामले में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप द्वारा कार्य में लापरवाही और अनुशासनहीनता बरतने वाले पदाधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में तत्कालीन प्रतापपुर अंचल अधिकारी नित्यानंद दास पर सरकारी जमीन हेरफेर, सरकारी नियमों का उल्लंघन, गलत तरीके से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, गलत रसीद काटने और स्त्रस्वेच्छाचारिता के आरोप में विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। उपायुक्त ने बताया कि यह कृत्य झारखंड सरकारी सेवक आचार नियमावली-2001 के विरुद्ध है। इसके अतिरिक्त, प्रतापपुर अंचल के राजस्व उप निरीक्षक नारायण झा द्वारा जमीन के दाखिल-खारिज में अवैध वसूली का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद उपायुक्त ने जांच टीम गठित की थी। जांच में यह पाया गया कि दाखिल-खारिज के नाम पर राशि की लेन-देन की जा रही थी। राजस्व उप निरीक्षक से पूछताछ की गई और इस मामले में अभियोजन स्वीकृति प्रदान की गई है। उपायुक्त के इस कठोर रुख से जिले में प्रशासनिक सुधारों की उम्मीद जगी है।



### हनुमान की तरह जनता के सेवा में जीवन समर्पण कर देंगे : प्रकाश राम

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत चमातू ग्राम में शुक्रवार को हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लातेहार विधान सभा क्षेत्र के विधायक प्रकाश राम शामिल हुए। मौके पर विधायक ने कहा कि हनुमान जी श्री राम जी के सेवा में पूरे जीवन समर्पित कर दिए। ठीक उन्हीं के तरह लातेहार जिला के जनता की सेवा में मैं अपना जीवन समर्पणन कर दूगां। चमातू ग्राम के शंकर साव पिता बंसी साव द्वारा मंदिर का निर्माण कर हनुमान जी का प्राण प्रतिष्ठा संपन्न किया गया। मौके पर ग्रामीणों द्वारा भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया। विधायक के संबोधन के पूर्व ग्रामीणों ने विधायक का स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीण ईश्वर साव ,कुलदीप साव, दामोदर साव, खुशियाल साव ,विशुन साव, विजय कुमार ,मोहन साव, कालेश्वर साव, हीरामन साव, शिव नारायण यादव, भीम प्रजापति, सुरेंद्र साव, अखिलेश यादव, विजय यादव सहित सैकड़ो लोग प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए। विधायक प्रकाश राम के साथ भाजपा नेता शैलेश सिंह, विजय यादव, कृष्णा यादव, अखिलेश यादव,कुलदीप साव दामोदर साव सहित कई गण्यमान्य लोग मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### गारू थाना प्रभारी ने चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

**गारू (लातेहार)।** पुलिस अधीक्षक गौरव कुमार के निर्देश पर गारू थाना प्रभारी पारसमणी ने शनिवार को गारू-मेदनीनगर मुख्य पथ पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के तहत गारू थाना के समीप कई दोपहिया और चारपहिया वाहनों की जांच की गई। चेकिंग के दौरान ट्रिपल लोडिंग वाले दोपहिया वाहन चालकों को रोककर कड़ी फटकार लगाई गई और भविष्य में ऐसी गलती नहीं करने की चेतावनी दी गई। चालकों को नियमों का पालन करने का निर्देश देते हुए उनके वाहनों को छोड़ दिया गया। इसके अलावा, चारपहिया वाहनों की डिक्की की भी बारीकी से जांच की गई, ताकि किसी प्रकार की अवैध गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। थाना प्रभारी ने बताया कि यह अभियान सड़क सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से चलाया गया। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### खलिहान में आग लगने 490 बोझा धान जलकर खाक

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के पहरा पंचायत स्थित सिंदूरबे गांव में शनिवार को खलिहान में आग लग जाने से 490 बोझा धान जलकर राख हो गया। आगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। बताया जाता है कि खलिहान में गांव के मोसो उरांव का 240 बोझा, दासों उरांव का 120 बोझा, सलेना देवी पति स्वर्ग मदन उरांव का 130 बोझा धान रखा था। शनिवार के 3 बजे शाम खलिहान में अचानक आग लग गई। हालांकि ग्रामीण आग पर काबू पाने को लेकर प्रयास किए लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। धान का बोझा धू धू कर जलकर खाक हो गया। पीड़ित परिवारों ने अंचल कार्यालय से आपदा राहत के तहत मुआवजा देने की मांग किया है। अंचल अधिकारी अनंत शयनम विश्वकर्मा ने राजस्व कर्मचारी को रिपोर्ट करने का निर्देश दिया है।

### डॉ. भीमराव अंबेडकर का 68वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के पहरा पंचायत स्थित पांडेयबागी अंबेडकर नगर में शुक्रवार की देर शाम भारतीय संविधान निमार्ता बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर की 68 वीं महापरिनिर्वाण(पुण्यतिथि)दिवस मनाया गया। मौके पर गांव के बच्चे, महिलाएं व पुरुष द्वारा कैंडल मार्च निकालकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। सभी को शिक्षित करने का निर्णय लिया गया। कैंडल मार्च पूरे गांव में भ्रमण किया। नेतृत्व मयूरहंड प्रखंड के स्वामी विवेकानंद प्लस टू उच्च विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र कुमार दास द्वारा किया गया। बताया गया कि बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर का निधन छह दिसंबर 1956 को हुआ था। तब से बाबा साहब की याद में प्रत्येक वर्ष छह दिसंबर को महापरिनिर्वाण दिवस मनाया जाता है। कैंडल मार्च के दौरान बच्चों ने बाबा साहब अमर रहे का नारा भी बुलंद किया। उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प भी लिया। मौके पर किरण देवी, सुनील कुमार,तुलसीदास, रामकृष्ण राम,उपेंद्र कुमार दास, बंटी कुमार दास, विकास कुमार दास, जितेंद्र कुमार दास, कमलेश दास, विनय राम, राजकुमार दास, गिरिजा देवी, मालती देवी,शकुंतला देवी, उमेश कुमार दास विकास दास सहित कई लोग उपस्थित थे।

### 60368 छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति की स्वीकृति

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अन्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 में छात्रवृत्ति की स्वीकृति व अनुश्रवण के लिए जिला स्तरीय छात्रवृत्तिअनुमोदन व अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला स्तरीय अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति प्राथमिक, मध्य व उच्च (वर्ग 1 से 10) के कुल 60368 छात्र-छात्राओं का सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। उपायुक्त ने जिला के सभी सरकारी विद्यालय में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को शत प्रतिशत छात्रवृति योजना से लाभान्वित करने को लेकर निर्देश दिया। बैठक में आइटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम साहू, जिला कोषागार पदाधिकारी निहारिका वर्मा उपस्थित थे।

### पंच परिवर्तन पर काम करने की आवश्यक : रमेश उरांव

**लातेहार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् लातेहार द्वारा मनिका नगर इकाई में राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय मटलोंग में डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण व पुण्यतिथि के अवसर पर राष्ट्रीय सामाजिक समरसता दिवस के रूप में छात्र समागम का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को डॉ.भीमराव अंबेडकर द्वारा समाज बताए गए सामाजिक समरसता कैसे बनाएं रखने के बारे में बताया गया। मौके पर अभाविप के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रमेश उरांव ने कहा कि अगर समाज को उत्थान और भारत को विश्व गुरु बनाना है तो पंच परिवर्तन को लेकर काम करना अति आवश्यक है। पंच परिवर्तन हमारे जीवन के दिशा और दशा साथ में भारत को विश्व गुरु बनाने में सबसे बड़ा हमारा जीवन का संकल्प होगा। आज समाज में षड्यंत्र के तहत भारत को बदनाम करने में विदेशी षड्यंत्र लगातार प्रयास कर रहे हैं। मौके पर शिक्षक दीपक ने कहा कि विद्यार्थी परिषद छात्रहित को लेकर हमेशा विद्यालय कॉलेज कैंपस में कार्य करते रहती है। मौके पर जितेंद्र सिंह ने कहा कि कुलवंत प्रसाद ने कहा कि आज छात्रों के बीच में अनुशासन बहुत जरूरी है। बिना अनुशासन के शिक्षा ,शिक्षा का आधार नहीं रह जाता है। शिक्षा जीवन के लिए और जीवन वतन के लिए होना अति महत्वपूर्ण है। मौके पर परिषद के कुलवंत प्रसाद, जितेंद्र सिंह, सत्येंद्र उरांव ,रामवीर सिंह अन्य छात्र उपस्थित थे।

## एक नजर

### अंडर 19 का ट्रायल आज से शुरू

**लातेहार।** जिला खेल स्टेडियम में 8 दिसंबर को अंडर 19 ट्रायल निर्धारित की गई है। ट्रायल के दौरान कोच द्वारा युवा खिलाड़ियों के बीच अपना अनुभव साझा किया जाएगा। युवा खिलाड़ियों को अपना प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। यह जानकारी लातेहार जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य अमलेश सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि शिविर लगने के साथ अंडर 19 का ट्रायल शुरू हो जायेगा। उन्होंने युवा खिलाड़ियों से अधिक से संख्या में भाग लेने की अपील की है। इसके अलावा जरूरी दस्तावेजों को भी साथ लाने की बात कही है। अंडर 19 ट्रायल की अधिक जानकारी के लिए इच्छुक खिलाड़ी एसोसिएशन के अधिकारी श्रवण महली या समरेश बादल से अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### दो घरों में ताला तोड़कर चोरी

**गिद्धौर (चतरा)।** थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव में चोरों ने शुक्रवार की देर रात को दो अलग-अलग स्थानों पर चोरी की घटना को अंजाम दिया। बताया जाता है कि गांव के मनोज भुइंया के ट्रैक्टर से बैटरी, हल का पट्टी, कुआं पर से पानी पटवन का मोटर, राजेश भुइंया के घर का ताला तोड़कर पानी पटवन की मशीन व तीन क्विंटल मकई की चोरी कर लिया। बताया जाता है कि मनोज भुइंया का ट्रैक्टर घर के पास लगा था। शनिवार की सुबह जब ट्रैक्टर चालू करने गया तो देखा कि बैटरी व हल का पट्टी के साथ-साथ ट्रैक्टर की वायर की चोरी हो गई है। इसकी सूचना पुलिस को दिया गया। दोनों पीड़ित परिवारों ने थाना में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताते चलें कि क्षेत्र में दिन प्रतिदिन चोरी की घटना बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों की माने तो इस चोरी की घटना में चरस पीने वालों की संलिप्ता बताई जा रही है।

### दो दिनों में नगर पंचायत ने 90 हजार टैक्स वसूला

**लातेहार।** नगर पंचायत लातेहार द्वारा होल्डिंग टैक्स में दो दिनों में 90 हजार रुपए की वसूली की गई है। नगर पंचायत लातेहार अंतर्गत जिन लोगों ने अभी तक होल्डिंग टैक्स जमा नहीं किया है, उन लोगों को नोटिस दिया गया है। साथ ही बकायदारों को भी नोटिस देने की तैयारी की जा रही है। आम लोगों से होल्डिंग टैक्स जमा करने व नोटिस जैसी प्रक्रिया से बचने का आग्रह किया गया है। होल्डिंग टैक्स जमा नहीं करने पर झारखंड म्युनिसिपल एक्ट 2011 के तहत विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। नगर पंचायत लातेहार के द्वारा एस एस पीएल के टीम लीडर आदित्य कुमार, टीसी बिरसा उरांव द्वारा बड़े बकायदारों का सूची भी तैयार की जा रही है। साथ ही वैसे व्यापारिक प्रतिष्ठान, जिन्होंने अभी तक ट्रेड लाइसेंस नहीं लिया है व अब विलंबित ट्रेड लाइसेंस लेना सुनिश्चित करेंगे। नहीं लेने पर संबंधित प्रतिष्ठान को सील करने की प्रक्रिया की जाएगी।

## हाथियों ने गरीब के घर को किया ध्वस्त इलाके में दहशत, वन विभाग मौन

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र माल्हन पंचायत के विभिन्न इलाकों में हाथियों द्वारा उत्पात मचाने का सिलसिला जारी है। क्षेत्र में हाथियों के झुंड में पहुंच कर आतंक फैलाए हुए हैं। हाथियों ने अब तक कई लोगों की जान की क्षति पहुंचा चुके हैं। शुक्रवार की रात हाथियों ने माल्हन गांव में जमकर उत्पात मचाया। माल्हन गांव निवासी गुदुल मुंडा के घर को हाथियों ने ध्वस्त कर दिया है। घटना के समय घर में मौजूद परिवार के सदस्य बाल बाल बच गए। किसी तरह उन्होंने भाग कर अपनी जान बचाई। घटना के वक़्त घर में गुदुल मुंडा की पत्नी और उनके बच्चे मौजूद थे। घटना की सूचना मिलते ही माल्हन पंचायत के मुखिया जतरु कुमार मुंडा,झामुमो नेता डब्लू प्रजापति,समाजसेवी अबुल अंसारी पीड़ित परिवार से मिलकर घटना की जानकारी प्राप्त की। मुखिया जतरु मुंडा ने कहा कि हाथियों के आतंक से पूरे पंचायत में दहशत का माहौल बना हुआ है। लगातार हाथियों द्वारा नुकसान पहुंचाया जा रहा है। लोग डर के साये में जी रहे हैं। ग्रामीण वन विभाग से मदद की मांग कर थक चुके हैं। वन विभाग द्वारा इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति असंतोष पनप रहा है। अगर समय रहते हाथियों के झुंड को आबादी क्षेत्र से दूर नहीं भगाया गया तो, मजबूरन वन विभाग के खिलाफ आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। उन्होंने जिले के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता से हाथियों द्वारा उजाड़े गए घरों के बदले पीड़ित परिवारों को अबुआ आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की है। साथ ही उन्होंने वन विभाग से पीड़ित परिवार को तत्काल मुआवजा राशि देने की बात कही। झामुमो नेता डब्लू प्रजापति व अबुल अंसारी ने वन विभाग से पीड़िता परिवारों को मुआवजा देने,क्षेत्र में हाई मास्ट लाइट लगाने समेत हाथियों को उनके सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की मांग की है।



### रेल यूनियन का चुनाव संपन्न



**लातेहार।** लातेहार टोरी व बरवाडीह में चुनाव होने के बाद शनिवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सभी बैलेट बॉक्स धनबाद भेज दिया गया। वहां 12 दिसंबर को वोटो की गिनती होगी। इसके बाद चुनाव परिणाम की घोषणा होगी। लातेहार में आरपीएफ जवानों की मौजूदगी में बरवाडीह-गोमो पैसेंजर में स्पेशल कोच में सील बैलेट बॉक्स को धनबाद के लिए रवाना किया गया। गौरतलब है कि रेल यूनियन की मान्यता को लेकर लातेहार, टोरी व बरवाडीह में 4, 5 और 6 दिसंबर को वोट डाले गए थे। चुनाव में 6 यूनियन मैदान में है। मौके पर धनबाद से चुनाव कराने आए पदाधिकारियों के अलावे ईसीआरकेयू बरकाकाना के कार्यकारी अध्यक्ष रणधीर प्रसाद, सचिव अरविंद कुमार समेत कई रेलकर्मी मौजूद थे।

### एसआईएस में भर्ती के लिए लिया युवाओं ने किया आवेदन

**चतरा।** लावालौंगथाना परिसर में शनिवार को शिविर लगाकर एसआईएस में भर्ती के लिए युवाओं का आवेदन लिया गया। इस दौरान एसआइएस के भर्ती अधिकारी एवं थाना प्रभारी रूपेश कुमार राय ने बताया कि लावालौंग थाना क्षेत्र के तेरह युवाओं का चयन किया गया है। जिन्हें जल्द ही गढ़वा जिला स्थित एसआईएस प्रशिक्षण केंद्र में बुलाया जाएगा और दो महीने के प्रशिक्षण देने के बाद उन्हें ड्यूटी पर तैनात कर दिया जाएगा। पदाधिकारियों ने बताया कि बेरोजगार युवकों के लिए एसआईएस सुरक्षा गार्ड या सुरक्षा सुपरवाईजर का कार्य भी करियर के तौर पर अच्छा विकल्प है। शिविर के दौरान उपस्थित युवाओं ने बताया कि सुरक्षा जवान के लिए अभ्यर्थी कि उंचाई 165 सेंटीमीटर और कम से कम 9वीं पास होना आवश्यक है। वहीं सुरक्षा सुपरवाइजर के लिए अभ्यर्थी को 12वीं पास और उसकी ऊंचाई 170 सेंटीमीटर होनी चाहिए।

## बीसीए सीनियर ने गुरुकुल को नौ विकेट से हराया

**नवीन मेल संवाददाता**




**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे लीग मैच में शनिवार को गुरुकुल बनाम बीसीए सीनियर के बीच मैच खेला गया। जिसमें बीसीए सीनियर की टीम ने गुरुकुल को नौ विकेट से हरा दिया। बताया जाता है कि गुरुकुल की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 17 ओवर में सभी विकेट खोकर मात्र 61 रन ही बना पाई। गुरुकुल की ओर से अंकित ने सर्वाधिक 24 रन का योगदान दिया। बीसीए सीनियर की ओर से गेंदबाजी करते हुए चंदन ने हैट्रिक के साथ छह विकेट लिया। बलवंत ने दो विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी बीसीए सीनियर की टीम ने 10 ओवर में एक विकेट खो कर 62 रन बना कर जीत का लक्ष्य हासिल कर लिया। बीसीए सीनियर की ओर से शिवाजी के 40 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। बीसीए के तरफ से चंदन को मैन ऑफ द मैच दिया गया, जिसने छह ओवर में 19 रन देकर हैट्रिक के साथ छह विकेट लिया। मौके पर एसोसियेशन के अध्यक्ष विनय सिंह, कोषाध्यक्ष सरोज सिंह, सदस्य मिथिलेश कुमार राय, जिला क्रिकेट लीग अध्यक्ष प्रेम राणा सहित कई अन्य मोजूद थे।

### विधिक साक्षरता कक्षा का किया आयोजन

**मयूरहंड (चतरा)।** झालसा रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चतरा के मार्गदर्शन में शनिवार को स्वामी विवेकानंद प्लस टू विद्यालय मयूरहंड में विधिक साक्षरता कक्षा का आयोजन किया गया। इस दौरान पीएलभी दयानंद कुमार शर्मा, मुजाहीर हुसैन द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को मौलिक अधिकार, नशा उन्मूलन तथा अन्य जनोपयोगी कानून के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही 14 दिसंबर को चतरा व्यवहार न्यायालय में लगने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी दी गई। लोक अदालत में वन विभाग,बैंक के अलावा अन्य सुलहनीय मामलों को निष्पादन के बारे में जानकारी दी गई। लोक अदालत के माध्यम से लोगों के लाभ मिल सके। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेन्द्र दास, खेल शिक्षक सन्त कुमार सिंह के अलावा अन्य शिक्षक व छात्र उपस्थित थे।

### हाइवा के टक्कर में दो बाइक सवार घायल, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बालूमाथ पांकी मार्ग पर तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक में सवार दो लोगों को धक्का मार घायल कर दिया। घटना बालूमाथ पांकी मुख्य मार्ग कोमर मोड़ के पास का है। घायलों संजय उरांव डहुबड़गांव व देव कुमार उरांव कोमर बालूमाथ का रहने वाला है। रिश्ते में दोनों ससुर दामाद हैं। ग्रामीणों ने घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया है। घटना के विरोध में दिन में ही ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया है। बता दें कि उक्त हाइवा वाहन तुबेद कोल माइंस से कुशमाही साइडिंग तक कोयला परिवहन कार्य कर रही थी। इस दौरान यह घटना घटी। घटना से आक्रोशित ग्रामीण और मजदूर नेता प्रदीप गंझू, पांकी बालूमाथ मार्ग पर धरना पर बैठ गए। बालूमाथ में सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक भारी वाहनों का नो इंट्री, व घायल होने पर मुआवजा आदि की मांग की जा रही है। घटनास्थल पर स्थानीय थाना पुलिस व अंचल निरीक्षक अनिल कुमार पहुंच कर धरना पर बैठे लोगों को समझाने की कोशिश कर रहे हैं। धरना पर बैठे लोग अपने मांग पर अड़े हुए हैं। खबर लिखे जाने तक जाम लगी रही।

### संत जोसेफ प्लस टू विद्यालय में वार्षिक समारोह सह अभिभावक गोष्ठी का आयोजन

# अनुशासन ही सफलता का पहला सोपान है : धनंजय सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**




**महुआडांड़।** महुआडांड़ में संत जोसेफ प्लस टू विद्यालय में वार्षिक समारोह सह अभिभावक दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नेतरहाट जंगल वारफेयर के प्राचार्य सह डीआईजी धनंजय कुमार सिंह, विशिष्ठ अतिथि के तौर पर विद्यालय के सचिव फादर सुरेश किंडो उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत में सभी अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य फादर दिलीप एक्का ने शॉल ओढ़ाकर और पुष्प गुच्छ देकर किया। इसके बाद दीप जलाकर कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की गई। इस अवसर पर विभिन्न वर्गों के छात्र-छात्राओं ने नागपुरी डांस, नागा डांस समेत कई शानदार प्रस्तुतियां दी। विद्यालय के सभी टॉपर बच्चों को सम्मानित किया गया। बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर का पुरस्कार अमन एक्का और अलका खाखा को दिया गया। मिडिल स्कूल के क्विज प्रतियोगिता में प्रथम छात्र कृष्णा गुप्ता, अनुष्का नगेसिया, रामप्रवेह कुमार यादव, विवियन लकड़ा, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। पोयम प्रतियोगिता में प्रथम छात्र हिमांशु मुंडा, आसिता लकड़ा, एलिन टोप्पो, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि डीआईजी धनंजय कुमार सिंह ने छात्रों को चार प्रमुख मूल्यों अनुशासन (डिसिप्लिन), समर्पण (डेडीकेशन), दृढ़ संकल्प (डिटरमिनेशन) और इच्छाशक्ति (डिजायर) को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि अनुशासन ही सफलता का पहला सोपान है। यह हमें लक्ष्य की ओर अग्रसर रखता है और विचलित होने से बचाता है। किसी भी कार्य में सफलता पाने के लिए समर्पण अनिवार्य है। हमें अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह से समर्पित होना चाहिए। कठिनाइयों के बावजूद अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का दृढ़ संकल्प हमें सफलता की ओर ले जाता है। इच्छाशक्ति ही हमें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती है। ये चारों मूल्य एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं और एक-दूसरे को मजबूत करते हैं। जब हम इन मूल्यों को अपने जीवन में अपनाते हैं, तो हम किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हो जाते हैं। विद्यालय के प्राचार्य फादर दिलीप एक्का ने कहा कि डीआईजी धनंजय कुमार सिंह का संदेश न केवल छात्रों बल्कि सभी के लिए प्रेरणादायी है। हमें भी इन चार मूल्यों को अपने जीवन में अपनाकर सफलता की नई ऊंचाइयां छूने का प्रयास करना चाहिए। संत जोसेफ मध्य विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर प्रिया ने धन्यवाद ज्ञापन किया।


## कार्यालय जिला परिषद, पलामू।

E-mail-zilaparishad.palamu@gmail.com

### आम सूचना (11th Call)

एतद् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद, पलामू के नियंत्रणाधीन बहुदेशीय भवन एवं डाक बंगला की बंदोबस्ती तीन वर्षो के लिए खुली डाक के द्वारा निम्नांकित तिथि को उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू के डी0आर0डी0ए0 स्थित कार्यालय प्रकोष्ट में की जायेगी।

| क्र0 | सैरात का नाम | प्रखण्ड | तीन वर्षो के लिए डाक की न्यूनतम राशि | अग्रधन की राशि 25% | डाक की तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | नया डाक बंगला, पॉंकी | पॉंकी | 288000.00 | 72000.00 | 17/12/2024 | 12:00 बजे |
| 2 | डांक बंगला, नावाखास | पाटन | 288000.00 | 72000.00 | | |
| 3 | बहुदेशीय भवन, किशुनपुर | पाटन | 234000.00 | 58500.00 | | |
| 4 | बहुदेशीय भवन, मोहम्मदगंज | मोहम्मदगंज | 90000.00 | 22500.00 | | |
| 5 | बहुदेशीय भवन, दुबियाखाड़ | सदर मेदिनीनगर | 108000.00 | 27000.00 | | |
| 6 | बहुदेशीय भवन, मनातू | मनातू | 90000.00 | 22500.00 | | |
| 7 | बहुदेशीय भवन, सेमरी | पाटन | 180000.00 | 45000.00 | | |
| 8 | नया डाक बंगला, पंड़वा | पंड़वा | 288000.00 | 72000.00 | | |
| 9 | बस पड़ाव मोहम्मदगंज | मोहम्मदगंज | 360000.00 | 90000.00 | | |


उपरोक्त सैरात के बंदोबस्ती हेतु खुली डाक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 16.12.2024 तक कॉलम संख्या–5 में निर्धारित अग्रधन राशि बैंक ड्राफ्ट/चेक द्वारा जो सचिव, जिला परिषद, पलामू (**Secretary, Zila Parishad, Palamu**) के पदनाम से भुगतेय होगा कार्यालय जिला परिषद, पलामू में जमा करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/चेक के साथ दो पासपोर्ट साईज फोटो, वैध चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, पहचान पत्र एवं पैन कार्ड का छायाप्रति जमा करना आवश्यक होगा। सैरात की बंदोबस्ती की अवधि तीन वर्षो की होगी। सर्वोच्च डाक वक्ता को डाक समाप्ति के पश्चात् तत्काल सम्पूर्ण डाक राशि का 50% नकद राशि के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा।

उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू को बिना कारण बताये डाक स्थगित करने का सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा। किसी भी प्रकार के वाद–विवाद का निपटारा स्थानीय न्यायालय में किया जायेगा।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू।

PR 341439 District(24-25)D

## अवैध बिजली ऊर्जा चोरी एवं बकाया राशि को लेकर
# पांच के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज



नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** अवैध बिजली ऊर्जा चोरी एवं राजस्व क्षति को लेकर विभाग द्वारा सेन्हा थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में छपेमारी अभियान चलाते हुए पांच नामजद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया गया। उक्त कारवाई सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा रामनगर जोगना मोड़,कोराम्बे पतरा टोली में छापेमारी अभियान चलते हुए। कोराम्बे पतराटोली से दो व्यक्ति तथा अरु ग्राम से दो व्यक्ति और राम नगर सेन्हा से एक व्यक्ति के ऊपर बिजली विभाग के गठित टीम द्वारा अवैध बिजली ऊर्जा चोरी एवं बकाया बिल जमा नही करने के विरुद्ध कारवाई किया गया। जिसके तहत सेन्हा रामनगर निवासी प्रभु साहू के 40 वर्षीय पुत्र नवल किशोर साहू के विरुद्ध बकाया राशि 23 हजार 3 सौ 44 रुपया क्षति पूर्ति 8 हजार 9 सौ 78 रुपया का आरोप लगाते हुए घर में बिजली अवैध उपयोग कर रहा था। जोगना मोड़ निवासी नारायण साहू के 44 वर्षीय पुत्र अनिल कुमार साहू के विरुद्ध 14 हजार 5 सौ 64 रुपया क्षतिपूर्ति के आरोप तथा घरेलू मीटर से पहले तार बाईपास कर बिजली ऊर्जा चोरी करना कोराम्बे पतरा टोली निवासी लोहरमीन महतो के 42 वर्षीय हरि महतो के विरुद्ध 19 हजार 4 सौ 18 रुपया क्षतिपूर्ति तथा मीटर से पूर्व तार बाईपास करने तथा मुकेश उराँव की 26 वर्षीय पत्नी प्रतिमा देवी के विरुद्ध 5 हजार 9 सौ 85 रुपया क्षतिपूर्ति तथा मुख्य एलटी तार में टोका लगा कर अवैध बिजली ऊर्जा चोरी का आरोप है। जबकि अरु निवासी खुदू अंसारी के 33 वर्षीय पुत्र सुहैल अंसारी के विरुद्ध 11 हजार 3 सौ 72 रुपया का क्षतिपूर्ति एवं मुख्य एलटी तार से टोका फसा कर मुर्गी फार्म व्यवसायिक हेतु बिजली ऊर्जा चोरी के आरोप में पांचों नामजद के विरुद्ध सेन्हा थाना कांड संख्या 103/24 दर्ज कर बिजली ऊर्जा चोरी एवं राजस्व क्षतिपूर्ति को लेकर प्राथमिकी दर्ज किया गया.वही सभी नामजद के विरुद्ध पुलिस कारवाई आरम्भ कर दिया गया है।

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यालय का सराहनीय प्रदर्शन गौरव की बात : नीलोफर खुर्शीद

**लोहरदगा।** राज्य स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता में लोहरदगा जिला मुख्यालय अवस्थित रा. बालिका उच्च विद्यालय लोहरदगा की नौवीं कक्षा की छात्रा करीना उरांव ने कहानी वाचन विधा में राज्य में तृतीय स्थान प्राप्त किया।छात्रा करीना उरांव के इस शानदार प्रदर्शन और उपलब्धि पर विद्यालय परिवार गदगद् है। विद्यालय परिवार ने पुरस्कार लेकर रांची से वापस लौटने करीना सहित पूरे जिला की टीम का भव्य स्वागत किया।विद्यालय के शिक्षिकाओं एवं छात्राओं ने प्र.प्रधानाध्यापिका नीलोफर खुर्शीद मैम के नेतृत्व में सभी आगंतुक को पुष्पगुच्छ दिया और मुख्यद्वार से ही हाथ धुला कर और चंदन टीका लगा कर पूरी टीम को पुष्पवर्षा करते हुए मुख्य मंच तक लेकर गए।मौके पर प्र. प्रधानाध्यापिका नीलोफर खुर्शीद ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय सहित पूरे जिला के लिए यह गौरव का विषय है।हमारे विद्यालय की छात्रा करीना उरांव ने राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त कर छात्राओं की प्रतिभा को पहचान दिलाई है।

## आंगनबाड़ी, बालवाड़ी व रात्रि पाठशाला के बच्चो के बीच दरी वितरण

**लोहरदगा।** हिंडाल्को द्वारा संचालित बगरू माइन्स में आंगनबाड़ी बालवाड़ी एवं रात्रि पाठशाला के बच्चो के मध्य 20 दरी वितरण किया गया। दरी, चांपी, भुसार करमटोली, केंदटोली, बगड़ू, बारचोरगाई, पतरातु दशराटोली इत्यादि गांव के बच्चो को बैठने के लिए दरी की व्यवस्था किया गया। इस अवसर पर खान प्रबंधक राज कुमार सिंहा ने कहा कि हिंडाल्को सीएसआर के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में सेवा दे रही है।

## लोहरदगा मे विद्युत चोरी को ले छापेमारी पांच पर केस दर्ज

**लोहरदगा।** लोहरदगा सब डिवीजन क्षेत्र के विभिन्न गांव में सहायक विद्युत अभियंता और प्रमंडल लोहरदगा द्वारा बिजली चोरी रोकने को लेकर शनिवार को छापामारी अभियान चलाया गया। इसमें पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। सेन्हा थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी पर प्रभु साहू के पुत्र नवल किशोर साहू को बिजली चोरी करते पाए जाने पर 8,878 रुपए जुर्माना लगाते हुए केस दर्ज किया गया है।जोगना निवासी नारायण साहू के पुत्र अनिल कुमार साहू पर 14,564 रुपया जुर्माना लगाया गया है। कोरांम्बे निवासी लोहरमिन महतो के पुत्र हरि महतो पर 19,418 रुपया जुर्माना, मुकेश उरांव की पत्नी प्रतिमा देवी पर 5,950 जुर्माना और अरु निवासी खुदू अंसारी के पुत्र सोहेल अंसारी पर मुर्गी फार्म में अवैध बिजली का उपयोग करने पर 11,372 रुपए जुर्माना लगाते हुए सेन्हा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। छापेमारी में उपेंद्र सिंह, आशीष कुमार, भोला प्रसाद साहू, प्रमोद उरांव, रंजीत उरांव आदि शामिल थे।

### कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू
### (जिला भू-अर्जन शाखा)

दूरभाष (मो0) सं0- Email {dlaopalamau@gmail.com}

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT**

(3G Award के तहत् घोषित)

**Name of Project :-** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-75 **(Section-III)**

(पलामू जिला अन्तर्गत कि0मी0 147.450 (भोगू) से कि0मी0 196.870 (शंखा) NH-75 पर 4 लेन पथ निर्माण।)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI-75) कि0मी0 147.450 भोगू से कि0मी0 196.870 शंखा तक पथ का 4 लेन निर्माण हेतु अधिनियम की धारा-3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तदनुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा एक सप्ताह के भीतर जिला भू-अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा पर जिला भू-अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0-75 अन्तर्गत मौजा-जोरकट, थाना-मेदिनीनगर, थाना नं0-208

पत्रांक-57(C)/भू0अ0, दिनांक-30.11.2024

| क्र0 सं0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | भूमि का प्रकार | भूमि का किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | जोरकट | 103 | 306 | रैयती | टांड़ | 0.4324 | 1 | रमेश प्रसाद अग्रवाल वो किशोर प्रसाद अग्रवाल पिता स्व० मदन प्रसाद अग्रवाल | |
| | | | | | कुल | 0.4324 | | | |

कानूनगो, जिला भू-अर्जन कार्यालय, पलामू। — जिला भू-अर्जन पदाधिकारी पलामू। — अपर समाहर्त्ता पलामू। — उपायुक्त पलामू।

PR 341436 Palamu(24-25)#D

## बीआरपी सीआरपी का एक दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान डाइट चीरी, लोहरदगा के तत्वावधान में जिले में कार्यरत सभी बीआरपी सीआरपी का एक दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण का आयोजन डाइट कैंपस चीरी, कूड़ु में आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यालय निरीक्षण या अनुश्रवण के क्रम में आने वाली कठिनाई और उसके निराकरण की विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी गई।

उक्त प्रशिक्षण चर्या के प्रशिक्षण सत्र के विषयगत जानकारी संकाय सदस्य विजय बैठा, रवि शंकर कुमार, ललिता कुमारी और डाइट की उप प्राचार्या अमृता सिन्हा तथा सिनी के तरुण कुमार के द्वारा जानकारी और गतिविधियों का संचालन किया गया जिसमें विद्यालय स्तर पर आयोजित प्रार्थना सभा, दीवारों पर विशेष टॉपिक पर चित्रकारी, दीवारों पर शैक्षणिक कोटेशन, विद्यालयों के संचालन की विशेष और नियमित संचालन की प्रक्रिया, रेल प्रोजेक्ट, प्रोजक्ट इम्पैक्ट, हर्ष जोहार, प्रयास आदि कार्यक्रमों की सतत और गुणवत्तापूर्ण अनुश्रवण आदि सम्यक विषयों की गतिविधियां कराते हुए, लो कोस्ट एवं नो कोस्ट, एसएमसी की सक्रियता, चेतना सत्र की व्यवस्था आदि की विस्तृत जानकारी गतिविधि के माध्यम से दी गई। कार्यक्रम में जीतेन्द्र मित्तल, धर्मेंद्र सोनी, उपेंद्र ठाकुर,ओपन देवघरिया, संजय कुमार, संजीव कुमार, नीलू गोयल, निधि गुप्ता,अरुण साहू, दीनबंधु डे,सुशील रजक, अम्बिका शरण पांडेय, नीति कुमारी, विजय कुमार, प्रीति अग्रवाल, श्याम सिंह, अनंत शर्मा, दीपक कुमार, पूर्णकाम,निशा प्रसाद, रिंकू साहू, सीमा शर्मा,अरविंद कुमार, हेमंत पांडेय, सुशील कुमार, वीरेन्द्र कुमार,विजय लोहरा, जावेद अंसारी, इम्तियाज अहमद, संयुक्ता देवी, राहुल कुमार, अभिमन्यु प्रसाद, अपोलो मंजकन एक्का, सुधीर तिग्गा, अनिशुल अंसारी, गौतम पांडेय,विजय प्रकाश, बेबी कुमारी, महावीर साहू, त्रिसंध्या प्रजापति, सरफराज अहमद, शैलेन्द्र कुमार, निशांत कुमार, साहवीर महतो सहित जिले के सभी बीआरपी सीआरपी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत आज

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निदेशानुसार व्यवहार न्यायालय (कचहरी), लोहरदगा के प्रांगण में दिनांक 14.12.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के मामलों का निष्पादन किया जायेगा। जिसमे सुलह योग्य आपराधिक वाद, एनआई एक्ट. u/s 138 से संबंधित वाद (चेक अनादर के केस), मोटर-दुर्घटना क्षतिपूर्ति वाद , पारिवारिक/वैवाहिक वाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण संबंधित विवाद, सिविल वाद, किराया आदि से संबंधित वाद, बैंक रिकवरी से संबंधित वाद, राजस्व वाद , मनरेगा, बिजली बिल और पानी बिल से संबंधित वाद ,बिक्री कर, वाणिज्य कर एवं आयकर से संबंधित वाद, सेवा से संबंधित वाद, वन विभाग से संबंधित वाद, उत्पाद से संबंधित वाद, सिविल अपील, क्रिमिनल अपील, विविध अपील आदि से संबंधित वाद, नीलाम वाद,दाखिल खारिज मामले समेत अन्य मामले जिन्हें लोक अदालत के माध्यम से सुलझाया जा सकता है।

## "अप्रेन्टेशिप मेला" कल

**लोहरदगा।** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार के निदेश पर जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कॅरियर सेन्टर, लोहरदगा द्वारा 9 दिसंबर 2024 को अप्रेंटिशिप मेला (पीएम नेशनल अप्रेंटिशिप मेला) का आयोजन बीएस कॉलेज लोहरदगा में किया जाएगा। सभी इच्छुक आई०टी०आई० उर्तीण प्रशिक्षणार्थी, 5वीं से स्नातक पास अभ्यर्थी अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं फोटोग्राफ के साथ सुबह 10:30 बजे प्रातः से उपरोक्त वर्णित स्थल पर आयोजित अप्रेन्टेशिप मेला में भाग ले सकते हैं। उक्त जानकारी जिला नियोजन पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा दी गयी।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर विभिन्न प्रतियोगिताओं/गतिविधियों का होगा आयोजन

**लोहरदगा।** स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर जिला स्तर से राज्य स्तर तक विभिन्न प्रतियोगिताओं/गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए पंच प्रण पर आधारित थीम निर्धारित किया गया है। इसमें 01. विकसित भारत का लक्ष्य : भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाना, 02. गुलामी की मानसिकता का त्याग : अपनी सोच और दृष्टिकोण से औपनिवेशिक प्रभाग को हटाना, 03. हमारी विरासत पर गर्व भारतीय संस्कृति और परंपराओं का सामान और संरक्षण, 04. एकता और एकजुटता : भारत के भीतर विविधता में एकता को मजबूत करना और 05. नागरिकों का कर्तव्य : हर नागरिक का अपने देश के प्रति जिम्मेदारी समझते हुए योगदान देना शामिल है। उपरोक्त संबंध में जिला खेल पदाधिकारी, लोहरदगा की ओर से बीएस कॉलेज लोहरदगा, एमएलए महिला कॉलेज लोहरदगा, उर्सुलाईन महिला बीएड कॉलेज लोहरदगा, महिला कॉलेज बरही लोहरदगा, बीएड कॉलेज टिको लोहरदगा, डीएवी पब्लिक स्कूल, सेकेण्डरी प्लस टू उच्च विद्यालय लोहरदगा, केंद्रीय विद्यालय, सेकेण्डरी प्लस टू उच्च विद्यालय लोहरदगा, डीटीपीएस सेकेण्डरी प्लस टू उच्च विद्यालय, लोहरदगा, सभी सरकारी/गैर सरकारी प्लस टू उच्च विद्यालयों के प्राचार्य को सूचित कर कार्यक्रम के लिए छात्र-छात्राओं का चयन कर उपायुक्त कार्यालय, लोहरदगा के कार्यालय में 9 दिसंबर 2024 को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 4.30 बजे तक पंजीकरण कराने का निर्देश दिया गया है।

## बीएस कॉलेज में "अप्रेन्टेशिप मेला" कल

**लोहरदगा।** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार के निदेश पर जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कॅरियर सेन्टर, लोहरदगा द्वारा 9 दिसंबर 2024 को अप्रेंटिशिप मेला (पीएम नेशनल अप्रेंटिशिप मेला) का आयोजन बीएस कॉलेज लोहरदगा में किया जाएगा। सभी इच्छुक आईटीआई उर्तीण प्रशिक्षणार्थी, 5वीं से स्नातक पास अभ्यर्थी अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं फोटोग्राफ के साथ सुबह 10:30 बजे प्रातः से उपरोक्त वर्णित स्थल पर आयोजित अप्रेन्टेशिप मेला में भाग ले सकते हैं। उक्त जानकारी जिला नियोजन पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा दी गयी।

## ट्रक आंनर एसोसिएशन की संयुक्त बैठक आज

**लोहरदगा।** लोहरदगा गुमला ट्रक आंनर एसोसिएशन ,झारखंड पठारी चंदवा बॉक्साइट ट्रक आंनर एसोसिएशन एवं झारखंड ट्रक आँनर एसोसिएशन ,बिमरला की एक संयुक्त बैठक आज पतरा टोली बिजली ऑफिस के सामने रखी गई है। बैठक मे मुख्य रूप से जो चर्चाएं एवं निर्णय लिए जाएंगे उसमें सरकार द्वारा गलत तरीके से रोक कर 15 वर्ष पुराने ट्रकों को परमिट नहीं दिया जा रहा है उस संबंध में निर्णय लिए जाएंगे ,इसके अलावा कंपनी द्वारा मनमानी करते हुए अनलोडिंग स्टेशनो में कम वजन दिखाकर नाजायज पैसा काटा जा रहा है, उस पर निर्णय लिए जाएंगे ,इसके अलावा कंपनी ट्रिप भी नहीं दे रही है, एवं कंपनी के एक ट्रांसपोर्टर के द्वारा अपने निजी स्वार्थ साधने हेतु बार-बार एसोसिएशन को धमकी दी जा रही है कि सभी गाड़ियों का परिचालन बंद कराया जाएगा। इस पर भी निर्णय लिए जाएंगे। इसके अलावा अन्य मुद्दों पर चर्चा एवं निर्णय किए जाएंगे।

## बीमारी से सुरक्षित बचाव के लिये माता व बच्चों को दिया गया टिका



नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत झलजमीरा पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र छापरटोली में बीमारी से सुरक्षित बचाव के लिये माता और बच्चों को टिका दिया गया.झारखण्ड सरकार स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग निर्देश पर राष्ट्रीय ग्रामीण दिवस पर शनिवार को माता और बच्चों को खसरा,पोलियो,बीसीजी,मलेरियाटेटनस सहित अन्य बीमारियों से सुरक्षित बचाव के लिये टिका दिया गया. वही एएनएम प्रमिला एक्का ने बताया को आज के समय मे बच्चों को विभिन्न तरह की बीमारियां हो रही है.जिसे सुरक्षित बचाव के लिये स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देशानुसार छोटे छोटे बच्चे बच्चियों का माताओं को टीकारण कराना आवश्यक है.साथ ही बताया की राष्ट्रीय ग्रामीण दिवस पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीकाकरण के साथ दवाइयां भी दी जाती है.वही डेढ़ माह से साढ़े तीन माह के बच्चों को पेंटा आईपीवी का टीका और नौ माह पूर्ण होने पर खसरा का टीका दिया जाता है.तथा रतौंधी से बचाव के लिये विटामिन का सिरप पिलाया जाता है.वही दस्त और पोलियो से बचाव के लिये बच्चों को दवाइयां पिलाई गई.साथ ही गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण कर टेटनस का सुई देकर आयरन और कैलिशयम का दवा दिया गया। साथ ही गर्भवती महिलाओं को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या आंगनबाड़ी केंद्र में जा कर नियमित स्वास्थ्य जांच कराने के लिये निर्देश दिया गया।

## बांस हस्तशिल्प कला का प्रशिक्षण संपन्न, दिए गए प्रमाणपत्र

**कुडू - लोहरदग़ा ।** मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उधम विकास बोर्ड के तत्वावधान में चंदवा प्रखण्ड के रुद तुरी टोला में उग्रतारा बम्बु क्राफ्ट क्लस्टर सदस्यों का 28 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। प्रशिक्षक में क्लस्टर के बीस सदस्यों के द्वारा बांस से बनाये गए सामानों का निरीक्षण के पश्चात बीडीओ चंदन प्रसाद के द्वारा प्रमाणपत्र दिया गया। उंन्होने कहा कि कहा कि किसी भी सफल व्यवसाय में कौशल का बड़ा योगदान होता है।

## आंगनबाड़ी केंद्र के सभी बच्चे बच्चियों को मिलेगा स्वेटर : सुषमा कुजूर

नवीन मेल संवाददाता



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय के सभागार में सेक्टर वन के अन्तर्गत 34आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाओं के बीच ठंढ से बचाव के लिये आंगनबाड़ी केंद्र में अध्ययनरत नव निहालों के लिए स्वेटर का वितरण किया गया.वही महिला पर्यवेक्षिका सुषमा कुजूर ने कहा कि जिला समाज एवं कल्याण विभाग की ओर से मिला स्वेटर को आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाओं के बीच वितरण किया गया.जिसे ठंढ से बचाव के लिये आंगनबाड़ी केंद्र में अध्यन के लिये आने वाले बच्चे बच्चियों को दो दो सेट स्वेटर दिया जायेगा.साथ ही कहा कि प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में नामांकित 5166 नामांकित बच्चे बच्चियों को स्वेटर देना है.तथा सभी सेविकाओं से कहा गया.की बच्चे बच्चियों को स्वेटर पहना कर दो दिनों के अंदर ग्रुप फोटो बाल विकास परियोजना सेन्हा ग्रुप में डाउनलोड करने का निर्देश दिया गया.साथ ही सख्त निर्देश देते हुए कहा गया है.की किसी भी आंगनबाड़ी केंद्र में स्वेटर वितरण नहीं होता है। और स्वेटर वितरण सम्बन्धी कोई शिकायत मिलता हैं.तो उसका जिम्मेवार सेविका होंगे.इस लिये दो दिन के सन्दर सभी सेविकाएं स्वेटर वितरण करना सुनिश्चित करेंगे। मौके पर बेबी कुमारी नायक,एतवारी उरांव, शहनाज खातून, निर्मला देवी, लक्ष्मी उरांव, सुशीला देवी, रानी गीता देवी, रजनी देवी, सीता देवी, निशा देवी, सुशिना देवी सहित अन्य आंगनबाड़ी सेविकाएं उपस्थित थे।

### कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू
### (जिला भू-अर्जन शाखा)

दूरभाष (मो0) सं0- Email {dlaopalamau@gmail.com}

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT**

(3G Award के तहत् घोषित)

**Name of Project :-** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-75 **(Section-III)**

( कि0मी0 147.450 (भोगू) से कि0मी0 196.870 (शंखा) NH-75 पर 4 लेन पथ निर्माण।)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI-75) (कि0मी0 147.450 भोगू से कि0मी0 196.870 शंखा तक पथ का 4 लेन निर्माण हेतु अधिनियम की धारा-3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तदनुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा/आपत्ति एक सप्ताह के भीतर जिला भू-अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर जिला भू-अर्जन कार्यालय, पलामू विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0-75 अन्तर्गत मौजा-भण्डार, थाना-विश्रामपुर, थाना नं0-78

पत्रांक-58(A)/भू0अ0, दिनांक-30.11.2024

| क्र0 सं0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | भूमि की प्रकार | भूमि का किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | भण्डार | 229 | 661/1 | बकास्त | धान-3 | 0.0500 | 1 | अकलिवंती देवी पति स्व0 कामेश्वर पाण्डेय | पक्का मकान |
| | | 229 | 661/4 | बकास्त | धान-3 | 0.0600 | | तदैव | |
| | | 229 | 922/3 | बकास्त | टांड़-3 | 0.0525 | | तदैव | |
| 2 | | 264 | 894/2 | बकास्त | टांड़-3 | 0.1500 | 2 | उपेन्द्र कुमार पाण्डेय | |
| 3 | | 264 | 1212 | बकास्त | टांड़-3 | 0.0800 | 3 | उपेन्द्र कुमार पाण्डेय पिता भवन पाण्डेय | |
| 4 | | 264 | 1214 | बकास्त | टांड़-3 | 0.0868 | 4 | उपेन्द्र कुमार पाण्डेय पिता भवन पाण्डेय, नारद पाण्डेय | |
| 5 | | 213 | 1211 | बकास्त | टांड़-3 | 0.0600 | 5 | उपेन्द्र कुमार पाण्डेय पिता स्व0 भवन पाण्डेय | |
| | | 213 | 1213/1 | बकास्त | टांड़-3 | 0.0550 | | तदैव | |
| 6 | | 229 | 661/2 | बकास्त | धान-3 | 0.0433 | 6 | गीता देवी पति गोपाल मिश्र | |
| | | 229 | 662/2 | बकास्त | धान-3 | 0.0662 | | तदैव | |
| | | 229 | 662/6 | बकास्त | धान-3 | 0.0787 | | तदैव | |
| | | 229 | 923/5 | बकास्त | टांड़-3 | 0.0546 | | तदैव | |
| | | 116 | 907/1 | बकास्त | टांड़-3 | 0.0300 | | तदैव | |
| | | 30 | 596/1 | बकास्त | टांड़-3 | 0.0660 | | गीता देवी पति गोपाल मिश्र | |
| 7 | | 1 | 1263/1 | बकास्त | धान-3 | 0.0300 | 7 | गोवर्द्धन पाण्डेय पिता स्व0 मुंशी पाण्डेय | |
| 8 | | 277 | 1224/1 | बकास्त | टांड़-3 | 0.0200 | 8 | चन्द्रशेखर पाण्डेय, अरूण कुमार पाण्डेय, मिथिलेश कुमार पाण्डेय | |
| 9 | | 229 | 662/7 | बकास्त | धान-3 | 0.0113 | 9 | धन्नजय पाण्डेय वगै0 पिता स्व0 हरिहर पाण्डेय | |
| | | 30 | 596/2 | बकास्त | टांड़-3 | 0.0284 | | तदैव | |
| 10 | | 107 | 1279/1 | बकास्त | धान-3 मकान | 0.0750 | 10 | नरेन्द्र कुमार पाण्डेय, विरेन्द्र कुमार पाण्डेय वगै0 पिता स्व0 बच्चू पाण्डेय | |
| 11 | | 264 | 894/1 | बकास्त | टांड़-3 | 0.1500 | 11 | नारद पाण्डेय पिता स्व0 रामवृक्ष पाण्डेय | |
| | | 264 | 1210 | बकास्त | टांड़-3 | 0.0450 | | तदैव | |
| | | 213 | 1209/1 | बकास्त | टांड़-3 | 0.0720 | | तदैव | |
| | | 213 | 1213/2 | बकास्त | टांड़-3 | 0.0650 | | तदैव | |
| | | 213 | 1215 | बकास्त | टांड़-3 | 0.1693 | | तदैव | |
| 12 | | 229 | 665/2 | बकास्त | टांड़-3 | 0.0886 | 12 | पुष्पा देवी पति शिवकुमार पाण्डेय | पक्का मकान, चापाकल छड़ सिमेन्ट दुकान |
| 13 | | 271 | 607 | बकास्त | धान-1 | 0.0700 | 13 | 1. प्रभु साव, लक्ष्मण साव, 2. बिन्दु साव, 3. डोमन साव, 4. बिट्टु साव | |
| | | 271 | 612 | बकास्त | धान-3 | 0.0100 | | तदैव | |
| 14 | | 277 | 1224/4 | बकास्त | टांड़-3 | 0.0200 | 14 | प्रतिमा देवी पति स्व0 छोटन पाण्डेय | |
| 15 | | 277 | 768 | बकास्त | टांड़-3 | 0.0925 | 15 | बद्रीनाथ पाण्डेय पिता स्व0 रामखेलावन पाण्डेय | |
| 16 | | 255 | 906 | बकास्त | टांड़-3 | 0.0373 | 16 | बालिका उच्च विद्यालय | |
| 17 | | 1 | 1263/2 | बकास्त | धान-3 | 0.0700 | 17 | मुरारी पाण्डेय, गिरिन पाण्डेय पिता स्व0 जनार्दन पाण्डेय | |
| 18 | | 277 | 1224/2 | बकास्त | टांड़-3 | 0.0200 | 18 | मंजू पाण्डेय पति मिथिलेश कुमार पाण्डेय | |
| 19 | | 229 | 662/4 | बकास्त | धान-3 | 0.0940 | 19 | रामकिशोर पाण्डेय पिता स्व0 रामजवित पाण्डेय | |
| | | 229 | 923/3 | बकास्त | टांड़-3 | 0.0094 | | तदैव | |
| 20 | | 229 | 923/4 | बकास्त | टांड़-3 हाता, छज्जा, | 0.0260 | 20 | रंजू देवी पति शिवशंकर पाण्डेय | चापाकल |
| 21 | | 229 | 661/3 | बकास्त | धान-3 | 0.0280 | 21 | विजय पाण्डेय, अजय पाण्डेय पिता रामाश्रय पाण्डेय | |
| | | 229 | 662/3 | बकास्त | धान-3 | 0.0737 | | तदैव | |
| 22 | | 229 | 663/1 | बकास्त | टांड़-2 | 0.0600 | 22 | विनोद कुमार पाण्डेय | |
| | | 229 | 664/1 | बकास्त | धान-3 | 0.0050 | | तदैव | |
| 23 | | 229 | 665/7 | बकास्त | टांड़-3 | 0.0850 | 23 | विनोद कुमार पाण्डेय पिता स्व0 राम ब्यास पाण्डेय | |
| 24 | | 213 | 1024 | बकास्त | धान-2 | 0.1100 | 24 | विनोद कुमार पाण्डेय, प्रमोद कुमार पाण्डेय, रंजीत कुमार पाण्डेय | |
| | | 264 | 1022 | बकास्त | धान-3 | 0.0700 | | तदैव | |
| | | 264 | 1023 | बकास्त | धान-3 | 0.0148 | | तदैव | |
| | | 271 | 614 | बकास्त | धान-1 | 0.0200 | | तदैव | |
| | | 271 | 1034 | बकास्त | टांड़-2 | 0.2900 | | तदैव | पक्का+कच्चा मकान 1 |
| | | 271 | 1038 | बकास्त | टांड़-2 | 0.0750 | | तदैव | |
| | | 271 | 1031 | बकास्त | धान-2 | 0.0970 | | तदैव | |
| 25 | | 229 | 664/3 | बकास्त | धान-3 | 0.0466 | 25 | विरेन्द्र पाण्डेय वगै0 पिता रामबिलास पाण्डेय | |
| | | 229 | 665/5 | बकास्त | टांड़-3 | 0.0850 | | तदैव | |
| 26 | | 229 | 922/2 | बकास्त | टांड़-3 | 0.0262 | 26 | विरेन्द्र पाण्डेय, त्रिवेणी पाण्डेय पिता बेलास पाण्डेय | |
| | | 229 | 923/1 | बकास्त | टांड़-3 | 0.0200 | | तदैव | |
| 27 | | 229 | 662/5 | बकास्त | धान-3 | 0.1400 | 27 | श्याम सुंदर पाण्डेय पिता स्व0 रामजवित पाण्डेय | |
| 28 | | 229 | 663/2 | बकास्त | टांड़-2 | 0.0116 | 28 | शान्ति देवी पति स्व0 बैद्यनाथ पाण्डेय | |
| | | 229 | 664/2 | बकास्त | धान-3 | 0.0150 | | तदैव | |
| 29 | | 229 | 662/1 | बकास्त | धान-3 | 0.1088 | 29 | सूर्या देवी पति उषा नारायण दूबे | पक्का मकान |
| | | 229 | 665/6 | बकास्त | टांड़-3 | 0.0350 | | तदैव | |
| | | 229 | 922/1 | बकास्त | टांड़-3 | 0.0262 | | तदैव | |
| | | 229 | 923/2 | बकास्त | टांड़-3 | 0.0200 | | तदैव | |
| 30 | | 229 | 665/1 | बकास्त | टांड़-3 | 0.0863 | 30 | संजय ठाकुर पिता पुरन ठाकुर | पक्का मकान, चापाकल |
| 31 | | 229 | 665/3 | बकास्त | टांड़-3 | 0.0750 | 31 | सावित्री देवी पति रामदास पाण्डेय | पक्का मकान, चापाकल |
| 32 | | 116 | 907/2 | बकास्त | टांड़-3 | 0.0125 | 32 | संजय पाण्डेय वगै0 पिता स्व0 हरिहर पाण्डेय | |
| 33 | | 213 | 1209/2 | बकास्त | टांड़-3 | 0.0990 | 33 | सत्यनारायण पाण्डेय वगै0 पिता स्व0 रामदास पाण्डेय | |
| 34 | | 192 | 760 | बकास्त | टांड़-2 | 0.5400 | 34 | सतीश कुमार पाण्डेय वगै0 पिता स्व0 राजकुमार पाण्डेय | |
| 35 | | 107 | 1279/2 | बकास्त | धान-3 मकान | 0.0950 | 35 | हरिशंकर दूबे, हरेन्द्र दूबे पिता रामसूरत दूबे | चापाकल सागवान |
| 36 | | 229 | 663/3 | बकास्त | टांड़-2 | 0.0234 | 36 | त्रिवेणी पाण्डेय पिता स्व0 बेलास पाण्डेय | |
| | | 229 | 665/4 | बकास्त | टांड़-3 | 0.0100 | | तदैव | |
| | | | | | कुल :- | 4.5410 | | | |

कानूनगो, जिला भू-अर्जन कार्यालय, पलामू। — जिला भू-अर्जन पदाधिकारी पलामू। — अपर समाहर्त्ता पलामू। — उपायुक्त पलामू।

PR 341432 Palamu(24-25).D

### 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन जागरूकता अभियान का शुभारंभ, डीसी ने जागरूकता रथ को दिखायी हरी झंडी

# जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए घर-घर होगी सक्रिय मामलों की खोज : कर्ण सत्यार्थी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिले में यक्ष्मा (टीबी) उन्मूलन के उद्देश्य से आज उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने 100 दिवसीय एक्टिव केस फाइंडिंग अभियान का शुभारंभ किया। जिला यक्ष्मा केंद्र, दुन्दुरिया से उपायुक्त ने जागरूकता रथ और चलंत जाँच वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अभियान के तहत गुमला जिले के प्रत्येक गांव, स्कूल, कॉलेज और पंचायत में जाकर टीबी के सक्रिय मामलों की पहचान की जाएगी।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा की जिले को टीबी मुक्त बनाना हमारा लक्ष्य है। इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति की जाँच सुनिश्चित करनी होगी। जागरूकता रथ और मोबाइल जाँच वाहनों के माध्यम से गांव-गांव में टीबी से संबंधित जानकारी पहुंचाई जाएगी।

**सक्रिय मामलों की पहचान :** असुरक्षित समूहों (60 वर्ष से अधिक उम्र के लोग, एचआईवी संक्रमित, कुपोषित व्यक्ति, धूम्रपान या शराब का सेवन करने वाले) पर विशेष ध्यान।

टीबी के 10 लक्षणों, जैसे खांसी, बुखार, वजन घटना, सीने में दर्द आदि के आधार पर संभावित मरीजों की पहचान।

संभावित मरीजों का एक्स-रे और ट्रूनेट तकनीक से बलगम की जांच। टीबी की पुष्टि होने पर मरीजों को मुफ्त दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। टीबी से मुक्त पाए गए लोगों को टीबी निवारक चिकित्सा दी जाएगी। गांव, स्कूल, कॉलेज और पंचायतों में सघन प्रचार-प्रसार। सहिया, पारा-मेडिकल स्टाफ, और टीबी चैंपियंस द्वारा घर-घर जाकर संभावित मरीजों का सर्वेक्षण। उपायुक्त ने कहा कि यह अभियान राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्यः- टीबी से पीड़ित मरीजों को शीघ्र पहचान कर उनका उपचार करना, टीबी से संबंधित खर्च को शून्य करना, टीबी से होने वाली मृत्यु दर को कम करना।

सभी आयुष्मान आरोग्य केंद्र और स्वास्थ्य उपकेंद्र के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को अपने कार्यक्षेत्र में माइक्रोप्लान तैयार करने का निर्देश दिया गया है। सहिया और स्वास्थ्य कर्मी प्रत्येक घर में जाकर संभावित मरीजों की पहचान करेंगे और निर्धारित प्रारूप में उनकी जानकारी दर्ज करेंगे। उपायुक्त ने अभियान से जुड़े सभी स्वास्थ्यकर्मियों, सहिया, और समाजसेवियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही जिले को टीबी मुक्त बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में डॉ. धनंजय सुम्बरई, डॉ. गणेश राम, डॉ. भीम सुर्दशन, डीपीएम जया रेशमा खाखा, डीएएम, लैब टेक्नीशियन संजय कुमार, मुकेश कुमार सिंह, विनय गुप्ता, हरिशंकर मिश्रा, दीपक साहू, सुनील कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।





## टीबी हारेगा घाघरा प्रखंड जीतेगा, टीबी बीमारी को करना है जड़ से खत्म : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा में राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरूआत आज घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा से बीडीओ दिनेश कुमार एवम घाघरा मुखिया योगेंद्र भगत डॉ रोहित कुमार ने संयुक्त रूप से जागरूकता गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर य रावना किया। घाघरा प्रखंड को टीबी बीमारी से मुक्त करने के उद्देश्य से घाघरा में आज 100 दिवसीय टीबी मुक्त अभियान की शुरूआत बीडीओ दिनेश कुमार ने कहाँ की इस अभियान की सफलता के लिए सभी विभागों को समन्वय स्थापित कर कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन के इस 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने में विभिन्न





विभागों एवं गैर सरकारी संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करते हुए घाघरा प्रखंड को टी.बी. मुक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि टीबी से ग्रस्ति व्यक्ति को ठीक करने के प्रति आम जनमानस आगे आये, वे भी गांव-समाज के सदस्य है, उन्हे भी एक अच्छी जीवन जीने में मदद करने में उनका सहयोग करें। यह छुआ-छुत की बिमारी नही हैं, टीबी के प्रति मन में बैठी कुन्ठा को घाघरा से खत्म करना है, सभी मिलकर इस अभियान में बीमारों को इलाज कर गांव-टोला को टीबी मुक्त बनना है। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर घाघरा प्रखंड से टीबी बीमारी की जड़ से खत्म करना है। डॉ0 रोहित कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के कर्मी और सहिया घर-घर जाकर मरीज खोजेंगे, सैम्पल लेंगे, जांच करेंगे। टीबी पॉजीटीव पाये जाने पर निःशुल्क इलाज के साथ-साथ मरीज का फ्लोअप भी प्राथमिकता पर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति को 14 दिन का खांसी, बुखार या वजन कम हो रहा है तो आगे आयें, जांच के लिए खखार दें। यह निःशुल्क सेवा है, साथ हीं मरीज को विभाग के द्वारा आर्थिक सहयोग राशि 1000 रुपए भी दी जायेगी। उन्होने स्वास्थ्य विभाग की योजना के बारे में बताया। इनकी रही उपस्थित बीडीओ दिनेश कुमार डॉक्टर रोहित कुमार घाघरा मुखिया योगेंद्र भगत बबीता सिन्हा ज्ञानरंजन हेमंती देवी बबीता देवी मौजूद थे।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**बसिया(गुमला)।** बसिया उच्च विद्यालय के पास हुए बाईक दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। लगातार हो रही इस प्रकार की दुर्घटनाओं के कारण क्षेत्र के लोग सदमें में हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बसिया थाना क्षेत्र के लोटवा गिरजाटोली गांव निवासी पचपन वर्षीय निर्मल केरकेट्टा बसिया साप्ताहिक हाट से अपने घर लौट रहा था तभी किन्हीं कारणों से उसका मोपेड अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे लगे बिजली के एक खंभे से जा टकराया। बताया जाता है कि साप्ताहिक बाजार में केला बेचकर घर लौट रहे निर्मल केरकेट्टा की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। इस दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंची बसिया पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है।

### कामडारा में मैसी फर्गुसन ट्रैक्टर का डेमो कार्यक्रम

**गुमला।** गुमला के कामडारा प्रखंड स्थित गोंझू ऑटोमोबाइल में मैसी फर्गुसन कंपनी द्वारा ट्रैक्टर डेमो कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ झारखंड मैनेजर विक्रम राजपूत ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान कंपनी के ट्रैक्टर की विशेषताओं के बारे में जानकारी दी गई और उपस्थित ट्रैक्टर मालिकों को ट्रैक्टर चलाकर दिखाया गया।

## टीबी के संपूर्ण उन्मूलन के लिए बसिया में चलाया जाएगा सौ दिवसीय कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता**

**बसिया(गुमला)।** रेफरल अस्पताल परिसर बसिया में सौ दिवसीय टीबी मरीज खोज कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन अंचलाधिकारी नरेश मुंडा, चिकित्सा प्रभारी डॉ. विजय लकड़ा व डॉ. राजेश कुमार ने सयुंक्त रूप से फीता काट कर किया।

आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.विजय लकड़ा ने उपस्थित ग्रामीणों व चिकित्साकर्मियों का आह्वान करते हुए बताया कि वर्ष 2025 तक टीबी को पूरी तरह से हरा देने के सरकारी संकल्प को तबतक पूरा नहीं किया जा सकता जबतक आम लोगों का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल जाता। इस संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इस बड़े उद्देश्य की पूर्ति के लिए आगामी सौ दिनों की चरणबद्ध योजना ली गई है और इसके क्रियान्वयन की प्रक्रिया का शुभारंभ भी कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम के तहत टीबी रोग से ग्रसित पूर्व रोगियों के साथ साथ एचआईबी पोजिटीव, डायबिटीज रोगी, अत्यधिक नशापान करने वाले व्यक्ति, टीबी मरीज के संपर्क में आ चुके उनके परिजनों व सहयोगियों की पहचान कर उनके गहन जाँच व संदेहास्पद पाए जाने पर उनके स्पुटम जांच की व्यवस्था की गई है। उन्होंने यह जानकारी भी दी कि टीबी संक्रमण की पुष्टि होने पर उनके लिए मुफ्त में समुचित दवा और तत्संबंधी निगरानी की पूरी व्यवस्था की गई है। उन्होंने आम लोगों से यह अपील की है कि 7 दिसंबर से लगातार एक सौ दिनों तक चलने वाले इस चरणबद्ध कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों को आगे आने के लिए प्रेरित करने में स्वास्थ्य प्रशासन का सक्रिय सहयोग करें।



### भरनो में 100 दिवसीय टीबी मरीज खोज अभियान का शुभारंभ



**भरनो (गुमला)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो में शनिवार को 100 दिवसीय टीबी मरीज खोज अभियान का उद्घाटन प्रमुख पारस नाथ उरांव, बीडीओ अरुण कुमार सिंह और चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. जाहिद अख्तर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अभियान का उद्देश्य टीबी के लक्षणों की पहचान, समय पर जांच और उपचार को बढ़ावा देना है। डॉ. जाहिद अख्तर ने कार्यक्रम के दौरान टीबी के लक्षणों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि किसी को दो हफ्ते से अधिक खांसी, वजन कम होना, भूख न लगना, कमजोरी, बुखार, रात में पसीना आना, या बलगम में खून आ रहा हो, तो उसे तुरंत स्वास्थ्य केंद्र पर निशुल्क जांच करानी चाहिए। उन्होंने टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इससे जुड़े भेदभाव को समाप्त करने पर जोर दिया। बीपीएम रविंद्र कुमार ने बताया कि यह अभियान 100 दिनों तक चलेगा, जिसमें अधिक से अधिक टीबी मरीजों की पहचान और उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। प्रमुख पारस नाथ उरांव और बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए टीबी मुक्त समाज बनाने के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर डॉ. ज्योति कुजर, डॉ. अनूप कुमार सिंह, डॉ. महेंद्र कुमार, फहीम चौधरी, मनोज कुमार, राणा चंदन सिंह, दुर्गा देवी, सुप्रिया कुमारी समेत कई स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

### सौ दिन के टीवी मुक्त अभियान का शुभारंभ

## चैनपुर प्रखंड को टीबी मुक्त बनाने की पहल

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय मके सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सौ दिन का टीवी मुक्त अभियान की शुरूआत उत्साहपूर्वक की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा, चैनपुर मुखिया शोभा देवी, वार्ड सदस्य रश्मि भारती खलखो टोप्पो और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. धर्मनाथ ठाकुर ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर जागरूकता रथ को रवाना किया गया, जो प्रखंड के हर गांव में जाकर लोगों को टीबी से बचाव और इलाज के प्रति जागरूक करेगा। इस अभियान के अंतर्गत चैनपुर प्रखंड के सभी गांवों में घर-घर जाकर टीबी की स्क्रीनिंग की जाएगी। संभावित मरीजों की पहचान के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा उनकी जांच और इलाज की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। अभियान का उद्देश्य प्रखंड को पूरी तरह टीबी मुक्त बनाना है। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा की टीबी जैसी बीमारी को समय पर पहचान और इलाज से पूरी तरह खत्म किया जा सकता है। यह अभियान समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। सभी को इस पहल में सहयोग करना चाहिए ताकि चैनपुर प्रखंड को टीबी मुक्त बनाया जा सके। चैनपुर मुखिया शोभा देवी ने कहा की ग्रामीण क्षेत्रों में टीबी के प्रति जागरूकता की कमी है। यह अभियान लोगों को इसके लक्षण, इलाज और बचाव के बारे में जागरूक करेगा। सामुदायिक सहभागिता से हम इस चुनौती का सामना कर सकते हैं।

वार्ड सदस्य रश्मि भारती खलखो टोप्पो ने अपनी बात रखते हुए कहा की टीबी मुक्त चैनपुर हमारा सपना है। मैं सभी जनप्रतिनिधियों, युवाओं और स्वास्थ्य विभाग की टीम से अपील करती हूं कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और इसे सफल बनाएं।

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. धर्मनाथ ठाकुर ने बताया की 100 दिन के इस अभियान में संभावित मरीजों की पहचान के लिए घर-घर स्क्रीनिंग की जाएगी। शुरूआती लक्षण मिलने पर समुचित जांच और इलाज की प्रक्रिया तुरंत शुरू की जाएगी। स्वास्थ्य कर्मियों और समुदाय के सहयोग से चैनपुर प्रखंड को पूरी तरह से टीबी मुक्त बनाया जाएगा।

उन्होंने कहा की जनता की जागरूकता इस अभियान की सफलता की कुंजी है। यह केवल स्वास्थ्य विभाग का कार्य नहीं है, बल्कि हर नागरिक की भागीदारी से ही संभव होगा। अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मियों का संयुक्त प्रयास आवश्यक है। इस अवसर पर प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अबू समीर, प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रमोद कुमार रवि, ममता कुमारी, मनीष कुमार, प्रेम बड़ा, सत्येंद्र उरांव, मनोज उरांव, प्रभात रोशन, विनय कुमार, कंचन किशोर,समेत बड़ी संख्या में सहिया और सहिया साथी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### कृषि विज्ञान केंद्र में रबी फसल पर विशेष कृषि चौपाल, 145 किसानों ने लिया भाग



**गुमला।** गुमला जिले के कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशनपुर द्वारा अंबेडकर सभा कक्ष में आज कृषि चौपाल सह कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के 145 किसानों ने भाग लिया। भारत सरकार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देश के सभी कृषि विज्ञान केंद्रों में अपराह्न 2:00 से 3:00 बजे तक किया गया। कार्यक्रम के दौरान रबी मौसम के लिए उपयुक्त 109 नई फसलों में से 54 प्रमुख किस्मों पर विशेष चर्चा हुई। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अनुसंधान केंद्रों द्वारा विकसित फसल, सब्जी, दलहनी और तिलहनी फसलों के प्रभेदों पर विशेषज्ञों ने किसानों को जानकारी दी। सरसों की खेती को बढ़ावा देने के लिए विशेष संगोष्ठी भी आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकास भारती बिशनपुर के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. संजय कुमार उपस्थित थे। केंद्र के अन्य वैज्ञानिक डॉ. निशा तिवारी, सुनील कुमार, डॉ. नीरज कुमार वैश्य, डॉ. विनोद कुमार, और शिवदयाल मनी ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह कार्यक्रम किसानों के लिए नवीनतम कृषि तकनीकों और फसल विविधताओं को समझने का एक सुनहरा अवसर साबित हुआ।

### मंत्री बनने के बाद पहली बार आएंगे घाघरा के रन्हे स्टेडियम में मंत्री चमरा लिंडा



**घाघरा।** घाघरा के रन्हे स्टेडियम में शनिवार को दिन के 10बजे जेएमएम कार्यकर्ताओं का बिशुनपुर विधानसभा स्तरीय बैठक का हुआ आयोजन, मंत्री के कार्यक्रम की रूपरेखा हुई तैयार घाघरा प्रखंड के रन्हे स्टेडियम में झामुमो कार्यकर्ताओं का बिशुनपुर विधानसभा स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया बैठक में आगामी 8 दिसंबर को दिन के 11 बजे झारखंड के अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिंडा का रन्हे स्टेडियम में आगमन हो रहा है। जिसमें मंत्री के अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारी को लेकर चर्चा की गई। वही कार्यकर्ताओं ने बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में ग्रामीणों को आने का न्योता दिया ताकि उक्त अभिनंदन कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। मौके पर संजीव उराव, विनोद उरांव, कामाख्या भगत, बेचन भगत, बलि उरांव, सतेंद्र उरांव, अरविंद उरांव, कमल देव कुजूर, संजय उरांव, संजय भगत, बल्कू उरांव, विकास कुमार, रमेश भगत, प्रकाश उरांव, लक्ष्मण उरांव, मनेश्वर उरांव, शिला कुजूर, विफैया उरांव, सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे

### सूरज कुमार मंडल की शानदार पारी से कोडरमा सेमीफाइनल में, धनबाद को 3 विकेट से हराया



**गुमला।** कोडरमा के सूरज कुमार मंडल की बेहतरीन 80 रनों की नाबाद पारी और 3 विकेट की शानदार गेंदबाजी की बदौलत कोडरमा ने जेएससीए अंतर जिला अंडर-14 क्रिकेट टूनामेंट के क्वार्टर फाइनल में धनबाद को तीन विकेट से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। यह रोमांचक मुकाबला शनिवार को जिला मुख्यालय के शहीद तेलंगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। धनबाद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 30.4 ओवर में 140 रन बनाए। टीम के लिए अंश राज (नाबाद 30), प्रिंस यादव (30), दिशांक शेखर (24) और राजकुमार राय (18) ने उपयोगी पारियां खेलीं। कोडरमा की ओर से प्रिंस कुमार और सूरज कुमार मंडल ने 3-3 विकेट झटके, जबकि हमजा समीर और तन्मय कुमार को 1-1 विकेट मिला। जवाब में, कोडरमा ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 31.3 ओवर में 7 विकेट खोकर जीत हासिल की। सलामी बल्लेबाज सूरज कुमार मंडल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 86 गेंदों में 6 चौके और 2 छक्कों की मदद से 80 रनों की नाबाद पारी खेली। अन्य बल्लेबाजों का प्रदर्शन औसत रहा, लेकिन सूरज के योगदान और 45 अतिरिक्त रनों के सहारे टीम ने जीत दर्ज की। धनबाद के लिए गुरप्रीत सिंह और प्रशांत कुमार ने 2-2 विकेट लिए, जबकि राजकुमार और अनुराग को 1-1 विकेट मिला। सूरज कुमार मंडल को उनके हरफनमौला प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द डे' चुना गया। उन्हें टीआरडीओ रोनित सिंह, जिला क्रिकेट संघ के सचिव जितेंद्र सिंह, और अन्य अधिकारियों ने 5000 रुपये नकद और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मनोज चौधरी, लाल चंद्रशेखर, सुनील सिंह, ओम शंकर सिंह, ज्ञान प्रकाश, अंकित विश्वकर्मा, आयुष अग्रवाल, यमुना झा, मधुसूदन उरांव, और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## शिक्षा कर भेंट लक्ष्य को निर्धारित कर पढ़ाई करें छात्राएं : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**घाघरा।** प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार ने शनिवार को शिक्षा कर भेंट कार्यक्रम के तहत कस्तूरबा बालिका विद्यालय घाघरा के 10वीं वर्ग में अध्यनरत बालिकाओं को मैट्रिक परीक्षा की तैयारी हेतु मॉडल पेपर की जानकारी दिया गया । वहीं विभिन्न विषयों की परीक्षा भी लिया। वहीं परीक्षा परिणाम को बेहतर करने के लिए प्रधान अध्यापक एवं शिक्षकों से विस्तृत चर्चा करते हुए अनुपस्थित बच्चों को उपस्थिति के लिए उनके अभिभावकों के साथ वार्ता हेतु दिए दिशा निर्देश । उन्होंने सभी शिक्षकों को एक्सन प्लान बनाने व परीक्षा परिणाम बेहतर करने के लिए अभी से ही जुट जाने को कहा।

## गुमला : तनाव आपकी मौलिकता छीनती है, सकारात्मकता खुशियां लाती है : चौहान

- *बारडीह जंगल के बीच सुदूर ग्रामीण इलाके के दो स्कूल उत्क्रमित उवि बांसडीह व उत्क्रमित उवि तबेला, चैनपुर में आयोजित हुआ*
- *खुशी क्लास, गूंजे बोल-सकारत्मकता ही दिलाएगी सफलता*

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** शनिवार को गुमला जिले का सुदूर गांव, घने बारडीह जंगल के बीच उत्क्रमित उवि बांसडीह व उत्क्रमित उवि तबेला, चैनपुर में खुशी क्लास का आयोजन हुआ। लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी क्लास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित खुशी क्लास को सम्बोधित करते हुए संस्था के संस्थापक सह संचालक संचालन मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि तनाव, डिप्रेशन को अपने जिंदगी में आस-पास भी



फटकने नहीं देनी है। सकारात्मकता से खुशी जगती है और यही खुशी मंजिल तक ले जाती है। चौहान ने सकारात्मकता के ताकत से सम्बंधित कहानी भी सुनाई। चार घुड़सवार जंगली राह से जा रहे थें। रास्ता काफी संकरी और टूटी फूटी थी। इस कारण सभी एक साथ न चलकर आगे पीछे चल रहे थें। जंगल में उन लोगों ने देखा कि कंटीली झुरमुट के पास पेड़ के घोंसले से एक छोटी सी चिड़िया नीचे गिर गई। छोटी चिड़िया चीं‌चीं चिल्ला रही थी। ऊपर पेड़ पर से कई और चिड़िया शोर मचाने लगें। बेचारी चिड़िया बहुत कष्ट में है, यह कहते हुए पहला घुड़सवार निकल गया। काफी मार्मिक दृश्य है, कहते हुए दूसरा और कांटे नहीं होते तो उठा देता, कहते हुए तीसरा घुड़सवार भी सामने से गुजर गया। चौथा घुड़सवार रुका, कांटों को साफ करते हुए चिड़ी को उठाया, पेड़ पर चढ़कर उसके घोंसले में रख आया। वो घुड़सवार अमेरिका के ख्यातिप्राप्त राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन थें। लब्बोलुआब यह, जिन्हें ऊंचाई पर पहुंचना है, प्रसिद्धी पानी है, उनके भाव, कार्यसंस्कृति हटकर होगी। सरल शब्द में, फलदार वृक्ष के ऐसा उनका व्यक्तित्व झुका होगा, पर उनकी कार्यपद्धति गगनचुंबी होगी। अंत में बांसडीह के प्राचार्य रामजीत उरांव व तबेला के प्राचार्य सिकंदर साहू ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
E-mail-zilaparishad.palamu@gmail.com

### आम सूचना (6th Call)

एतद् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि दिनांक 22.11.2022 को संपन्न जिला परिषद बोर्ड की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में विभिन्न प्रखण्डो में स्थित जिला परिषदीय बहुद्देशीय भवन/डाक बंगला की बंदोबस्ती 5 वर्ष के लिए खुली डाक के द्वारा निम्नांकित तिथि को उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू के डी0आर0डी0ए0 स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में की जायेगी।

| क्र0 | प्रखण्ड | सैरात का नाम | बन्दोबस्ती की अवधि | एक वर्ष के लिए डाक की न्यूनतम राशि | अग्रधन की राशि 25% | डाक की तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | हरिहरगंज | हरिहरगंज व्यसायिक ईकाई (2 बहुद्देशीय भवन एवं 2 डाक बंगला सहित संपूर्ण परिसर)। | 5 वर्ष | 432000.00 | 108000.00 | 17/12/2024 | 12:00 बजे |
| 2 | विश्रामपुर | विश्रामपुर व्यसायिक ईकाई (1 बहुद्देशीय भवन, 2 डाक बंगला एवं 1 बस पड़ाव (1st Call) सहित संपूर्ण परिसर)। | 5 वर्ष | 456000.00 | 114000.00 | | |

उपरोक्त सैरात के बंदोबस्ती हेतु खुली डाक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 16.12.2024 तक कॉलम संख्या–6 में निर्धारित अग्रधन राशि बैंक ड्राफ्ट/चेक द्वारा जो सचिव, जिला परिषद, पलामू (**Secretary, Zila Parishad, Palamu**) के पदनाम से भुगतेय होगा, कार्यालय जिला परिषद, पलामू में जमा करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/चेक के साथ दो पासपोर्ट साईज फोटो, वैध चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, पहचान पत्र एवं पैन कार्ड का छायाप्रति जमा करना आवश्यक होगा। सैरात की बंदोबस्ती की अवधि 5 वर्षो की होगी। सर्वोच्च डाक वक्ता को डाक समाप्ति के पश्चात् तत्काल सम्पूर्ण डाक राशि का 50% नकद राशि के रूप में नजारत जिला परिषद, पलामू में जमा करना अनिवार्य होगा। एक डाक से दूसरे डाक के बीच की अन्तर राशि न्यूनतम 10000.00 (दस हजार) रूपये की होगी।

उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू को बिना कारण बताये डाक स्थगित करने का सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा। किसी भी प्रकार के वाद–विवाद का निपटारा स्थानीय न्यायालय में किया जायेगा।

नोट :– उपरोक्त सैरात के आवंटन में सरकारी/अर्द्ध सरकारी निकायों को प्राथमिकता दी जायेगी।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू।

PR.NO.341440 District(24-25):D

## भय से काँप उठा



सुधा गोयल 'नवीन'

हाथ कुल्हाड़ी देख लकड़हारे के,
भय से काँप उठा वह पेड़,
हाथ जोड़कर उससे बोला,
जीवनयापन को तुम अपना,
मेरा जीवन लेते हो ......
पर मेरा जीवन, मेरा कहाँ,
क्यों नहीं बात समझते हो?
हर इक सांस तुम्हारी तुमको,
मैंने ही तो दी है.....
मेरा वध करके तुम बोलो,
कितने दिन जी पाओगे?
जो अनर्थ आज करते हो,
कल बहुत पछताओगे...
मेरा वध करके तुम बोलो,
कितने दिन जी पाओगे?
मेरी फुनगी पर झूल-झूलकर
कोयल मैना तेरा मन बहलाती हैं...
जी लो औरों की खातिर तुम,
सीख यही दे जाती हैं...
मेरी लकड़ी से माना तुम,
इक सुन्दर महल बनाओगे...
अनगिन पंछियों के नीड़ों को,
मिट्टी में मिलाओगे...
घर उजाड़ मासूम जनों का,
क्या सुख से रह पाओगे ?
हाड़-तोड़ मेहनत कर खेतों में,
दो रोटी खाने के बाद,
पल भर सुस्ताने की खातिर,
मेरी ठंडी छाँव को तरस जाओगे,
मेरा वध करके तुम बोलो,
कितने दिन जी पाओगे?
हे! मानव तुम आज की खातिर,
अपने कल से बैर न.. करना,
पेड़, हवा, पानी, मिट्टी से,
स्वार्थवश खिलवाड़ न.. करना,
तुम भी जीना.. हमको भी जीने देना...
जीने देना.....

# सच में देवभूमि है यह





अनिता रश्मि

यह यात्रा उस समय की, जब देवभूमि हिमाचल प्रदेश का मनाली आज की तरह विकसित नहीं था। मनाली में वशिष्ठ मंदिर, बौद्ध मठ, हिडिम्बा मंदिर आदि जाने का कार्यक्रम बना।

मनाली का स्टेट बैंक हॉली डे होम बेहद खूबसूरत पर्वतीय चोटी पर बना है। हम वहीं ठहरे थे। तिब्बत पास होने के कारण मनाली के माल रोड से लेकर यहाँ तक तिब्बती सामग्री, तिब्बती चित्रादि के दर्शन हुए।

### गोम्पाब बौद्ध मठ

बौद्ध मठ का निर्माण 1960 में करवाया गया था। हर साल हजारों पर्यटक तिब्बत से भी यहाँ दर्शनार्थ आते हैं। मठ की छत पीले रंग की पैगोडा स्टाइइल में बनी हुई है और कलात्मक टॉवर जैसी लगती है। यहाँ घूमकर एक आत्मिक संतुष्टि, शांति का अनुभव हुआ।

हमारे बिहार के राजकुमार सिद्धार्थ के बुद्ध बन जाने और बुद्ध के पूरे विश्व में छा जाने का अहसास गहरा गया। खुद-ब-खुद बोध गया का बोधि वृक्ष, जिसकी छाँव तले सिद्धार्थ ने ज्ञान प्राप्त किया था, स्मरण हो आया।

हिमालय के अनेक स्थलों पर बौद्ध स्तूपों, बौद्ध मठों और उनमें स्थित बौद्ध साहित्य, केसरिया रंग में ढले बेशुमार बच्चे, स्त्री, वृद्ध बौद्ध भिक्षुक उनके स्वीकार्यता के प्रमाण हैं।

हर तरफ केसरिया रंग की बहार थी। उनके घुटे सिर, दमकते भाल, केसरिया वर्ण की विशेष पोशाक और आत्मा में बुद्ध के सिद्धांत एक अलग वातावरण का निर्माण कर रहे थे।

बौद्ध चक्र को घुमाते हुए जैसे सबकी बुदबुदाहट में शामिल प्रार्थनाएँ कह रही थीं, हर धर्म का एक ही उद्देश्य है, शांति...शांति...शांति और पर उपकार!₹

पूर्व में किए गए सिक्किम के बौद्ध मठों के विहार की याद भी स्वाभाविक रूप से आ गई। आस-पास लगे घोटे-छोटे पताकाओं की भी।

खुशी हुई कि पाटलिपुत्र (बिहार) के महान सम्राट अशोक के प्रयास पूरी तरह रंग ला चुके हैं। उन्होंने कलिंग युद्ध के बाद हिंसा का त्याग कर बौद्ध धर्म अपना लिया था। अपने पुत्र महेन्द्र, पुत्री संघमित्रा के माध्यम से बौद्ध धर्म के प्रचार में अपना तन-मन-धन लगा दिया था। सुदूर चोटियों तक बौद्ध स्तूपों के निर्माण इसके प्रमाण हैं। 'वे आज के हिंसक माहौल में होते तो कैसा महसूस करते?' इस प्रश्न का उत्तर हमारे पास नहीं था।माल रोड पर भी बौद्ध केसरिया बानी की बहार दुकानों, सड़कों पर थी।

### हिडिम्बा मंदिर

एक दिन स्थानीय बागादि में भ्रमण के बाद हिडिम्बा मंदिर ले गया चालक। लकड़ी और पत्थरों से बना मंदिर महाभारत के पाडंवों में से एक भीम की पत्नी हिडिम्बा देवी को समर्पित है। 1553 में इस पैगोडा शैली के मंदिर का निर्माण हुआ। यह मंदिर डूंगरी पार्क के बीच में स्थित है। लकड़ी के चार-स्तरीय शिवालय आकार की छत और नक्काशीदार प्रवेश द्वार बेहद आकर्षक।

बड़े से परिसर में घुसते ही चारों ओर से ऊँचे देवदारों से घिरे पार्क में आस-पास की दो-तीन महिलाओं ने जिद सी मचाई और अपने साथ के खरगोशों को बेटी अनुभा के कंधे, सर पर डाल दिया। श्वेत कोमल खरगोश यूँ तो सबको खूब लुभाते हैं। लेकिन इस तरह? यह उनके कमाने की जद्दोजहद थी। हमने कुछ पैसे दिए और आगे बीचोंबीच स्थित हिडिम्बा देवालय की ओर बढ़ गए।

देवदार हर तरफ अपनी ऊँचाई से मनुष्य के कद को नापते हुए...औकात दिखलाते हुए हमें देख रहा था। उसके तले खड़े होने, बैठने से अपने बौने होने का एहसास जैसे गहरा जाए। मंदिर जाने के लिए धूप में भी पर्यटकों की लंबी लाइन लगी थी। हिडिम्बा यहाँ देवी दुर्गा की तरह पूज्य है। अंदर आधी चट्टान के पास हिडिम्बा देवी की पूजा कर रहे थे सब। कौतूहल 'कैसे एक वनवासिनी राक्षसी इतनी पूजनीया बन गई?' एक और आश्चर्य बाहर भी हमारा इंतजार कर रहा है। मंदिर से निकल हम तीनों देर तक देवदार तले घूमते रहे। देवदार के सघन वृक्षों को देख, मैदान में पड़े लोहे के झूले पर अनुभा के साथ बैठ चुपचाप प्रकृति के अवदानों के प्रति नतमस्तक होती रही।

'प्रकृति से बड़ा आज तक न कोई चित्रकार हुआ है, न होगा।' मन में गहरे तक बैठी बात फिर याद आ गई। बेहद खूबसूरत बड़े पार्क में पैदल पथ पर बढ़ते हुए चालक आनन्द ने भीम और हिडिम्बा के पुत्र घटोत्कच की पूजा-अर्चना के बारे में बताया और एक वृक्ष के पास ले आया। पवित्र गाछ के रूप में इसकी पूजा की जाती है क्योंकि यहीं घटोत्कच की एक छोटी सी प्रतिमा रखी हुई थी। उस पर रोली की ललाई, अक्षत के आशीष एवं फूलों की चमक बिखरी हुई थी। साहब जी, यहाँ घटोत्कच का एक बड़ा मंदिर बननेवाला है। जल्दी बनेगा।

घटोत्कच की भी पूजा होती है? वह तो राक्..

...यहाँ तो सभी लोग दोनों माँ-बेटे की पूजा करते हैं। चालक गाइड बन गया था। पूरा दुनिया में हिडिम्बा और घटोत्कच का कोई मंदिर नहीं है साहब जी। महाभारत काल के ये जीवंत पात्र मनो-मस्तिष्क में चहलकदमी करने लगे। देवभूमि के कई अनजाने रहस्य में से एक यह भी कि हिडिम्बा यहीं की थी।

सामने ही एक संग्रहालय में एक से एक मूर्तियाँ, आटा चक्की, स्थानीय पोशाकें पट्टू,, आभूषण, मुखौटे, नृत्य की पोशाकें, वाद्य यंत्र, बर्त्तनादि अनेक वस्तुओं से परिचय हुआ। संग्रहालय के एकदम निकट एक चीनी रेस्तराँ था। सामने मैदान। पहाड़ को काटकर विकसित किया गया स्थान। एक खूबसूरत दुनिया का रहस्य खुल रहा था। देवभूमि के अन्य स्थलों का भ्रमण दूसरे दिन। लेकिन अभी जितना देखा, मनमोहक था।

## कागा

काग़ा!
मत चाहो अपने लिए
वो दादी - नानी के जमाने वाली
कदर, प्यार और मनुहार /
कभी लिखा होता था पहली रोटी
पर तुम्हारा नाम/
तुम्हारी काँव- काँव से झड़ती थी
खुशियों की पहचान/
कि आने वाली है कोई ,चिट्ठी या
मेहमान।
न रहे पेड़,न मुंडेर
न आँगन,न चिट्ठियों की महक।
न डाकिए की राह में
आंखों की बिछी हुई वो ललक,
कौन करता है अब मेहमानों का
इंतजार?
कहाँ रहा संबंधों में वो प्यार।
अब अचानक आने वाले को नहीं
माना जाता भगवान।
कितना खुदगर्ज हो गया है न,
खुदा ,तेरा इंसान!
अब मोबाइल ही मिलने की
आसान राह है
बिना फोन किए किसी से मिलने
जाना भी गुनाह है
क्या भविष्य को दिन -रात का अर्थ
समझा पाओगे?
दोपहर में उठते नौनिहालों को
भोर का संकेत सुना पाओगे?
खत्म होते ही दूध - भात का
चलन
नहीं रहा जरूरी स्लाडोर से
तुम्हारा मिलन।
शहर की घनी आबादी ने
कर दिया है
दिलों का आकार भी सघन
कोई नहीं करना चाहता तुम्हारे
दर्शन।
अब तुम केवल एक काले पक्षी
हो।
कोई संदेशवाहक या संकेतदाता
नहीं।
करते रहो काँव-काँव ,
बीसवीं मंजिल की छत पर बनी
पानी टंकी पर चढ़ कर,
या शहर की पँहुच से दूर चले
जाओ ,
किसी गाँव में बचे हुए
बूढ़े पीपल की उदास शाख पर
बैठ चिल्लाओ।



डॉ सुरिंदर कौर नीलम

## मोबाइल



खुशबू बरनवाल 'सीपी'

प्रोफाइल कर चेंज, खुशी मिलती जन-जन को।
कवर पेज को देख, छोड़ कर श्रम जीवन को।।
साथी इंटरनेट, फेसबुक
इंस्टा सस्ता।
खोजे बंदे नेक, ऐप
से सार्थक रस्ता।।
मोबाइल है दोस्त,
करे जिद बच्चा-
बच्चा।
बन बैठा परिवार, बना सब रिश्ता कच्चा॥
रोगी बनते संग, देख कर यह मोबाइल।
बदले जीवन ढंग, मीडिया सोशल फाइल।।
मोबाइल सब हाथ, बना विश्वासी साथी।
लेकर चलते साथ, वृद्धि लत आदत आथी॥
इसमें उत्सव पर्व, मनाते हर नर- नारी।
बूढ़े-बच्चे प्रीत, छोड़कर दुनियादारी।।



## नैहर



डॉ.रत्ना मानिक

छोड़ आई हूं एक बार फिर से
सजल आंखों से
अपने नैहर की देहरी को
भींगते हुए मन से
समेट लाई हूं
आंचल में अपने
मां के दिए हुए
दूब धान का
फलित होता आशीर्वाद
महसूस कर रही हूं
सिर पर
अपने पिता का
आशीर्वाद से भरा
कंपकंपाता हाथ
घर आंगन की दीवारों को
दे आई हूं हिदायत
कांपते कदमों से चलते मेरे पिता को
बढ़ा कर हाथ लेना तुम थाम
उनके डगमगाने से पहले
रख देना
उनके कमजोर हो चले पैरों के नीचे
अपने वजूद का मजबूत आधार
पैरइजिसमें अब भी
लक्ष्य साधने का अदम्य साहस है
धुंधली सी आंखों में
अब भी कुटुंब के लिए
स्वप्नों का झिलमिलाता सागर है
अर्पित करते हुए जल
तुलसी को
कानों में उनके
कह आई हूं धीरे से
पिता के मुख से निकलती
अस्पष्ट सी प्रार्थना को
कर लेना स्वीकार
जिसमें अपने खानदान की
मंगल कामना में
लरज उठते हैं
दो निर्दोष से अधर
मायके के मंदिर में
कर आई हूं प्रार्थना
जोड़ कर हाथ नवा कर सिर
रखना मेरे प्राणों के आधार
मेरे मायके को
सदा यूं ही आबाद
मायका है तो
ज़िंदा है
हम बेटियों का गुरूर भी
वरना बिन नैहर हम बेटियों को
कहां मिलेगी कोई ठौर भी...?

## बुढ़ापे का सहारा



चारुमित्रा मिश्रा

कुणाल की मां हॉस्पिटल में है। कुणाल के पिता सुबह की चाय लेकर हॉस्पिटल जाते हैं और कुणाल की मां से कहते हैं इस उम्र में थोड़े से काम में ही थकान हो जाती है। और थककर वे अटेंडेंट के बिस्तर पर बैठ जाते हैं, तभी उस हॉस्पिटल में काम करने वाली आया झाड़ू लगाने रूम में आती है।

कुणाल के पिता उससे नाम पूछते हैं 'क्या नाम है तुम्हारा? जी कमली! अच्छा! कितने बच्चे हैं? जी, तीन। एक बेटा और दो बेटी और तुम्हारा घर?

जी! सरकार द्वारा अबुआ आवास योजना के तहत ढाई लाख रुपए मिले, उसी से तीन कमरे का मकान बनाया है। पास में ही ठाकुरगांव में रहती हूं। कुणाल के पिता ने प्रत्युत्तर में कहा तुम्हारे पास घर है तो सर ढंकने की व्यवस्था है चलो! अच्छा है! तुम्हें बेटा है ,तो बुढ़ापे का तुम्हारे सहारा भी हो जाएगा। उन्होंने अपनी बात जारी रखी बेटा ही आज भी बुढ़ापे का सहारा होता है।

मुझे देखो! मेरे तीन बेटे हैं। मैं एक बेटे के यहां चार महीने रहता हूं। मैं किसी बेटे पर बोझ नहीं बनना चाहता हूं। वो तो मेरी पत्नी चलने -फिरने में असमर्थ हैं। इसीलिए एक ही बेटे के पास रहती हैं। कुणाल इनकी सबसे अधिक देखभाल करता है। कमली ने कहा अच्छा! कुणाल के पिता ने जवाब दिया। बेटों का घर भी तो हमारा अपना है।

कमली ने दबी जुबान जवाब दिया। साहब!बगल के रुम में जो मिश्रा साहब की मां भर्ती हैं उन्हें तो केवल साहब रविवार के रविवार देखने आते हैं बाकी दिन वो अकेली रहती हैं। कभी कभी उन्हें कुछ अच्छा खाने की इच्छा होती है तो मैं उन्हें अपने घर से बना कर ला देती हूं। बदले में वो पर्स में से पैसे निकालकर देना चाहती। पर मैं नहीं लेती साहब! कुणाल के पिता ने कहा कमली! तुम दिल की बहुत अच्छी हो। पर सुना है.....तुम्हारे पति काम नहीं करते। पीकर तुम्हें बहुत मारते हैं।

कमली ने साहब की ओर देखा --

जी साहब! ई हंड़िया हमारे समाज का कोढ़ है ।वो पीकर दिन भर घर में पड़ा रहता है और बेटा भी पढ़ने लिखने में मन नहीं लगाता है।

'तुम महिला होकर इतना श्रम करती हो। मुझे तुमपर बहुत दया आ रही है कमली! कुणाल के पिता ने कमली के प्रति सहानुभूति व्यक्त की। कमली ने हंसकर कहा नहीं साहब! मैं कमजोर नहीं हूं। आप ये कैसी बातें कर रहे हैं? हमारे समाज में तो पुरुष से ज्यादा महिलाएं श्रम करती हैं। हमारे यहां बेटे-बेटी में कोई फर्क नहीं है। मैं भी अपने माता-पिता की देखभाल करती हूं। उन्होंने मुस्कुरा कर कमली की ओर देखा, वह उन्हें प्यार से निहार रही थी।



नवीन कुमार अग्रवाल

## रावण नहीं मरते

यह सच है, कि रावण नहीं मरते, केवल पुतले जलाने से। मगर एक उम्मीद तो जगती है, इस बहाने से। दरअसल अपने, दस सिरों के साथ, रावण, हमारे भीतर ही होता है, जिसे हर पल अपने, ज्ञान, विवेक एवं संयम की ज्योति से, जलाते रहना पड़ता है। कभी लोभ, कभी अहंकार, कभी घृणाकभी क्रोध, कभी काम, कभी तृष्णा कभी छल, कभी मोह, कभी आलस्य और कभी हिंसा की प्रबल भावना ये सभी बुराईयों के सर हमेशा जन्म लेते रहते हैं, हमारे भीतर। हमारी आत्मा, श्रीराम की तरह निरंतर, युद्ध करती रहती है, इनसे अक्सर दशहरा होता रहता है, हर पल हमारे अंदर। विवेक की कमान पर, ज्ञान के तीर तानकर, हमेशा सचेत रहती है चेतना, जैसे हीं बुराइयां सर उठाती है, आत्मा के द्वारा जला दी जाती है। पर कोई कोई हार जाता है, अपने भीतर बैठे रावण को नहीं मार पाता है, तब जन्म लेना पड़ता है राम को किसी मानव के रूप में साहस की धूप में एक तीर फिर तनता है इसलिए दशहरा मनता है।



# नासिक की यात्रा



अनामिका मिश्रा

2020 लॉकडाउन के एक महीना पहले हम लोगों ने नासिक की यात्रा का प्लान किया। मैं अपने पति और बेटे के साथ नासिक की यात्रा पर निकल पड़ी। काफी यादगार और मोहक यात्रा थी बहुत सारे अनुभव हुए इस यात्रा में। नासिक में मेरा भाई अपने परिवार के साथ रहता है ठहरना उसी के यहां हुआ। नासिक जाने का खास मकसद था त्रयंबकेश्वर के दर्शन और धार्मिक स्थलों का दर्शन करना। वहां पहुंचते ही अगले दिन हम लोगों ने त्रयंबकेश्वर की ओर प्रस्थान किया।बहुत ही अच्छा मौसम था और भगवान के दर्शन भी बहुत अच्छे से हो गए। फिर हम लोगों ने जब दर्शन किया उसके बाद अब किसी होटल पर खाने पीने की चाह जगी। महाराष्ट्र का प्रसिद्ध तो पाव है। बिसल पाव,बड़ा पाव का आनंद लिया बहुत ही अलग और स्वादिष्ट लगा। उसके बाद चाय की तलब जागी। अमृत तुल्य चाय एक चाय की दुकान देखी हमने वहां पर चाय पिया, कितनी तरह की चाय थी वहां पर, मैं बता नहीं सकती हर्बल टी लीफ टी हर तरह की चाय थी। चाय पीकर तो बड़ा ही आनंद आया घर के जैसा स्वाद था। और चाय पीकर जी भर गया। वहां से हमने अनेक धार्मिक स्थलों का दर्शन किया बहुत सी ऐसी जानकारी मिली जो हमें आज तक नहीं थी। त्रयंबकेश्वर से थोड़ा आगे एक बड़ा सा पर्वत था जो अंजनेरी पर्वत के नाम से प्रसिद्ध है और कहा जाता है कि वहां हनुमान जी का जन्म हुआ था और बहुत बड़ा मंदिर है।लेकिन काफी ऊपर चढ़ना पड़ता है हम लोगों के पास समय नहीं था तो हम लोग नहीं जा सके हमने नीचे से ही हाथ जोड़ लिया। फिर ऐसा मंदिर जहां लक्ष्मण मंदिर बताया गया,जहां पर सूर्पनखा का नाक काटा गया था और वहां लक्ष्मण जी निवास करते हैं बताया गया।वहां का हमने दर्शन किया। फिर वहां से आगे जाकर हमने राम कुंड के दर्शन किये, जो पंचवटी में स्थित है ऐसा




माना जाता है कि श्री राम, लक्ष्मण सीता ने वहां कुछ समय बिताए थे और राम जी ने स्नान किया था इसलिए वो रामकुंड के नाम से प्रसिद्ध हो गया,हमने दर्शन किए। फिर वहां पर गन्ने का रस का आनंद लिया,बहुत ही अच्छा वातावरण था, काफी लोग थे बहुत भीड़ थी। फिर वहां से हम लोग सीता गूफा में गए दर्शन करने,जहां मां सीता का रावण ने अपहरण किया था। हम लोगों ने दर्शन किया बहुत ही संकीर्ण रास्ता था। फिर भी किसी तरह से घुसकर हम लोगों ने मां का दर्शन किया, बहुत ही अच्छा लगा। शाम को छोटे भाई के परिवार के साथ हम लोग घूमने निकले नासिक शहर कोई रेस्टोरेंट तो नहीं गए,पर एक प्रदर्शनी लगी हुई थी,वहां हम लोग गए जहां खाने-पीने की भी काफी व्यवस्था थी,भाखरवली का आनंद लिया हम लोगों ने। नासिक पौराणिक और धार्मिक वृतांत से परिपूर्ण स्थल है बहुत सारी ऐसी जानकारी मिली। ऐसा लगा जैसे की कोई पुण्य प्रताप का फल है श्री राम जी की ऐसी कृपा जो हम लोगों ने दर्शन किया।काफी कुछ छूट भी गया समय की कमी की वजह से,फिर भी सीता गुफा,लक्ष्मण मंदिर रामकुंड का हमने दर्शन किया,पंचवटी में इतना समय नहीं बिता सके काफी कुछ अगली बार के लिए ही हमने रख दिया,पहले तो हमें सिर्फ त्रयंबकेश्वर मंदिर की जानकारी थी,परंतु नासिक में शिव शंकर के अलावा श्री राम जी का भी वास है, और हनुमान जी का जन्म स्थल भी वहां है ये भी जानकारी हुई। हमें वहां जाकर ही पता चला,इतनी सारी पौराणिक कथाएं वहां से जुड़ी हुई है इसकी जानकारी हुई, बहुत ही अच्छा लगा,आनंद आया एक बार पुनः फिर वहां की यात्रा आवश्यक हो ऐसी कामना है।

महाराष्ट्र का अपना अलग ही आनंद है खाने पीने का अलग ही स्वाद है,अलग-अलग नाम से अलग-अलग तरह के स्वादिष्ट भोजन जिनका हमने आनंद लिया, बहुत ही मजा आया। अगले दिन हम लोग शिर्डी के लिए निकल गए शिर्डी में बाबा के दर्शन किए और वहां का हमने आनंद लिया बहुत सारी चीजें देखी बहुत बहुत ही अच्छा लगा। नासिक की यात्रा संपन्न हो गई, पर लौट के समय हमारा टिकट कंफर्म नहीं था, अब हमें लौटना भी था। मेरे भाई ने कहा टिकट कैंसिल करवा कर अगले दिन का करवा लेते हैं। परंतु पतिदेव ने कहा नहीं हम टी टी से बात करके कंफर्म करवा लेंगे,लेकिन जाना बहुत जरूरी है और हम लोग निकल पड़े। जैसे ही ट्रेन में चढ़े टिकट तो कंफर्म नहीं था, बैठने भर को जगह नहीं थी। फिर भी एक सीट पर मुझे बैठा दिया बेटे के साथ। थोड़ी देर में लगा कि बेटा अस्वस्थ हो रहा है वो कह रहा था मुझे सोना है मैं बैठ नहीं पा रहा हूं,मगर सीट कंफर्म नहीं होने की वजह से उसे कहीं लेटने की भी जगह नहीं मिल रही थी। कोई अपने सीट पर जगह भी नहीं दे रहा था। ऊपर से अगल-बगल वाले दबी जुबान में ताने कस रहे थे। मैंने सुन लिया था। रिजर्वेशन हो तो सब अपने आप को फिर राजा समझ लेते हैं मैं सोची, हमारा रिजर्वेशन कंफर्म नहीं था यही मजबूरी थी। कुछ देर बैठे रहे तभी बगल वाली सीट में एक सज्जन सोए हुए थे,उनकी नींद खुली तो उन्होंने हमें देखा और बेटे को अपने पास बुलाकर लिटा लिया,बेटे को कुछ आराम लगा। फिर हमने देखा बेटे को बुखार चढ़ रहा है।हम लोग परेशान हो गए ।पतिदेव टी टी से बात कर रहे थे लेकिन काम नहीं बन रहा था।तब उन्होंने पूछा क्या बात है मुझे बताइए शायद मैं कोई मदद कर सकूं। तो मेरे पति ने बताया रिजर्वेशन कंफर्म नहीं है और हमें इतनी दूर जाना है जमशेदपुर। इत्तेफाक से वो रेलवे के अधिकारी ही निकले। उन्होंने कहा मैं फोन में बात करता हूं और आपका रिजर्वेशन कन्फर्म करवाता हूं,और कुछ ही देर में उन्होंने रिजर्वेशन कंफर्म करवा दिया। सेकंड एसी में एक सीट मिल गई और थर्ड एसी में एक सीट मिल गई। **-संयोजन : नरेश अग्रवाल**

## काव्य कोना

### एक कदम बढ़ाऊँ

चलो एक कदम बढ़ाऊँ
जिंदगी गलतियों से भरी थी
क्या-क्या बतलाऊँ
चलो एक कदम बढ़ाऊँ।
कठिनाई के घड़ी में गुजारे खुशीयों
के क्षण दोहराऊँ
दु:ख के पलों का क्यूँ रोना बार-बार
चलो एक कदम बढ़ाऊँ
घृणा और नफरत की आग
को क्यूं न भूलाऊँ
प्यार और मनुहार के पल
ध्यान में लाऊँ
जिन्दगी जितनी है बहुत है
न छोटी, न बड़ी,
न खाटी, न खोटी
फिर क्यूँ न मुस्कुराऊँ
चलो एक कदम बढ़ाऊँ।

नाग मणि

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। -संपादक

## आज का दोहा

कसमें लीं, वादे किये, दु:ख सहे चुपचाप।
फिर क्या ऐसा हो गया, मुकर गए जो आप।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

# दरकती दहलीज



सुरेश चन्द्र झा

घर का बायां हिस्सा तोड़ने की प्रक्रिया आज सवेरे से शुरू होने वाली थी, तीन महीने पहले बेटों और तीनों बहुओं का सम्मिलित फैसला हो चुका था कि कौन घर का कौन सा हिस्सा लेगा। माँ के हिस्से की किसे फिक्र थी,वो तो किसी न किसी के साथ रह ही लेगी, अकेले भला रहे भी तो कैसे ! शरीर भी कमजोर और भुरभुरी सी हो गई हड्डियों की लंबी पर कृष काया, भई, सेवा तो करनी पड़ेगी न। दो बेटे तो बाहर रहते, माँ घर छोड़कर तो जाएगी नहीं, बस जो बेटा बहू यहाँ रहते हैं, वे ही देखभाल करें- आखिर माँ को जो पिताजी की पेंशन की रकम हर माह मिलती है, वो उनको रखनेवाले के पास ही आएगी न हर माह। बाकी भाइयों और उनकी पत्नियों के निजी स्वार्थों पर यह अर्थोन्मुखी सोच हावी थी। यह उनकी दूरगामी सोच थी जो सुविधाओं के सांचे में पूरी तरह फिट बैठती थी। पति की मृत्यु के बाद पिछले डेढ़ दो वर्षों से बंटवारे का नाग अपना फन फैला चुका था, बहुधा उनके बीच की बातों का जहर,आपसी कलह के रूप में घर के वातावरण में कहर ढाता रहता। जमींदारी तो गई ही थी वर्षों पहले,अब जमीन के जिन टुकड़ों पर बाहर के लोगों की नजरें थीं,घर के वारिस भी अपनी छुद्र आवश्यकताओं के वशीभूत हो,अपनी उन्हीं जमीनों के और भी टुकड़े करने को आमादा थे। पिता जब तक थे तबतक रस्सी की वह गांठ की तरह थे जिनकी वजह से एकजुट थी परिवार की डोर। अब जब गांठ ही न रही तो डोर के तार बन्धन को त्यागकर खुलने को आमादा हो गए थे। चारों वारिस अपने अपने हिस्सों में अलग गृहस्थी बसाने को आमादा थे, जो नौकरीपेशा थे, उन्हें लोन लेकर इ एम आई भरने के लिए वक्त चाहिए था।बच्चों के लिए अलग अलग कमरे चाहिए थे,यानि परिवार इकाइयों में बंटा तो निजी अपेक्षाओं ने भी वृहत्तर रूप में न रहकर लघुतम इकाइयों का रूप ले लिया। अब सोचों में पूरा यानि हमारा परिवार नहीं था, उसकी जगह था मैं और मेरा परिवार। बस माँ के लिए ही मात्र था बचा हमारा परिवार का कॉन्सेप्ट,जबकि उनके मेरे परिवार की संरचनाओं में माँ के लिए तो कहीं जगह थी ही नहीं।अब माँ जाए तो जाए कहाँ? पिछली रात माँ सबों के सोने के बाद जब अपनी चौकी पर लेटी थी तो गुजरे पचास वर्ष सिनेमा की रील की तरह आंखों के पीछे नजर आ रहे थे,जब वह गौना करके इस घर में आई थी,जमींदार घर,हर ओर जमीन और बाग बगीचे। ये कितनी सुंदर बहू लाई, दादी को लोग कहते और घूंघट में नई नवेली दुल्हन शरमा जाती। सारी जिम्मेदारियों का समुचित निर्वहन किया तो था,मैंने आखिर कहाँ चूक हुई,मुझसे जो आज ये दिन देखना पड़ रहा है मुझे—पूरी रात यही यक्ष प्रश्न मन में हथोड़े की तरह चोट करता रहा। उन्हें याद था वह छोटा मकान जो वहीं पुश्तैनी इस घर से थोड़ी ही दूर उनके स्वर्गीय पति ने बनवाया था जो मेहमानखाने के रूप में प्रयुक्त होता रहा था अबतक। इधर मिस्त्री मजदूर आ गए थे घर के दाहिने हिस्से को जमींदोज करने, उधर उसी घर से दूर एक साया मेहमानखाने की चाबी से वहाँ के गेट का ताला खोल रहा था, इस संकल्प के साथ कि बची हुई जिंदगी बिना किसी भावना और सहारे के साथ गुजरेगी वह, सरकारी पेंशन पर। यह वो माँ थी जो अपने चार बेटों और एक बेटी को पाकर भी असहाय थी और अब उसके मन ने बस एक ही इच्छा जताई,वो थी मन की शांति।

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## पंजाब : सोशल मीडिया पर हुआ प्यार

# शादी के दिन इंतजार करती रही बारात, लड़की का अता-पता नहीं

एजेंसी। मोगा

पंजाब के मोगा से धोखाधड़ी का एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया। दरअसल, मोगा में एक युवक सोशल मीडिया के जरिए एक लड़की से संपर्क में आया और बात शादी तक जा पहुंची। दोनों ने अपनी रजामंदी से शादी करने का फैसला किया। शादी के दिन दूल्हा बारात लेकर पहुंचा लेकिन न तो लड़की पहुंची और न लड़की वाले। लड़का पक्ष दिनभर लड़की पक्ष का इंतजार करता रहा और फिर थाने पहुंचना पड़ा। यह मामला पंजाब के जालंधर जिले के तहसील नकोदर के गांव मड़िआला का है। दुबई में नौकरी करने वाले दीपक कुमार की सोशल मीडिया पर एक लड़की मनप्रीत कौर से दोस्ती हुई। दीपक और मनप्रीत एक दूसरे से कभी मिले नहीं, दोनों ने कभी एक-दूसरे को देखा नहीं था, फिर भी दोनों ने शादी का फैसला कर लिया। शुक्रवार को मोगा के रोज गार्डन पैलेस में दोनों की शादी होनी थी।

दूल्हा दीपक अपनी पूरी बारात लेकर करीब 12 बजे मोगा पहुंचा। मोगा पहुंचने पर उसे यह पता चला कि जिस पैलेस का नाम लिया गया था, वह वहां मौजूद ही नहीं था। जब दीपक ने लड़की को फोन किया, तो उसने जवाब दिया कि आप रुको, हम आपको लेने आ रहे हैं और फिर फोन काट दिया। इसके बाद घंटों तक लड़के वाले इंतजार करते रहे। शाम 6 बजे तक उनके पास कोई नहीं पहुंचा।

तो अंत में दीपक और उसके परिवार ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई। मीडिया से बातचीत करते हुए दीपक ने बताया कि मैं तहसील नकोदर के गांव मड़िआला महतपुर का रहने वाला हूं और दुबई में काम करता हूं। मेरी सोशल मीडिया पर मनप्रीत कौर से बातचीत शुरू हुई थी। शादी का फैसला भी हमने एक-दूसरे से मिले बिना किया था। लड़की ने मुझसे खर्चे के लिए 50-60 हजार रुपये भी मंगवाए थे, आज शादी का दिन था और हम बारात लेकर मोगा पहुंचे, लेकिन कोई नहीं आया। हम काफी समय तक लड़की के आने का इंतजार करते रहे, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।



*हमारे पास दूल्हे और उसके परिवार से शिकायत आई है। फिलहाल हमारे पास केवल लड़की का फोन नंबर है। हम उसकी तलाश करेंगे और देखेंगे कि इसके पीछे कौन लोग हैं।*

पुलिस अधिकारी हरजिंदर सिंह

**50-60 हजार रुपये भी मंगवाए थे लड़की ने मुझसे खर्चे के लिए**

## खान सर की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती



**पटना।** बिहार के चर्चित शिक्षाविद और अपनी अलग शिक्षण शैली के लिए प्रसिद्ध खान सर की तबीयत बिगड़ गई है। तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें पटना के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि डिहाइड्रेशन, थकान और तनाव के कारण उनकी सेहत पर असर पड़ा है। उनकी तबीयत बिगड़ने के बाद परिवार और करीबी लोग उन्हें तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है। छात्रों में बेहद लोकप्रिय खान सर की तबीयत बिगड़ने की सूचना के बाद छात्र उनके जल्द स्वस्थ होने की दुआ कर रहे हैं।

## देशभर में 19 दिसंबर से शुरू होगा प्रशासन गांव की ओर अभियान




**नई दिल्ली।** चौथे सुशासन सप्ताह के दौरान 19 दिसंबर को एक राष्ट्रव्यापी अभियान प्रशासन गांव की ओर शुरू किया जाएगा। इसका उद्देश्य लोक शिकायतों का निवारण और सेवा वितरण में सुधार करना है। कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि यह अभियान 19 से 24 दिसंबर तक देश के सभी जिलों, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आयोजित किया जाएगा। अभियान में 700 से ज्यादा जिला कलेक्टर हिस्सा लेंगे और अधिकारी तहसीलों और पंचायत समिति मुख्यालयों का दौरा करेंगे। यह तीसरी बार है जब भारत सरकार जन शिकायतों के समाधान और सेवा वितरण में सुधार के लिए तहसील स्तर पर राष्ट्रीय अभियान चलाएगी। यह एक समर्पित पोर्टल होगा, जिसमें जिला कलेक्टर तैयारी और कार्यान्वयन चरणों के दौरान सुशासन प्रथाओं और वीडियो क्लिप के साथ प्रगति अपलोड करेंगे।

## बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने 2025 के लिए परीक्षा कैलेंडर जारी किया



**पटना(आईएएनएस)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने शनिवार को मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 का वार्षिक कैलेंडर जारी कर दिया है। समिति के अध्यक्ष आनन्द किशोर ने शनिवार को बताया कि अगले साल 17 से 25 फरवरी को मैट्रिक की परीक्षा का आयोजन होगा। पटना में आयोजित एक प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि साल 2025 के 12वीं के विज्ञान, कला और वाणिज्य तीनों स्ट्रीम की परीक्षा एक फरवरी से शुरू होगी और 15 फरवरी 2025 तक चलेगी। उन्होंने बताया कि मार्च अथवा अप्रैल के दौरान परीक्षाफल का प्रकाशन कर दिया जाएगा, इसके बाद सप्लीमेंट्री तथा विशेष परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मई से जून महीने के दौरान सप्लीमेंट्री परीक्षा का परिणाम जारी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य के सभी डीएलएड शिक्षण संस्थान में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा 27 फरवरी को होगी। वहीं इसका परीक्षाफल 15 अप्रैल को जारी होगा।

## महाराष्ट्र : विधानसभा के विशेष सत्र के पहले दिन 173 विधायकों ने ली शपथ

**मुंबई।** नवगठित 15वीं महाराष्ट्र विधानसभा के तीन दिवसीय विशेष सत्र के पहले दिन शनिवार को करीब 173 विधायकों ने शपथ ली। इस मौके पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजीत पवार, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दिलीप वलसे पाटिल, पूर्व मंत्री छगन भुजबल, चंद्रकांत पाटिल, गिरीश महाजन, हसन मुश्रीफ, पहली बार विधायक बनी श्रीजया चव्हाण (पूर्व सीएम अशोक चव्हाण की बेटी), सना मलिक (पूर्व मंत्री नवाब मलिक की बेटी) सहित अन्य ने शपथ ली। इसके बाद विधानसभा स्थगित कर दी गई। विधानसभा रविवार को सुबह 11 बजे फिर से शुरू होगा और शेष विधायक शपथ लेंगे। प्रोटेम स्पीकर कालिदास कोलंबकर ने कार्यवाही की अध्यक्षता की। उन्होंने चैनसुख संचेती, जयकुमार रावल, माणिकराव कोकाटे और आशीष जायसवाल सहित पीठासीन अधिकारियों के एक पैनल की घोषणा की। अधिकांश विधायकों ने ईश्वर और अल्लाह के नाम पर शपथ ली, जबकि अजीत पवार सहित कुछ ने भारत के संविधान के प्रति सच्ची आस्था और निष्ठा रखने की शपथ ली। कुछ विधायकों ने संस्कृत भाषा में शपथ ली।

# टीबी से लड़ने में भारत की ग्लोबल नेतृत्व क्षमता मजबूत : पीएम मोदी

### निक्षय मित्र और कम समय में प्रभावी उपचार ने टीबी के मामलों में कमी लाई

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बताया कि निक्षय मित्र और कम समय में प्रभावी उपचार जैसी पहलों से टीबी के मामलों में उल्लेखनीय कमी आई है। मरीजों के ठीक होने की दर में सुधार हुआ है और टीबी से लड़ने में भारत की वैश्विक नेतृत्व क्षमता मजबूत हुई है। पीएम नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण जेपी नड्डा की ओर से एक्स पर की गई पोस्ट का जवाब देते हुए एक पोस्ट की। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने विस्तार से बताया कि कैसे भारत के टीबी उन्मूलन प्रयासों में निक्षय पोषण योजना के माध्यम से पोषण संबंधी सहायता से परिवर्तनकारी प्रगति देखी गई है। निक्षय मित्र और कम समय में प्रभावी उपचार जैसी पहलों ने टीबी के मामलों में उल्लेखनीय कमी लाई है, मरीजों के ठीक होने की दर में सुधार हुआ है और टीबी से लड़ने में भारत की वैश्विक (ग्लोबल) नेतृत्व क्षमता को मजबूत किया है। जेपी नड्डा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक लेख को पोस्ट करते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत टीबी के खिलाफ लड़ाई में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। भारत में टीबी की रोकथाम के लिए कई पहल की जा रही हैं।



### उच्च-भार वाले जिलों में 100-दिवसीय अभियान

इनमें उच्च-भार वाले जिलों में 100-दिवसीय अभियान, निक्षय पोषण योजना के माध्यम से पोषण सहायता में वृद्धि, लागत प्रभावी निदान उपकरण जैसी पहल देश के प्रयासों को गति दे रही हैं। इन कदमों से उपचार कवरेज में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और टीबी के मामलों में कमी आई है। जनभागीदारी पर जोर ने समुदायों को एकजुट किया है, जिससे समय पर निदान और उपचार सुनिश्चित हुआ है। भारत का अभिनव दृष्टिकोण वैश्विक मानक स्थापित कर रहा है और देश को 'टीबी मुक्त भारत' के करीब ले जा रहा है। बता दें कि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा आज हरियाणा के दौरे पर हैं। उन्होंने पंचकूला में टीबी मुक्त भारत अभियान (100 दिन का अभियान) का शुभारंभ किया है।

## यूट्यूब पर वीडियो देख बना तांत्रिक, करवाई हत्या, कंकालों के साथ गिरफ्तार

**गाजियाबाद(आईएएनएस)।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में पुलिस ने एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है जो तांत्रिक होने का दावा करता है। उसने अपने साथियों को अमीर बनने का सपना दिखाकर उनसे हत्या भी करवाई और मानव खोपड़ी मंगवाकर उस पर तांत्रिक विद्या करने की बात की थी। आरोपी के साथ उसके दोस्तों को भी गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से मानव कंकाल और जानवरों की खोपड़ी के कई कंकाल बरामद किए गए हैं। उस पर पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम भी रखा था। गाजियाबाद के थाना टीला मोड़ पुलिस ने परमात्मा नाम के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक मानव खोपड़ी और जानवरों की खोपड़ियां भी बरामद हुई हैं। वह तांत्रिक क्रिया के लिए खुद भी और लोगों से भी हत्या करवाता था। दरअसल, 22 जून को टीला मोड़ थाना इलाके में एक सर कटी लाश मिली थी। इसके बाद पुलिस लगातार सर कटी लाश की शिनाख्त के लिए प्रयास कर रही थी। इसी कड़ी में आसपास के राज्यों से भी गुमशुदा लोगों की पूछताछ की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस को शनिवार 7 दिसंबर को 25 हजार के इनामी विकास उर्फ परमात्मा के ठिकाने के बारे में सूचना मिली। जब पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया तो उसने बताया कि अपने तीन लोगों के साथ मिलकर उसने एक हत्या को अंजाम दिया है। उसने अपने तीन दोस्त नरेश, पवन और पंकज कुमार के साथ मिलकर मूल रूप से बिहार निवासी राजू की हत्या कर खोपड़ी को तांत्रिक क्रिया के लिए इस्तेमाल किया था। परमात्मा ने बताया कि वह तांत्रिक क्रिया किया करता है।

## किसान आंदोलन को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक

### 30 संगठन हुए शामिल

एजेंसी। ग्रेटर नोएडा

उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले में किसान आंदोलन को लेकर गांव अट्टा गुजरान में संयुक्त किसान मोर्चा की शनिवार को एक आपातकालीन बैठक हुई। इसमें भारतीय किसान यूनियन टिकैत, जय जवान जय किसान, भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत, अखिल भारतीय किसान सभा, सिस्टम सुधार संगठन, भारतीय किसान एकता, किसान एकता महासंघ, भारतीय किसान परिषद और भारतीय किसान यूनियन (भानू) समेत कुल 30 संगठनों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में निर्णय लिया गया की पुलिस की बर्बरता तथा भय के माहौल को तुरंत समाप्त किया जाए। साथ ही सरकार से जेल बंद किसान और किसान नेताओं को तुरंत बिना शर्त रिहा करने और एक सद्भावपूर्ण माहौल तैयार करने की अपील की गई ताकि वार्ता और संवाद का माहौल तैयार हो सके। किसानों ने कहा कि धरना-प्रदर्शन के माध्यम से अपनी बात रखना उनका लोकतांत्रिक अधिकार है। इस बैठक के जरिए ये संदेश देने की कोशिश की गई है कि संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर के नीचे सभी किसान संगठन एकजुट हैं और उनमें कोई मनमुटाव नहीं है। संयुक्त किसान मोर्चा ने बैठक के जरिए बताया है कि संगठन पहले की तरह आज भी एकजुट है और इस घटनाक्रम के बाद और ज्यादा मजबूत हुआ है तथा अपना हक लेने के लिए तत्पर है।

# राष्ट्रपति ने रायरंगपुर में विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी

एजेंसी। नई दिल्ली




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ओडिशा की पांच दिवसीय यात्रा के अंतिम दिन शनिवार को रायरंगपुर में तीन नई रेल लाइनों, जनजातीय अनुसंधान एवं विकास केंद्र, दंडबोस हवाई अड्डे और रायरंगपुर में उप-मंडलीय अस्पताल के नए भवन की आधारशिला रखी। इस मौके पर राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि उन्हें इस भूमि (ओडिशा) की बेटी होने पर हमेशा गर्व रहा है। जिम्मेदारियों और व्यस्तताओं ने उन्हें कभी भी अपनी जन्मभूमि और यहां के लोगों से दूर नहीं किया बल्कि लोगों का प्यार उन्हें हमेशा अपनी ओर खींचता रहता है। उन्होंने कहा कि मातृभूमि उनके विचारों और कार्यों में बसी है। इस क्षेत्र के लोगों का पवित्र और गहरा स्नेह हमेशा उनके मन में गूंजता रहता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नई रेल परियोजनाओं और हवाई अड्डे से क्षेत्र में परिवहन, वाणिज्य और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। 100 बिस्तरों वाली नई अस्पताल इमारत स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करेगी।

राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि ओडिशा को भारत सरकार के पूर्वोदय विजन से लाभ मिल रहा है। शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य, पर्यटन कनेक्टिविटी और परिवहन सुविधाओं सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से पूरे क्षेत्र के विकास को गति दी जा रही है। उन्होंने कहा कि आदिवासी बच्चों को शिक्षित करने के लिए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि ओडिशा में 100 से अधिक नए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं, जिनमें मयूरभंज जिले के 23 विद्यालय शामिल हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उन विद्यालयों से शिक्षा प्राप्त करने के बाद आदिवासी बच्चे समाज और देश की प्रगति में गुणवत्तापूर्ण योगदान दे सकेंगे।

## ईडी ने महादेव ऐप मामले में 388 करोड़ रुपये की नई संपत्ति जब्त की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप मामले में चल रही धन शोधन जांच के तहत करीब 388 करोड़ रुपये की नई संपत्ति जब्?त की है। इस मामले में छत्तीसगढ़ के कई राजनेताओं और नौकरशाहों के कथित रूप से शामिल होने का आरोप है। एजेंसी के मुताबिक इन संपत्तियों में मॉरीशस स्थित कंपनी मेसर्स तानो इन्वेस्टमेंट ऑपर्च्युनिटीज फंड द्वारा एफपीआई और एफडीआई के माध्यम से हरि शंकर टिबरेवाल से संबंधित निवेश और छत्तीसगढ़, मुंबई और मध्य प्रदेश में स्थित कई सट्टेबाजी एप और वेबसाइटों के प्रमोटरों, पैनल ऑपरेटरों और प्रमोटरों के सहयोगियों के नाम पर मौजूद संपत्तियां हैं। ईडी ने कहा कि इन संपत्तियों को कुर्क करने के लिए 5 दिसंबर को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अनंतिम आदेश जारी किया गया था।

## चालक ने दिखाई बहादुरी, गोली लगने के बाद पांच किलोमीटर तक चलाई जीप

**आरा (आईएएनएस)।** आम तौर पर देखा जाता है कि गोली लगने के बाद व्यक्ति भय से बेहोश हो जाता है, लेकिन बिहार के भोजपुर जिले के एक जीप चालक ने गोली लगने के बाद हिम्मत का परिचय देते हुए न केवल उसी अवस्था में पांच किलोमीटर जीप चलाई बल्कि उस जीप पर सवार लोगों की जान भी बचाई। अब यह घटना इस क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। दरअसल, यह पूरा मामला बिहार के भोजपुर जिले का है जहां झहुआ गांव के पास बदमाशों ने जीप चालक को गोली मार दी। जख्मी चालक की पहचान धोबहां थाना क्षेत्र के हेमतपुर गांव के रहने वाले छबेनाथ पासवान के 48 साल के बेटे संतोष के रूप में हुई है। चालक संतोष ने बताया कि बुधवार की शाम वह धोबहां थाना क्षेत्र के शुकुलपुरा गांव निवासी मिठू साव की बेटी के तिलक समारोह में भाग लेने के लिए 15 लोगों को लेकर बहरोनपुर थाना क्षेत्र के रामदतही गांव गए हुए थे। तिलक समारोह का कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सभी लोगों को वापस अपनी जीप में बैठाकर लौट रहे थे। तभी बिहिया थाना के झहुआ गांव के पास बुधवार की देर रात बाइक सवार हथियारबंद अपराधियों ने उसे गोली मार दी। पेट में गोली लगने से संतोष का काफी खून बह रहा था और उन्हें असहनीय दर्द भी हो रहा था। इधर बदमाश भी बाइक से पीछा कर रहे थे। ऐसे हालातों में संतोष ने कई किलोमीटर तक गाड़ी चलाई और सभी यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की।

# आज का राशिफल

**मेष :** योजना क्रियान्वयन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। आत्मचिंतन करें। बिगड़ा कार्य बनेगा। शुभांक-5-7-9

**वृष :** व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते है। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभांक-4-6-8

**मिथुन :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है। शुभांक-5-7-9

**कर्क :** सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-2-5-8

**सिंह :** अपने हितैषी ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-1-3-5

**कन्या :** बुरी संगति से बचे। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नही। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। यात्रा का योग बन रहा है। शुभांक-3-5-7

**तुला :** कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-8

**वृश्चिक :** नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। शुभांक-6-7-8

**धनु :** कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ होगा। शुभांक-1-4-6

**मकर :** भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। शुभांक-4-6-7

**कुंभ :** जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-4-6

**मीन :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-5-7-9

## हिमंता सरकार का हुआ विस्तार, चार नए मंत्रियों ने ली पद और गोपनीयता की शपथ

**गुवाहाटी।** असम में भाजपा नेतृत्वाधीन एनडीए राज्य सरकार का आज दूसरी बार विस्तार हुआ। राजधानी के पांजाबारी स्थित श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र में आयोजित एक समारोह में राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ. हिमंता बिस्व सरमा मंत्रिमंडल में चार नए मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। दो मंत्रियों ने असमिया, एक ने हिंदी और एक ने बांग्ला भाषा में शपथ ग्रहण की। इस तरह अब असम सरकार में मंत्रियों की संख्या मुख्यमंत्री सहित कुल 18 हो गयी है। शपथ ग्रहण करने वालों में प्रशांत फुकन, कौशिक रॉय, कृष्णेंदु पाल और रूपेश गोवाला शामिल हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा के साथ उनके मंत्रिमंडल के सभी सहयोगी एवं भाजपा के विधायक, सांसद, मुख्य सचिव, डीजीपी समेत अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में राजनेता मौजूद थे।



## गठबंधन नेताओं को राहुल गांधी में विश्वास की कमी

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करने की इच्छा जाहिर की है। इसको लेकर भाजपा की ओर से प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू हो गया है। मालूम हो कि शुक्रवार को ममता बनर्जी ने कहा था कि वह बंगाल छोड़कर नहीं जाएंगी, लेकिन वह वहां से इंडिया गठबंधन का नेतृत्व कर सकती हैं। उनकी यह टिप्पणी टीएमसी सांसद कीर्ति आजाद की ओर से ममता बनर्जी को इंडिया गठबंधन का प्रमुख बनाए जाने के बयान के बाद आई है। इसपर भाजपा ने कहा कि यह लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के नेतृत्व में गठबंधन सहयोगियों के बीच विश्वास की कमी को दशार्ता है। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राहुल गांधी को गंभीरता से नहीं लेती। उन्होंने कहा, इससे साफ पता चलता है कि राहुल गांधी के नेतृत्व को इंडिया गठबंधन भी गंभीरता से नहीं ले रहा है। वे एक-दूसरे को राजनीतिक रूप से कमजोर करने में व्यस्त हैं और किसी भी सकारात्मक काम पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पा रहे हैं। वहीं मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा, वे जानते हैं कि इंडिया गठबंधन के भीतर कई परिवार सत्ता के लिए लड़ाई कर रहे हैं और उनका लक्ष्य केवल सत्ता को हासिल करना है। चूंकि वे केंद्र में कोई पद पा नहीं सकते, इसलिए वे अब गठबंधन के भीतर नेतृत्व की भूमिका के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

# सीआईएसएफ देश के हवाई अड्डों की निगरानी बढ़ाएगा

### मकसद विश्व स्तरीय सुरक्षा प्रक्रियाओं और प्रौद्योगिकी की स्थापना में भूमिका निभाना

एजेंसी। नई दिल्ली

**बनाई स्पेशल यूनिट**



केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने देश के सभी 68 नागरिक हवाई अड्डों पर तैनात विमानन सुरक्षा समूह (एएसजी) के लिए एक आंतरिक गुणवत्ता नियंत्रण इकाई (आईक्यूसीयू) बनाई है। इस इकाई का मकसद विश्व स्तरीय सुरक्षा प्रक्रियाओं और प्रौद्योगिकी की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना है। सीआईएसएफ के अनुसार, आईक्यूसीयू विमानन सुरक्षा नियंत्रण केंद्र (एएससीसी) के अंतर्गत कार्य करेगा। एएससीसी को भी हाल ही में शुरू किया गया है। इसका उद्घाटन 22 जुलाई, 2023 को गृह मंत्री अमित शाह ने किया था। एएससीसी मौजूदा सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए आईक्यूसीयू के साथ मिलकर काम करेगा और घटना प्रबंधन केंद्र, विमानन अनुसंधान और डेटा केंद्र, केंद्रीकृत संचार नियंत्रण केंद्र के साथ भारतीय हवाई अड्डों की समग्र सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। यह प्रणाली क्षेत्रीय संपर्क योजना (उड़ान) के तहत हवाई अड्डों को भी कवर करेगी। आईक्यूसीयू का नेतृत्व वरिष्ठ सीआईएसएफ अधिकारी करेंगे और इसमें प्रमाणित विमानन सुरक्षा (एवीएसईसी) प्रशिक्षक, राष्ट्रीय लेखा परीक्षक और इसके कर्मचारी शामिल होंगे। वे मानकीकृत प्रशिक्षण और मूल्यांकन विधियों, फील्ड ट्रायल और अंतरराष्ट्रीय नई तकनीकों को अपनाने के माध्यम से हवाई अड्डों पर सुरक्षा प्रक्रियाओं में एकरूपता सुनिश्चित करेंगे। आईक्यूसीयू सुरक्षा कार्यों का मूल्यांकन करने और सुधारात्मक उपायों को लागू करने के लिए विभिन्न दिशानिर्देशों के आधार पर आंतरिक निरीक्षण और ऑडिट करेगा। जिससे हवाई अड्डों की खामियों को दूर कर उसे सुधारने में मदद मिलेगी।

## एमवीए से अलग होगी समाजवादी पार्टी : अबू आजमी

**मुंबई।** समाजवादी पार्टी (सपा) ने शनिवार को महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी (एमवीए) का साथ छोड़ने का ऐलान किया। सपा के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक अबू आसिम आजमी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, समाजवादी पार्टी को महाराष्ट्र में अकेले चलना गवारा है, लेकिन महा विकास अघाड़ी में रहते हुए शिवसेना यूबीटी की सांप्रदायिक विचारधारा का हिस्सा बनना हरगिज गवारा नहीं। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि चुनावों या सीट बंटवारे की प्रक्रिया के दौरान एमवीए में बिल्कुल भी समन्वय नहीं था।



ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट के शुरुआती दिन सिराज को स्पीड गन ने 181.6 किमी प्रति घंटे की गति से गेंद फेंकते अंकित कर दिया

मोहम्मद सिराज ने बाहर की ओर एक लंबी गेंद फेंकी जिसे मार्नस लाबुस्चगने ने बाउंड्री के लिए डीप बैकवर्ड पॉइंट की ओर सरका दिया

# मोहम्मद सिराज ने फेंक दी 181.6 kph की गेंद

एक तकनीकी खराबी ने भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को शुक्रवार को दुनिया का सबसे तेज गेंदबाज बना दिया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट के शुरुआती दिन सिराज को स्पीड गन ने 181.6 किमी प्रति घंटे की गति से गेंद फेंकते अंकित कर दिया। यह विचित्र घटना ऑस्ट्रेलियाई पारी के 25वें ओवर में घटी, जब सिराज ने बाहर की ओर एक लंबी गेंद फेंकी जिसे मार्नस लाबुस्चगने ने बाउंड्री के लिए डीप बैकवर्ड पॉइंट की ओर सरका दिया। डिलीवरी पूरी होने के तुरंत बाद स्क्रीन पर दिखाया गया- 181.6 किलोमीटर प्रति घंटा। यह देखते ही स्टेडियम में मौजूद फैंस चिल्लाने लगे। इस गलती को प्रशंसकों ने तुरंत पकड़ लिया और सोशल मीडिया पर मीम उत्सव शुरू हो गया। एक

तकनीकी खराबी ने भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को शुक्रवार को दुनिया का सबसे तेज गेंदबाज बना दिया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट के शुरुआती दिन सिराज को स्पीड गन ने 181.6 किमी प्रति घंटे की गति से गेंद फेंकते अंकित कर दिया। यह विचित्र घटना ऑस्ट्रेलियाई पारी के 25वें ओवर में घटी, जब सिराज ने बाहर की ओर एक लंबी गेंद फेंकी जिसे मार्नस लाबुस्चगने ने बाउंड्री के लिए डीप बैकवर्ड पॉइंट की ओर सरका दिया। डिलीवरी पूरी होने के तुरंत बाद स्क्रीन पर दिखाया गया- 181.6 किलोमीटर प्रति घंटा। यह देखते ही स्टेडियम में मौजूद फैंस चिल्लाने लगे। इस गलती को प्रशंसकों ने तुरंत पकड़ लिया और सोशल मीडिया पर मीम उत्सव शुरू हो गया।

## इंटर स्कूल बैडमिंटन चैंपियनशिप शुरू



**रांची।** अंतर-विद्यालय प्रतियोगिता छात्रों को अपनी प्रतिभा, कौशल और क्षमताओं को प्रदर्शित करने के लिए एक अमूल्य मंच प्रदान करता है। यह आयोजन प्रतियोगिताओं के अतिरिक्त व्यक्तिगत विकास, कौशल विकास और उपलब्धि की भावना को विकसित करता है। छात्रों के सर्वांगीण विकास के क्षेत्र में कार्यरत जीडी गोयनका विद्यालय में तीन दिवसीय इंटर स्कूल बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है। यह अंतर विद्यालय प्रतियोगिता स्वर्गीय पल्लवी सिंह की स्मृति में आयोजित किया गया है। जो की छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपना और अपने विद्यालय का नाम उन्नत करने का एक सुनहरा अवसर प्रदान कर रहा है। प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में अमित कुमार सिंह उपस्थित थे। मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नृत्य और गान की प्रस्तुति की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों का स्वागत प्रधानाचार्य द्वारा सैंपलिंग एवं स्मृति चिन्ह प्रस्तुती कर किया गया।

## जेके इंटरनेशनल 70 रन से जीता



**रांची।** सरला देवी बिड़ला व 14 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन शनिवार को नेहरू स्टेडियम में खेला गया। टूर्नामेंट डीपीएस स्कूल बनाम जेके इंटरनेशनल स्कूल के बीच हुआ। जेके इंटरनेशनल स्कूल ने 30 ओवर में नौ विकेट पर 183 रन बनाया। आदित्य कुमार ने 58, अतुल्य शिखर ने 36 व ताबिश ने 25 रन बनाये। आयुष्मान राज ने तीन विकेट लेकर 34 रन व शायरा लाल ने दो विकेट पर 23 रन बनाया। डीपीएस की टीम ने 30 ओवर में नौ विकेट पर 113 रन बनाया। प्रणय प्रताप सिंह ने 36, नवयम ने 15 व सारांश ने 12 रन बनाया। आदित्य कुमार ने तीन व अतुल्य शिखर ने दो विकेट लिया। जेके इंटरनेशनल स्कूल ने 70 रन से जीत दर्ज की।

## एसएसवीएम ने 35 रन से जीता टूर्नामेंट



**रांची।** वेंचर स्किल अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट धुर्वा स्थित शाखा ग्राउंड में खेला गया। टूर्नामेंट एसएसवीएम व सेंट जेवियर्स के बीच खेला गया। एसएसवीएम ने 29.4 ओवर में 10 विकेट पर 183 रन बनाया। नैतिक ने 17, कौशिक ने 26, जय ने 30, ऋषव ने 28, अस्मित ने 19 रन बनाया। वहीं अक्षत ने दो व आर्यन ने चार विकेट लिया। जवाबी पारी में खेलने उतरी सेंट जेवियर्स की टीम ने 28.5 ओवर में 10 विकेट खोकर 148 रन बनाया। युवराज ने 38, तेजस ने 28, आर्यन ने 30, दर्श ने 18 रन बनाया। जबकि स्वास्तिक ने दो, संस्कार ने दो व यशराज ने तीन विकेट लिया। एसएसवीएम ने 35 रन से जीत दर्ज की।


## मिल्लत अकादमी ने 142 रन से जीत दर्ज की



**रांची।** वेंचर स्किल अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट धुर्वा स्थित गोलचक्कर ग्राउंड में खेला गया। टूर्नामेंट मिल्लत अकादमी बनाम डीएवी बेरो के बीच खेला गया। मिल्लत अकादमी ने 35 ओवर में छह विकेट खोर 251 रन बनाया। अली रजा ने 53 व हनी ने 41 रन बनाया। सनोज और अंशु ने 2-2 विकेट लिए। डीएवी बेरो की टीम ने 21.4 ओवर में 10 विकेट खोकर 109 रन बनाया। चंदन ने 22 व आशीष ने 14 रन बनाया। ओवैस, हनी और जैद ने 2-2 विकेट लिए। मिल्लत अकादमी ने 142 रन से जीत दर्ज की।

# दूसरी पारी में भारत 128 पर 5, अभी भी 29 रन से पीछे

### गुलाबी गेंद का कहर



एडिलेड । भारत पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया से 157 रन से पिछड़ने के बाद दूसरे डे नाईट टेस्ट में दूसरे दिन शनिवार को स्टंप्स तक पांच विकेट 128 रन पर गंवाकर हार के गहरे संकट में फंस गया है। पहले दिन की तरह दूसरा दिन भी पूरी तरह ऑस्ट्रेलिया के नाम रहा। ऑस्ट्रेलिया ने ट्रैविस हेड (140) के शानदार शतक से पहली पारी में 337 रन बनाकर 157 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली और स्टंप्स तक भारत के पांच विकेट झटककर सीरीज में बराबरी हासिल करने वाली जीत की तरफ कदम बढ़ा दिया है। भारत का शीर्ष क्रम पहली पारी की तरह दूसरी पारी में भी फ्लॉप रहा। अनुभवी बल्लेबाज लोकेश राहुल सात, विराट कोहली 11 और कप्तान रोहित शर्मा छह रन बनाकर पवेलियन लौट गए । युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 24 और शुभमन गिल 28 रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड ने दो-दो तथा मिचेल स्टार्क ने एक विकेट लिया। भारत अभी ऑस्ट्रेलिया की बढ़त से 29 रन पीछे हैं और उनकी आख़िरी बल्लेबाज़ी जोड़ी क्रीज़ पर है। स्टंप्स के समय ऋषभ पंत 25 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 28 और नितीश कुमार राणा 14 गेंदों में तीन चौकों के सहारे 15 रन बनाकर क्रीज पर है। अब पंत और नितीश पर भारत को कल पारी की हार से बचाने की जिम्मेदारी होगी। इससे पहले हेड ने अपने घरेलू मैदान पर शानदार 140 रन बनाए - जो इस प्रारूप में उनका आठवां शतक है - जिससे ऑस्ट्रेलिया ने चाय के बाद 87.3 ओवर में 337 रन बनाकर 157 रन की बढ़त हासिल कर ली। हेड की यह एक जबरदस्त पारी थी, जिसमें उन्होंने अपने सामान्य फ्री-फ्लोइंग कट और पुल के साथ कुछ शानदार ड्राइव लगाए और 17 चौके और चार छक्के लगाए। दूसरे सत्र की शुरुआत हेड और मिशेल मार्श ने बुमराह की गेंद पर चौका जड़ने के साथ की, इससे पहले कि बुमराह रविचंद्रन अश्विन की स्लाइडिंग ऑफ-ब्रेक को डिफेंड करने की कोशिश करते, लेकिन गेंद पंत के पास चली गई और अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ के उंगली उठाने से पहले ही वह मैदान से बाहर चल दिए। बाद में रिप्ले में स्निको की लाइन सपाट दिखी, जिसका मतलब था कि मार्श ने पहले कभी गेंद को नहीं छुआ था। बुमराह की गेंद को चार रन के लिए घुमाने के बाद हेड ने पिच पर आगे आते हुए उनके सिर के ऊपर से छक्का जड़ दिया। उन्होंने फिर से अश्विन की गेंद पर मिड-ऑन के ऊपर से बड़ा शॉट मारने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके पैर के अंगूठे से टकरा गई और मोहम्मद सिराज ने मुश्किल कैच छोड़ दिया।

### हेड ने दिखाया आक्रमक अंदाज

हेड ने लगातार बाउंड्री लगाईं और हर्षित राणा की गेंद पर चार शानदार बाउंड्री लगाईं, जिनमें से एक कीपर और वाइड फर्स्ट स्लिप के बीच से निकल गई। हेड ने स्क्वायर लेग पर एक रन लेकर मात्र 111 गेंदों में अपना शतक पूरा किया और मुट्ठी बांधकर जश्न मनाया और रॉक-द-बेबी सेलिब्रेशन किया, साथ ही हेलमेट के अंदर बैट हैंडल को पकड़कर जश्न मनाया, और दर्शकों ने स्थानीय लड़के के एक और यादगार शतक की खुशी में जोरदार शोर मचाया। हेड ने राणा पर तीन चौके लगाने से पहले, सिराज पर एक और चौका लगाने से पहले, लॉफ्टिंग, ड्राइव और थम्पिंग करके लगातार हमला किया। हालांकि सिराज ने एलेक्स कैरी को पंत के पास 15 रन के लिए ड्राइव के पीछे से आउट किया, लेकिन हेड ने शानदार तरीके से क्लिपिंग और फ्लिकिंग करके आगे बढ़ना जारी रखा और सिराज और बुमराह की गेंदों पर तीन चौके और एक छक्का लगाया, जिन्हें बाएं पैर में एडिक्टर क्षेत्र में ऐंठन के लिए चिकित्सा की आवश्यकता थी। लेकिन सिराज ने जवाब में एक शानदार इन-स्विंगिंग यॉर्कर से हेड को बोल्ड कर उन्हें बाहर जाने का इशारा किया , जिसके बाद हेड ने तेज गेंदबाज को जवाब दिया और दर्शकों के खड़े होकर तालियां बजाने के बाद मैदान से बाहर चले गए। मिशेल स्टार्क और पैट कमिंस ने आपस में चार चौके लगाए, इससे पहले बुमराह ने चाय के समय एक शानदार इनस्विंगर से कमिंस को आउट किया।

## सीताराम मेमोरियल क्रिकेट के फाइनल में पॉलीस्ट्राइकर्स



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** प्रो.सीताराम शर्मा मेमोरियल ट्रॉफी फैकल्टी क्रिकेट लीग का 13वां संस्करण बीआईटी मेसरा में खेला गया। लीग में रॉयल चैलेंजर्स पॉलीस्ट्राइकर्स ने फाइनल में प्रवेश किया। शनिवार को हुए मैच-7, आरसीपी बनाम सीएसके के बीच खेला गया। टॉस जीत कर आरसीपी ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। आरसीपी की टीम ने 12 ओवर में छह विकेट पर 73 रन बनाया। सीएसके के लिए आकाश ने 22 रन बनाए, चिरंजीवी, मुस्तफी और जितेंद्र ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में सीएसके ने 12 ओवर में छह विकेट पर 59 रन बनाया। श्रीधर ने 21 रन बनाया, आरसीपी 14 रनों से विजयी रही। वहीं मैन ऑफ द मैच अजय रहे। मैच- 8 देवघर प्रीडेटर्स बनाम ईबीएस के बीच खेला गया। टॉस जीतकर देवघर प्रीडेटर्स ने पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। ईबीएस ने 12 ओवर में छह विकेट खोकर 65 रन बनाया। ईबीएस के लिए दुर्गा ने 21 रन बनाए। देवघर के लिए पाठक ने 4 विकेट लिए, जवाब में देवघर ने तीन विकेट पर 72 रन बनाया। आशुतोष ने 28 और राम किशोर ने नाबाद 23 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच-संजीव पाठक को मिला। वहीं देवघर की टीम ने सात विकेट से जीत दर्ज की।

मैच- 9 एमएसडी बनाम आरएडी के बीच खेला गया। एमएसडी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। एमएसडी टीम ने छह विकेट पर 77 रन बनाया। रवि ने 16 और प्रमोद ने 20 रन बनाया। आरएडी के लिए मनोज ने 4 विकेट लिए। जवाब में आरएडी की टीम ने आठ विकेट खोकर 78 रन बनाया। स्कोर आरएडी के लिए मनोज ने 28 रन बनाए। आरएडी की टीम ने 8 विकेट से मैच जीता। मैन ऑफ द मैच मनोज गिरी हुए। मौके पर बीआईटी मेसरा के कार्यवाहक रजिस्ट्रार प्रोफेसर सुदीप दास, बीआईटी देवघर की टीम का स्वागत किया। मौके पर प्रोफेसर आरसी झा ईईई विभाग के प्रमुख और प्रोफेसर एसएस सोलंकी डीन पीजी भी उपस्थित थे।

## 38वीं राष्ट्रीय स्कूली मलखंब प्रतियोगिता के तकनीकी अधिकारी बने अजय झा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** बंगीय सांस्कृतिक परिषद उच्च विद्यालय, सेक्टर-2,धुर्वा के शारीरिक शिक्षा शिक्षक सह अंतरराष्ट्रीय निर्णायक मलखंब के अजय झा को 38वीं राष्ट्रीय स्कूली मलखंब प्रतियोगिता को सफल संचालन हेतु झारखंड से एकमात्र तकनीकी अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। श्री झा को 9 से 13 दिसम्बर तक प्रतियोगिता को सफल संचालन के लिए उज्जैन के लिए प्रतिनियोजन किया गया है। श्री झा इससे पूर्व नेशनल गेम्स ,खेलों इंडिया यूथ गेम्स, खेलों इंडिया यूथ यूनिवर्सिटी गेम्स,फेडरेशन के तहत सभी राष्ट्रीय एंव अंतरराष्ट्रीय मलखंब प्रतियोगिता में तकनीकी अधिकारी के रूप में अहम भूमिका निभा चुके है। अजय झा झारखंड राज्य के सभी कोटि के विद्यालय में वरीय शारीरिक शिक्षा शिक्षक के रूप में बंगीय सांस्कृतिक परिषद उच्च विद्यालय ,धुर्वा में तैंतीस वर्षों से नियमित रूप कार्यरत है। श्री झा नियमित शिक्षण कार्य के उपरांत प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे से शाम 6 बजे तक झारखंड मलखंब अकादमी में खिलाड़ियों को निःशुल्क प्रशिक्षण देते हैं। तकनीकी अधिकारी नियुक्त होने पर संघ के अध्यक्ष जगदीश सिंह 'जग्गू' , प्रिन्स आजमानी, आशुतोष द्विवेदी, राजीव रंजन, बीएसपीउच्च विद्यालय के सचिव सजल बनर्जी, अखिलेश्वर उपाध्याय, चन्द्र कान्त लाल एवं मलखंब संघ पदाधिकारी तथा मलखंब खेल प्रेमी ने बधाई संग शुभकामनाए दी।

## ओमान में महिला जूनियर एशिया कप में भारत की नजर खिताब बचाने पर

एजेंसी

**मस्कट ।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ओमान के मस्कट में महिला जूनियर एशिया कप में भाग लेने के लिए पूरी तरह तैयार है, क्योंकि उनका लक्ष्य पिछले साल का अपना खिताब बचाना है। 7 से 15 दिसंबर तक होने वाला यह टूर्नामेंट एफआईएच जूनियर विश्व कप 2025 के लिए क्वालीफाइंग इवेंट भी है, जो चिली में आयोजित किया जाएगा। भारत का नेतृत्व कोच तुषार खांडेकर, कप्तान ज्योति सिंह और उप कप्तान साक्षी राणा करेंगे। टीम में दीपिका, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुनीता टोप्पो और मुमताज खान जैसी खिलाड़ी भी शामिल हैं, जो पिछले साल की खिताबी जीत के बाद से सीनियर टीम के लिए खेल रही हैं और टूर्नामेंट के दौरान बाकी खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगी। 2023 में, भारत ने फाइनल में दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराकर पहली बार खिताब जीता। भारत को पूल ए में रखा गया है और उसका मुकाबला चीन, मलेशिया, थाईलैंड और बांग्लादेश से होगा। पूल बी में दक्षिण कोरिया, जापान, चीनी ताइपे, हांगकांग और श्रीलंका शामिल हैं। प्रत्येक टीम अपने पूल में प्रत्येक प्रतिद्वंद्वी से एक बार खेलेगी और प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें न केवल सेमीफाइनल में जगह पक्की करेंगी, बल्कि अगले साल एफआईएच जूनियर विश्व कप में भी जगह बनाएंगी। प्रत्येक पूल में तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीम जूनियर विश्व कप में अंतिम स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

## टाटीसिलवे क्रिकेट अकादमी नौ विकेट से जीत दर्ज की

**रांची।** सरला देवी बिरला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट गोस्वामी सीए (ए) बनाम टाटीसिलवे क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। गोस्वामी सीए (ए) की टीम ने 26 ओवर में 10 विकेट पर 102 रन बनाया। अर्पित ने 12, यश ने 10 रन बनाये। जबकि शिवम, ईशान व आरव ने दो-दो विकेट लिया। जबाबी पारी खेलने उतरी टाटीसिलवे सीए की टीम ने 18.3 ओवर में एक विकेट पर 103 रन बनाया। डीप ने 36 व नमन ने 35 रन बनाया। टाटीसिलवे क्रिकेट अकादमी 9 विकेट से जीत दर्ज की।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

# भारत ने 10 वर्षों में कुल निर्यात में 67 प्रतिशत की जबरदस्त वृद्धि हासिल की

एजेंसी




**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार में भारतीय उत्पादों की मांग में वृद्धि के कारण देश का कुल निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 में लगभग 778 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जबकि वित्त वर्ष 2013-14 में यह 466 बिलियन डॉलर था, जो कि 67 प्रतिशत की शानदारी वृद्धि को दर्शाता है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने संसद में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि विश्व वस्तु निर्यात में भारत की हिस्सेदारी 1.66 प्रतिशत से बढ़कर 1.81 प्रतिशत हो गई है और देश 20वें स्थान से 17वें स्थान पर पहुंच गया है। यह उपलब्धि सरकार द्वारा निर्यात वृद्धि को बनाए रखने और निर्यात को तेज करने के लिए कई पहलों को लागू करने के कारण हासिल हुई है। नीति आयोग ट्रेड वॉच की रिपोर्ट के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान देश के व्यापार प्रदर्शन ने स्थिरता और मध्यम वृद्धि प्रदर्शित की। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 की पहली छमाही में भारत का कुल व्यापार 2023 की तुलना में 5.45 प्रतिशत बढ़कर 576 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया। माल के आयात में लगातार वृद्धि देखी गई, वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में निर्यात 5.95 प्रतिशत बढ़कर 110 बिलियन डॉलर और आयात 8.40 प्रतिशत बढ़कर 173 बिलियन डॉलर हो गया, जिससे व्यापार असंतुलन बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में, भारतीय लोहा और इस्पात निर्यात में 33 प्रतिशत की भारी गिरावट देखी गई, जिसका मुख्य कारण कमजोर घरेलू मांग और चीन में अतिरिक्त क्षमता थी, जिसके परिणामस्वरूप वैश्विक बाजारों में इस्पात की अधिक आपूर्ति हुई। वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के दौरान, एफटीए भागीदारों को निर्यात वृद्धि 12 प्रतिशत रही, जबकि इन भागीदारों से आयात वृद्धि 10.29 प्रतिशत रही।

## घरेलू पूंजी प्रवाह की बदौलत सेंसेक्स एक लाख के होगा पार

**मुंबई ।** उभरते बाजारों (ईएम) में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने के साथ भारतीय शेयर बाजार ने इस साल सितंबर में पहली बार 85,000 अंक का आंकड़ा पार किया। अब बहुराष्ट्रीय निवेश बैंक और वित्तीय सेवा कंपनी मॉर्गन स्टेनली ने अनुमान लगाया है कि इस तेजी के परिदृश्य में अगले साल के अंत तक बीएसई सेंसेक्स ऐतिहासिक एक लाख के स्तर को पार कर सकता है। वैश्विक ब्रोकरेज फर्म ने पूर्वानुमान जताया है कि मजबूत आय वृद्धि और घरेलू पूंजी प्रवाह, व्यापक आर्थिक स्थिरता के समर्थन से सेंसेक्स 1,05,000 के स्तर पर पहुंच सकता है। जब सेंसेक्स ने 85 हजार का आंकड़ा पार किया था, तब देश के अर्थशास्त्रियों ने भी ऐसे ही पूर्वानुमान लगाए थे।

## 18 हजार करोड़ का होगा निवेश, 20 औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटित

एजेंसी

**नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश में औद्योगिक विकास की रफ्तार को गति देने के लिए जारी कोशिशों के क्रम में शनिवार को नर्मदापुरम में छठी रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन हुआ। इस आयोजन से मोहासा की तस्वीर बदलेगी, जहां 18 हजार करोड़ का निवेश होगा वहीं 24 हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा। इस मौके पर 20 इकाइयों को भूमि का आवंटन पत्र दिए गए। इस मौके पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र मोहासा समूचे नर्मदापुरम के विकास का केंद्र बनेगा। सतपुड़ा का यह क्षेत्र आज नया इतिहास लिखने जा रहा है। औद्योगिक विकास के लिए मध्यप्रदेश सरकार द्वारा किए गए प्रयासों में नर्मदापुरम को अपार सफलता प्राप्त हुई है। मोहासा बाबई सौर ऊर्जा पार्क की भूमि को 227 से 884 एकड़ बढ़ाया गया और 20 औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए भूमि आवंटन पत्र का भी वितरण किया गया।



मुख्यमंत्री यादव ने शनिवार को औद्योगिक क्षेत्र मोहासा में आयोजित विद्युत एवं नवीकरणीय ऊर्जा उपकरण विनिर्माण क्षेत्र में इकाइयों के भूमिपूजन समारोह में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की 20 औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों को भूमि आवंटन पत्र प्रदान किये।

## टीडीएफ योजना के तहत 79 परियोजनाओं को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** रक्षा प्रौद्योगिकियों के विकास के लिए प्रौद्योगिकी विकास निधि (टीडीएफ) योजना के तहत अब तक 79 परियोजनाएं मंजूर की गई हैं, जिनकी लागत 334.02 करोड़ रुपये है। इसके अलावा, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने देश भर में 15 उद्योग अकादमिक उत्कृष्टता केंद्र (डीआईए-सीओई) स्थापित किए हैं। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने लोकसभा में एक लिखित जवाब में यह जानकारी दी। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा मेक इन इंडिया पहल के तहत प्रौद्योगिकी विकास निधि योजना रक्षा मंत्रालय का एक प्रमुख कार्यक्रम है।

# कोडरमा और लातेहार में दो नए केंद्रीय विद्यालयों की मिली मंजूरी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने देशभर में सिविल/रक्षा क्षेत्र के अंतर्गत 85 नए केन्द्रीय विद्यालय (केवी) खोलने तथा केवी शिवमोगा, जिला शिवमोगा, कर्नाटक के विस्तार को मंजूरी दी है। इनमें झारखंड के लिए 2 नये केन्द्रीय विद्यालयों को मंजूरी मिली है।

कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में गिरिडीह जिला अंतर्गत धनवार प्रखंड में एक और लातेहार जिले के बरवाडीह में एक केंद्रीय विद्यालय खोलने की मंजूरी मिली है।



कोडरमा से लोकसभा सांसद और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का आभार प्रकट किया है।

अन्नपूर्णा देवी ने बताया कि धनवार में केन्द्रीय विद्यालय खोलने के लिए वे लगातार प्रयासरत थीं और केंद्रीय शिक्षा मंत्री से उन्होंने इस संबंध में कई बार आग्रह किया था। आज उन्हें काफी खुशी है कि प्रधानमंत्री और शिक्षा मंत्री ने कोडरमा लोकसभा क्षेत्र की जनता की मांग को पूरा किया और नये केन्द्रीय विद्यालय के निर्माण की मंजूरी प्रदान की है।

85 नए केन्द्रीय विद्यालयों की स्थापना तथा निकटवर्ती 01 मौजूदा केन्द्रीय विद्यालय केवी के विस्तार के लिए 2025-26 से आठ वर्षों की अवधि के लिए निधियों की कुल अनुमानित आवश्यकता 5872.08 करोड़ रुपये (लगभग) है। इसमें 2862.71 करोड़ रुपये (लगभग) का पूंजीगत व्यय घटक तथा 3009.37 करोड़ रुपये (लगभग) का परिचालन व्यय शामिल है।

देश भर में 1256 कार्यात्मक केन्द्रीय विद्यालय हैं, जिनमें से 03 विदेशी धरती पर मास्को, काठमांडू और तेहरान में स्थित हैं। इन केन्द्रीय विद्यालयों में कुल 13.56 लाख छात्र अध्ययन कर रहे हैं। परियोजना के क्रियान्वयन के लिए प्रशासनिक संरचना में लगभग 960 छात्रों की क्षमता वाले एक पूर्ण केन्द्रीय विद्यालय के संचालन के लिए संगठन द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुरूप पदों के सृजन की आवश्यकता होगी।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसरण में, लगभग सभी केंद्रीय विद्यालयों को पीएम श्री स्कूल के रूप में नामित किया गया है, जो एनईपी 2020 के कार्यान्वयन को रेखांकित करता है और अन्य के लिए अनुकरणीय स्कूल के रूप में कार्य करता है। केवी अपने गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, अभिवन शिक्षण पद्धति और अद्यतन अवसंरचना के कारण उन स्कूलों में से एक हैं, जिनकी सबसे अधिक मांग है। हर साल केवी के कक्षा 1 में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले छात्रों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है और सीबीएसई द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षाओं में केंद्रीय विद्यालयों के छात्रों का प्रदर्शन सभी शैक्षणिक प्रणालियों में लगातार सर्वश्रेष्ठ रहा है।

अन्नपूर्णा देवी ने बताया कि झारखंड में दो नये केन्द्रीय विद्यालयों की स्वीकृति से इन क्षेत्रों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और उच्च स्तर की शिक्षा हासिल होगी और अनेक लोगों के लिए रोजगार के भी अवसर सृजित होंगे।

## विधानसभा सत्र को लेकर निषेधाज्ञा कल से



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** नये विधानसभा भवन में षष्ठम झारखंड विधानसभा का प्रथम सत्र नौ से 15 दिसंबर तक आहूत है। उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक के संयुक्तादेश में निहित निर्देश के आलोक में विधान सभा परिसर के 200 मीटर के दायरे में किसी तरह के जुलूस, रैली, प्रदर्शन, घेराव आदि आयोजित नहीं किये जा सकेंगे। इसके मद्देनजर सुरक्षा के दृष्टिकोण से विधान सभा सत्रावधि के लिए अनुमंडल दण्डाधिकारी, सदर द्वारा बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए झारखण्ड विधान सभा (नया विधान सभा) परिसर के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा जारी की गई है। इसके तहत उक्त क्षेत्र में पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होना या चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों एवं न्यायालय कार्य एवं धार्मिक तथा अंत्येष्टि कार्यक्रम को छोड़कर)। किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र, जैसे-बंदूक, राईफल, रिवाल्वर, पिस्टल, बम, बारूद आदि लेकर निकलना या चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों / कर्मचारियों को छोड़कर)। किसी प्रकार का हरवे हथियार जैसे लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा-भाला आदि लेकर निकलना या चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों / कर्मचारियों को छोड़कर)। किसी प्रकार का धरना, प्रदर्शन, घेराव, जुलूस, रैली या आमसभा का आयोजन करना।

किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों तथा कर्मचारियों को छोड़कर)। यह निषेधाज्ञा नौ दिसंबर की सुबहः 08:00 बजे से 12 दिसंबर के रात्रि 10:00 बजे तक के लिए लागू रहेगा।

### पोषण सखी दीदियों ने सीएम व कल्पना से मुलाकात कर दी शुभकामनाएं

# 'हमारी सरकार आपके हक-अधिकार को पूरा करने के लिए प्रयासरत है'

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचीं पोषण सखी दीदियों ने मुलाकात कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विगत कार्यकाल में राज्य सरकार द्वारा पोषण सखी के पुनर्बहाल के निर्णय पर हर्ष जताते हुए मुख्यमंत्री के प्रति पोषण सखी दीदियों ने आभार व्यक्त करते हुए उनका अभिनंदन किया। मौके पर मुख्यमंत्री सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर पोषण सखी दीदियों को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार आपके हक-अधिकार को पूरा करने के लिए प्रयासरत है। आप सभी पोषण सखी दीदियां सरकार की आंख, नाक और कान बनकर साथ दिया है। आने वाला नया वर्ष आपकी जिंदगी में ढ़ेर सारी खुशियां लेकर आए। आपका परिवार सुख-समृद्धि के साथ जीवन व्यतीत करे, यही कामना करता हूं।



मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि यह सरकार आपके उम्मीद और आकांक्षाओं की सरकार है। आप सभी का कर्तव्य है कि आप ईमानदारी पूर्वक अपने कार्य को अंजाम देंगे। मैंने पहले भी कई बार कहा है कि हमारी सरकार शहर नहीं बल्कि गांव से चलने वाली सरकार है। हमारी सरकार आने वाली पीढ़ियों का तकदीर एवं तस्वीर कैसे बदल सकें, अधिक से अधिक रोजगार का सृजन कैसे उत्पन्न कर सकें, इसके प्रति संवेदनशीलता के साथ आगे बढ़ रही है।

## 16 वर्षीय छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रांची।** नामकुम थाना क्षेत्र के सिदरौल सिंदवारटोली निवासी फ्रांसिस लकड़ा के 16 वर्षीय पुत्र नवीन लकड़ा ने घर में फांसी लगाकर जान दे दी।



घटना शनिवार की दोपहर लगभग ढाई बजे की है। नवीन 10वीं कक्षा में पढ़ता था उसने आत्महत्या क्यों की इसकी जानकारी घरवालों को भी नहीं है। परिजनों के अनुसार नवीन चार भाई-बहनों में सबसे छोटा था। फ्रांसिस और दो बेटे मजदूरी करते हैं जबकि नवीन अभी पढ़ाई कर रहा था। दोपहर दो बजे तक नवीन अपनी मां के साथ घर में था उसके बाद मां जब खेत में चली गई तो उसने घर में फांसी लगा ली। शाम पांच बजे जब उसकी मां खेत से लौटी तो घर में नवीन को फंदे से लटका पाया। शव देखते ही मां चीत्कार मारकर रोने लगी इसके बाद आसपास के लोग पहुंचे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया और मामले की छानबीन में जुट गई है।

## मंईयां योजना के लिए महिलाएं लगा रही ब्लॉक का चक्कर : बाबूलाल मरांडी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज मईयां सम्मान योजना को लेकर फिर एकबार राज्य सरकार पर निशाना साधा।



श्री मरांडी ने कहा कि हजारीबाग जिले सहित पूरे झारखंड में महिलाएं मंईयां सम्मान योजना के तहत मिलने वाली राशि के लिए अंचल कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। 18 से 50 वर्ष की उम्र की विधवा, आर्थिक रूप से कमजोर और असहाय महिलाएं, जो इस योजना के अंतर्गत आती हैं, उन्हें लाभ नहीं मिल पा रहा। कई महिलाओं ने चार से पांच बार आवेदन किया, लेकिन फिर भी उनके खातों में सम्मान राशि जमा नहीं हुई। कहा कि योजना के तहत प्रतिमाह 2500 रुपये देने का प्रावधान है, लेकिन अधिकांश महिलाओं को राशि मिलना तो दूर, आवेदन स्वीकृति की स्थिति तक स्पष्ट नहीं है, इससे झारखंड की सभी माताएं बहनें परेशान हो रही हैं। कई मामलों में, फार्म भरने और आवश्यक दस्तावेज देने के बावजूद, योजना का लाभ नहीं मिला। कहा कि रामगढ़ जिले में भी स्थिति खराब है, जहां करीब 30 हजार महिलाओं को इस योजना की राशि अब तक नहीं मिली। प्रशासन की लापरवाही और प्रक्रियागत बाधाओं के कारण महिलाएं बार-बार कार्यालयों के चक्कर काट रही हैं। प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण माताएं बहनें दिनभर लाइनों में खड़ी रहती हैं, लेकिन इसके बाद भी उन्हें केवल और केवल निराशा मिलती है।

कहा कि भले ही योजना का उद्देश्य जरूरतमंद महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करना था, लेकिन सरकार की लापरवाही और देरी के कारण महिलाओं को मुश्किलों एवं सही क्रियान्वयन न होने से आर्थिक रूप से परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है।

### चुनाव के बाद भी हिमंता से भयभीत है झामुमो : भाजपा

**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विजय चौरसिया ने कहा कि झामुमो के जेहन से अभी तक हिमंता बिस्वा सरमा का डर नहीं गया है। झामुमो के लोगों को अभी भी सपने में हिमंता आ रहे हैं। झामुमो महासचिव को यह याद रखना चाहिए कि हिमंता बिस्वा सरमा एक राज्य के मुख्यमंत्री हैं। पहले उस लेबल पर झामुमो महासचिव आ जाएं फिर ऐसे बयानबाजी करें। सत्ता मिली है, जनता ने बहुमत दिया है तो ज्यादा अहंकार न पालें। अपनी राजनीतिक मयार्दा का पालन करें। झामुमो को नसीहत देते हुए कहा कि पूरे सूबे की कानून व्यवस्था तार्तार है। अपराध चरम पर है, जनता त्राहिमाम कर रही है। सूबे की महिलाएं मंईयां सम्मान के लिए कार्यालय दर कार्यालय भटक रही है, कोई सुनने वाला नहीं है। बिजली बिल माफी के नाम पर बिजली बिल के टैरिफ बढ़ा दिए जा रहे हैं।गरीब के घरों से बिजली कनेक्शन काटे जा रहे हैं। चौरसिया ने कहा कि जिस तरह से इस सरकार के गठबंधन दलों में तालमेल का अभाव दिखता है। मंत्रियों के विभाग बंटवारे में जिस तरह से अलग-अलग सूचि जारी हुई, सहज हीं समझा जा सकता है कि यह सरकार कितने तालमेल से चलेगी! पांच वर्षों में गठबंधन की सरकार ने महिला आयोग, सूचना आयोग, मानवाधिकार आयोग जैसे अहम संवैधानिक आयोगों का भी गठन नहीं कर पाया।

## राज्य के विकास को पहले से अधिक गति मिलेगी : झामुमो

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने शनिवार को पत्रकार वार्ता कर कहा कि इस चुनाव में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक नया आयाम स्थापित किया है, जो कि राज्य के विकास को पहले से अधिक गति देगा।



उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल के गठन के बाद सीएम ने अपने सहयोगियों को पहले ही दिन आगाह कर दिया कि जनहित में उनका मंत्रिमंडल में रहना कितना जरूरी है। हेमंत सरकार ने आपके द्वार कार्यक्रम चलाया, जिसके तहत बीडीओ-सीओ से लेकर अन्य पदाधिकारी गांव-गांव में शिविर लगाते हैं। अब मंत्रियों को भी ये कहा गया है कि वे अपने-अपने विभाग की समीक्षा जिला स्तर पर जाकर करेंगे। उन्होंने कहा कि नौ दिसंबर से संवैधानिक तौर पर भी छठी विधानसभा का गठन हो जाएगा। ये मंत्रिपरिषद हमारे घोषणा पत्र में किए गए वादों के तहत काम करेगी। मंईयां सम्मान योजना के तहत सरकार की ओर से किया गया वादा पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि योजनाओं से प्रभावित होने वाली जनता से सीधा संवाद हो, जिनको कठिनाई हो रही हो, उनकी सुनी जाएगी। केवल विधायक ही नहीं, जो भी उस इलाके के जन प्रतिनिधि हैं, चाहे वो वार्ड का सदस्य ही क्यों न हो, उनके साथ भी एक संवाद कायम किया जाएगा। इसमें दलगत भावना नहीं होगी। हेमंत सरकार की प्राथमिकता ईमानदारी से लोगों की सेवा करने की है। सीएम हेमंत सोरेन को एक नई लकीर खींचने के लिए जनता ने जवाबदेही दी है। कहा कि इस जवाबदेही को पूरा करना पूरी मंत्रिपरिषद की जिम्मेदारी है।

सुप्रियो ने कहा कि ये मंत्रिपरिषद शायद पहली है, जिसमें ओबीसी को सबसे ज्यादा प्रतिनिधित्व दिया गया है। इस वर्ग से सात मंत्री बनाए गए हैं। इसके बाद जनजातीय समूह से मंत्री हैं, उनको भी क्षेत्रवार प्रतिनिधित्व मिला है। ये एक समग्र मंत्रिमंडल है। जो विधायक चुनकर इस बार आये हैं, उनमें सबसे बड़ी भागीदारी ओबीसी समाज की है। पहले कुछ खास जातियों को ही इसका लाभ मिलता था, लेकिन इस बार ये स्थापित हुआ कि सर्वजन का विकास हो। सर्वजन का विश्वास इस सरकार के साथ है। लेकिन, भाजपा की ओर से जो निम्न स्तरीय बातें की जा रही हैं, वो लोकतांत्रिक प्रणाली में अशोभनीय है।

# पृष्ठ एक के शेष

**रक्षा राज्य मंत्री से 50 लाख...**

इसे गंभीरता से लेना चाहिए और ऐसे तत्वों को बेनकाब करना चाहिए। सिंह ने कहा, मैं राज्य सरकार से केंद्रीय मंत्री को उचित सुरक्षा प्रदान किए जाने का अनुरोध करता हूं।

**केंद्रीय गृह मंत्रालय अपनी एजेंसियों को सक्रिय करे : कांग्रेस**

कांग्रेस की झारखंड इकाई के प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने इसे गंभीर मामला बताया और केंद्रीय गृह मंत्रालय से इस पर गौर करने का आग्रह किया। गृह मंत्रालय को अपनी एजेंसियों को सक्रिय करना चाहिए और पता लगाना चाहिए कि इस तरह की घटना के पीछे कौन है।

**हाइवा जलाने के मामले में...**

इंस्पेक्टर परमानंद बिरुवा और थाना प्रभारी अमरेन्द्र कुमार सहित पुलिस बल की एक टीम ने छापेमारी करके इन छह अपराधियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधियों में सुनील गंझू, संजय भगत उर्फ संदीप कुमार भगत, कैलाश गंझू, मनोज ठाकुर, बबन सिंह भोक्ता और दिलीप उरांव शामिल हैं। पूछताछ में अपराधियों ने बताया कि टीएसपीसी संगठन के कुख्यात अपराधी प्रदीप गंझू के निर्देश पर कोयला व्यवसाय ठेकेदारों से लेवी वसूलने के लिए इस घटना को अंजाम दिया गया। अपराधियों ने मकईयाटांड़ हाइवा में आग लगाने की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस ने अपराधियों के निशानदेही पर घटना में उपयोग किए गए हथियार, दो मोटरसाइकिल, और छह मोबाइल बरामद किए हैं। इन अपराधियों ने यह भी बताया कि मगध कांटा नंबर 20 के पास हाइवा में आग लगाने की घटना में आठ अपराधियों का हाथ था, जिनमें से दो को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था। पुलिस टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अलावा बालूमाथ इंस्पेक्टर परमानंद बिरुवा, पुअनि अमरेन्द्र कुमार, पुअनि अनुभव सिंहा, पुअनि गौतम कुमार, पुअनि होसेन डांग और पुअनि विकास कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

**निलंबित आईएएस पूजा सिंघल...**

मई, 2022 को पूजा सिंघल के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान सीए सुमन सिंह के आवास और कार्यालय से 19.31 करोड़ रुपये कैश बरामद हुए थे। इसके बाद ईडी ने पूजा सिंघल और सीए सुमन सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। दोनों से हुई पूछताछ में ईडी को बेहिसाब पैसे और अन्य जगहों पर इन्वेस्टमेंट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी। पूजा सिंघल को 11 मई, 2022 को गिरफ्तार किया गया था।

**पूर्व मंत्री आलमगीर सहित...**

की थी। आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के ठिकाने से लगभग 32.30 करोड़ कैश बरामद हुए थे। इसके बाद पूर्व मंत्री आलमगीर आलम से दो दिनों की पूछताछ के बाद ईडी ने 15 मई को गिरफ्तार कर लिया था।

**इनपर हुआ आरोप गठित :** आलमगीर आलम, वीरेंद्र राम, उसकी पत्नी राज कुमारी, भाई आलोक रंजन, पूर्व मंत्री के आप्त सचिव संजीव लाल, उसका नौकर जहांगीर आलम, मुकेश मित्तल, ताराचांद, नीरज मित्तल, राम प्रकाश भाटिया।

**केंद्र सरकार देशभर में...**

की योजना को मंजूरी दी थी, ताकि स्थानांतरित होने वाले केन्द्रीय सरकार/रक्षा कर्मचारियों के बच्चों के लिए पूरे देश में एक समान मानक की शैक्षिक सुविधाएं प्रदान की जा सकें। परिणामस्वरूप, भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की एक इकाई के रूप में केन्द्रीय विद्यालय संगठन की शुरूआत की गई। शुरूआत में, शैक्षणिक वर्ष 1963-64 के दौरान रक्षा स्टेशनों में 20 रेजिमेंटल स्कूलों को केन्द्रीय विद्यालयों के रूप में लिया गया था।

**जेजेएमपी कमांडर को आजीवन...**

संगठन के सदस्यों विनय जी, वर्षा जी, जगदीश जी, रितेश जी, इंद्रजीत जी, विश्वनाथ जी, केश्वर जी, टुनेश जी उर्फ टुनेश उरांव, दिलीप साव एवं अन्य 30-35 के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज करायी गयी थी, जिसके आलोक में भंडरिया पुलिस के जरिये अनुसंधान कर आरोप पत्र समर्पित किया गया। पूरक आरोप पत्र टुनेश जी उर्फ टुनेश उरांव के विरुद्ध न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय के संज्ञान लेते हुए टुनेश के विरुद्ध आरोप गठन कर साक्ष्य एवं उपलब्ध दस्तावेज के आधार पर सजा सुनायी गयी। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक जगदेव साहू और बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अशोक पाण्डेय ने पैरवी की।

## भाजपा सदस्यता अभियान की शुरुआत आज से

**रांची।** भाजपा का संगठन महापर्व की शुरूआत होनेवाली है। इस निमित्त प्रदेश भाजपा शनिवार को 11 बजे पूर्वाह्न से नगड़ी स्थित स्वर्णरेखा बैंक्वेट हॉल में सदस्यता अभियान का आयोजन किया है। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में प्रदेश संगठन प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई एवं प्रदेश सदस्यता प्रभारी सांसद डी पुरंदेश्वरी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह का मार्गदर्शन होगा। कार्यशाला में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, प्रमंडल प्रभारी, सदस्यता अभियान की प्रदेश टोली, सभी मोर्चों के प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष,जिला प्रभारी, जिला सदस्यता प्रभारी सहित सदस्यता अभियान की जिला टोली शामिल होंगे। बता दें कि 8 दिसंबर को शाम 7बजे प्रदेश कार्यालय में भाजपा के नव निर्वाचित विधायक दल की बैठक भी आयोजित है।

# न्यूज बॉक्स

## 'पहाड़ी मंदिर के जीर्णोद्धार की दिशा में चल रहा मेरा प्रयास सफल हुआ'



**रांची।** पहाड़ी बाबा की कृपा से आज परिसर के पुनर्विकास कार्य का शिलान्यास केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ एवं विधायक सीपी सिंह के साथ किया। यह पुनर्विकास कार्य दो फेज में क्रमशः 4 करोड़ 24 लाख और 2 करोड़ 48 लाख रुपये की लागत से संपन्न होगा। इस अवसर पर श्री सेठ ने कहा पहाड़ी मंदिर हम लोगों के अभिभावक के तौर पर हमेशा से आशीर्वाद देने के लिए खड़े रहते हैं। पहाड़ी मंदिर कैसे संरक्षित हो इसके लिए मेरा प्रयास काफी दिनों से चला आ रहा था आज इसका काम पूर्ण हुआ। अभी तो इसकी शुरूआत है आगे भी पहाड़ी बाबा के लिए और भी सारे काम किए जाएंगे। अभी इसमें बाउंड्री वॉल, और गार्डवाल, सीढ़ी, भव्य मेन गेट, मंदिर परिसर में टाइल्स, लाइट, यज्ञ शाला का निर्माण होना है। इस अवसर पर मुकेश मुक्त, राहुल चौधरी , संजीव चौधरी, फिरंगी साव, संजीव साहू ,अनिल गुप्ता, सुबेश पांडे, सुधीर सिंह, शुभम जायसवाल, अशोक मुंडा, बिनोदवर्मा, प्रदीप ठाकुर, सहित बड़ी संख्या में शिव भक्त उपस्थित थे।

## रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने देखी साबरमती एक्सप्रेस फिल्म



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शनिवार को रांची मॉल में सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता के साथ साबरमती एक्सप्रेस फिल्म देखी। साथ में रांची के विधायक सीपी सिंह, वरुण साहू, बलराम सिंह जितेंद्र वर्मा, मुकेश मुक्त पायल सोनी रोमित नारायण सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## बंद घर का ताला तोड़ दो लाख के जेवरात ले भागे चोर

**रांची।** रांची के कडरू कुम्हार टोली स्थित एक बंद मकान का ताला तोड़ कर जेवरात समेत दो लाख का सामान लेकर चोर फरार हो गए। घटना शुक्रवार की है। इस संबंध में चोन्हेन कुजूर ने अरगोड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। चोन्हेन कुजूर ने बताया कि वह अपने पुत्र के बिरसा चौक हवाई नगर स्थित घर में रहती हैं। उनका एक मकान कडरू कुम्हार टोली में है। छह दिसंबर की सुबह जब वह अपने घर गयी। देखी कि सामान बिखरा पड़ा है। सोने की चेन, अंगुठी, झुमका, चांदी के जेवर, बर्तन आदि गायब है। इसके बाद वह थाना पहुंची और मामला दर्ज कराया। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है।

## कोकर खोरहा टोली में चहारदीवारी गिरायी, चार पर केस दर्ज

**रांची।** कोकर खोरहा टोली के रहने वाले विजय टोप्पो की जमीन पर की गई चहारदीवारी गुरुवार को गिरा दी गई है। इस संबंध में विजय टोप्पो ने दिव्य सपना कच्छप, अजित कुमार, रंजन कच्छप और आशा अनिता कच्छप के खिलाफ सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज की गई प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि खोरहा टोली में उनकी एक जमीन है। जिस पर चहारदीवारी की गई थी। आरोपियों ने गुरुवार को उस चहारदीवारी को गिरा दिया। मामले की जानकारी मिलने के बाद जब वह पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की। इसके बाद वह थाना पहुंचकर मामला दर्ज कराया। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है।

## उद्योग मंत्री बने संजय यादव को राजद महासचिव ने दी बधाई



**रांची (हि.स.)।** श्रम नियोजन और उद्योग मंत्री संजय यादव से शनिवार को नेपाल हाउस सचिवालय में प्रदेश राजद महासचिव कैलाश यादव ने मुलाकात कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कैलाश ने कहा कि मंत्री संजय प्रसाद यादव से राजद और राज्यवासियों को काफी उम्मीदें बनी हुई हैं। राज्य में रोजगार और कौशल तथा उद्योग को बढ़ावा देने में निश्चित रूप से मंत्री का ध्यान केंद्रित होगा। इस दौरान महासचिव आबिद अली सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## भाजपा विधायक दल की बैठक आज

**रांची ।** भारतीय जनता पार्टी के विधायक दल की बैठक आठ दिसंबर को प्रदेश कार्यालय में होगी। नौ दिसंबर से शुरू हो रहे विशेष सत्र को देखते हुए यह बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है। जानकारी के अनुसार, इस बैठक में सत्ता पक्ष को घेरने की रणनीति बनाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि हेमंत मंत्रिमंडल का गठन हो चुका है। मंत्रियों के बीच विभागों का भी बंटवारा हो चुका है। विपक्ष इस बार भी सीजीएल और घुसपैठ का मुद्दा सदन में रखेगा। विशेष सत्र के पहले पहले दिन नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी। दस दिसंबर को स्पीकर का चयन किया जाएगा और 11 दिसंबर को दिन के 11-30 बजे राज्यपाल का अभिभाषण होगा। इसके बाद वित्तीय वर्ष 2024-25 का अनुपूरक बजट सदन में पेश किया जाएगा। फिर 12 दिसंबर को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव, वाद-विवाद सरकार का उत्तर और विश्वास मत हासिल करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## आजसू पार्टी आज करेगी चुनाव परिणाम की समीक्षा

**रांची ।** आजसू पार्टी झारखंड विधानसभा चुनाव-2024 के परिणाम की समीक्षा करेगी। समीक्षा बैठक आठ दिसंबर को पूर्वाह्न 11:00 बजे से पार्टी के हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में होगी। केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो पार्टी संसदीय बोर्ड के सदस्यों और विधानसभा के प्रत्याशियों के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान चुनाव परिणाम से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। यह जानकारी आजसू के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने शनिवार को दी।




# डीआरआई ने उजागर किया भारत में तरह-तरह से हो रही तस्करी

ब्यूरो

- किताबों, थर्मोकॉल बॉल्स, लहंगे, झाड़ू, हेयर विग, में छिपाकर कोकीन की तस्करी
- मेंहदी के पैकेट में करेंसी, खच्चरों व नावों से सोने की तस्करी

**नई दिल्ली।** कोकीन को बच्चों की कहानी की किताबों या थर्मोकॉल बॉल्स या लहंगे, झाड़ू, हेयर विग, में छिपाकर तस्करी की गई। इसी तरह मेहंदी के पैकेट में विदेशी करेंसी छिपाकर तस्करी की गई। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने बताया है कि पिछले साल लहंगे, झाड़ू, हेयर विग, थर्मोकॉल बॉल का इस्तेमाल भारत में अवैध नकदी, हेरोइन और कोकीन जैसे मादक पदार्थों की तस्करी के लिए किया गया है। डीआरआई ने वित्त वर्ष 2024 में 975 करोड़ की कोकीन जब्त की है। इस दौरान एयरपोर्ट के जरिये भारत में तस्करी की जाने वाली कोकीन की मात्रा 9 प्रतिशत बढ़कर 107 किलोग्राम हो गई। डीआरआई ने कहा है कि जब्त की गई कोकीन, मेथामफेटामाइन, प्रतिबंधित सिगरेट और अवैध विदेशी मुद्रा की मात्रा भी बढ़ी है। डीआरआई के अनुसार पिछले कुछ सालों में दक्षिणी अमेरिकी देशों से भारत में कोकीन की तस्करी के लिए हवाई रूट का बहुत इस्तेमाल किया जा रहा है। भारत में कोकीन की तस्करी के लिए आमतौर पर ये तरीके अपनाए जाते हैं। पहला विदेश से आने वाले लोग अपने शरीर में कोकीन छुपाकर हवाई रूट के जरिए आते हैं। दूसरा कूरियर के जरिये कोकीन की खेप भेजी जाती है। अगस्त, 2023 में डीआरआई ने एक विदेशी नागरिक को बच्चों की कहानी की किताब के अंदर कोकीन छिपाकर लाते हुए पकड़ा था। इसकी गिरफ्तारी बेंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर की गई थी। डीआरआई




ने मुंबई एयरपोर्ट पर एक विदेशी नागरिक के बालों की विग के अंदर से कोकीन बरामद की थी। शैंपू और मॉइस्चराइजर की बोतलों, शराब की बोतलों और साबुन के अंदर भी कोकीन छिपाकर लाई जाती है। हवाई यात्रा के बाद कोकीन की तस्करी का सबसे आसान और लोकप्रिय रास्ता कूरियर सर्विस है। जून, 2023 में ब्राजील के साओ पाउलो से आए पार्सल में थमोर्कोल बॉल्स के अंदर कोकीन छिपाई गई थी। यह कोकीन दिल्ली टर्मिनल पर जब्त की गई थी। थमोर्कोल बॉल्स को काटने पर पता चला कि लगभग 10,000 बॉल्स में से 972 बॉल्स में सफेद पाउडर के साथ पॉलीथीन बॉल्स थीं। जांच में पाउडर में कोकीन मिला। कुल 1922 ग्राम कोकीन बरामद की गई और इसे जब्त कर लिया गया। इसके अलावा कोस्टा रिका से आए एक पार्सल में लकड़ी के सामान में छुपाई गई कोकीन को मुंबई टर्मिनल पर जब्त किया गया था। डीआरआई ने मई, 2023 में भारत और पाकिस्तान के बीच अटारी सीमा पर अफगान झाड़ू में छिपाकर रखी गई 5.5 किलोग्राम हेरोइन भी पकड़ी थी। इस वर्ष मार्च में भारतीय तटरक्षक बल ने श्रीलंका की ओर जा रही एक नाव को पकड़ा था। इस नाव में 109 करोड़ रुपये की कीमत की 99 किलोग्राम हशीश के पांच बैग थे। वित्त वर्ष 2024 में डीआरआई ने 8,224 किलोग्राम मादक दवाओं और साइकोट्रोपिक पदार्थों से जुड़े 109 मामले दर्ज किए थे। इसमें 49 किलोग्राम हेरोइन (365 करोड़ रुपये), 236 किलोग्राम मेफेड्रोन (357 करोड़ रुपये) और 136 किलोग्राम मेथामफेटामाइन (275 करोड़ रुपये) शामिल हैं। इसके अलावा वित्त वर्ष 2024 में 9.1 करोड़ सिगरेट जब्त की गईं, जिनकी कीमत 179 करोड़ रुपये थी। इस तस्करी का अधिकतर हिस्सा समुद्री रास्ते से हुआ था।

डीआरआई ने कोलकाता एयरपोर्ट पर मेहंदी के पैकेट में छिपाकर रखी गई 1.1 करोड़ रुपए की विदेशी मुद्रा पकड़ी थी। दिल्ली के एयरपोर्ट कूरियर टर्मिनल पर 94 करोड़ रुपए के सऊदी रियाल करेंसी जब्त की गई थी। इस करेंसी को दुबई भेजे जाने वाले लेडीज लहंगों की निर्यात खेप में छिपाकर रखा गया था। इसी साल जनवरी में डीआरआई ने हैदराबाद और बेंगलुरु एयरपोर्ट से दुबई जाने वाले चार यात्रियों से करीब 14 करोड़ रुपए के प्राकृतिक और प्रयोगशाला में उगाए गए हीरे बरामद किए। दोनों ही मामलों में हीरे चॉकलेट के पैकेट में छिपाए गए थे। इस वर्ष जुलाई में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने पूर्वी लद्दाख में दो कुलियों द्वारा खच्चरों पर तस्करी करके लाया जा रहा 108 किलोग्राम सोना जब्त किया था। डीआरआई की रिपोर्ट के मुताबिक, दुबई और बैंकॉक में कम कीमत पर उपलब्ध सोने को अक्सर श्रीलंका ले जाया जाता है, और वहां से समुद्री मार्ग के जरिये इसकी भारत में तस्करी की जाती है। कई मामलों में यह सोना मछली पकड़ने वाली नौकाओं से लाया गया है। कई तस्करी ऑपरेशन नावों के जरिये ही होते हैं।

## अनवर शाहिद ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना से की मुलाकात

- अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**नई दिल्ली।** हजरत निजामुद्दीन दरगाह के खादिम अनवर शाहिद ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मुलाकात की और बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ कथित अत्याचारों और भारत में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की मौजूदगी पर चिंता जताई। अनवर शाहिद ने उपराज्यपाल को चिट्ठी भी लिखी है। जिसमें उन्होंने कहा है कि हमारे पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश के हालात किसी से छुपे नहीं हैं। वहां हमारे हिंदू भाइयों पर हमले हो रहे हैं और उनकी सुरक्षा स्थिति चिंताजनक है। अल्लाह से हम उन्हें महफूज रखने की दुआ करते हैं। बांग्लादेश में अन्य अल्पसंख्यकों की भी हमें फिक्र है। इन खराब हालातों के मद्देनजर आपसे गुजारिश है हिंदुस्तान और विशेष रूप से दिल्ली शहर में अवैध तरीके से घुसे बांग्लादेशियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## बराक घाटी के होटल बांग्लादेशी नागरिकों को नहीं देंगे प्रवेश

**गुवाहाटी।** असम के बराक घाटी के होटलों ने घोषणा की है कि पड़ोसी देश में हिंदुओं पर हमले बंद होने तक किसी भी बांग्लादेशी नागरिक को होटल में नहीं रखेंगे। बराक घाटी में कछार, श्रीभूमि (पूर्व में करीमगंज) और हैलाकांदी समेत तीन जिले शामिल हैं। बराक घाटी होटल और रेस्तरां एसोसिएशन के अध्यक्ष बाबुल राय ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की स्थिति चिंताजनक है। हम इसे किसी भी तरह से स्वीकार नहीं कर सकते। हमने तय किया है कि जब तक स्थिति में सुधार नहीं होता और हिंदुओं पर अत्याचार बंद नहीं हो जाते तब तक हम बराक घाटी के तीनों जिलों में बांग्लादेश के किसी भी नागरिक को नहीं रखेंगे।

## नोबेल समिति से शांति पुरस्कार के मानदंडों पर पुनर्विचार की मांग

**कोलकाता।** बांग्लादेश में जारी संकट और अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार को लेकर पश्चिम बंगाल के पुरुलिया से भाजपा सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो ने नोबेल शांति पुरस्कार समिति को पत्र लिखा है। शुक्रवार को लिखे इस पत्र में महतो ने नोबेल शांति पुरस्कार के लिए भविष्य के मानदंडों पर पुनर्विचार करने और वर्तमान स्थिति की निंदा करने की अपील की है। महतो ने पत्र में बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रही हिंसा की निंदा करते हुए नोबेल समिति से आग्रह किया कि वह यह सुनिश्चित करे कि जिन लोगों को यह सम्मान दिया जाए, वे अपने जीवनभर उच्च नैतिक मानदंड बनाए रखें। सांसद ने कहा कि अगर नोबेल समिति इन अत्याचारों को स्वीकार या निंदा नहीं करती है, तो इससे उसकी वैश्विक नैतिक साख कमजोर होगी। उन्होंने कहा कि नोबेल शांति पुरस्कार उन व्यक्तियों के लिए कवच नहीं बनना चाहिए, जिनके कार्य हिंसा और भेदभाव को बढ़ावा देते हैं।

## चीन के साथ संबंध घनिष्ठ करेगा नेपाल : पीएम ओली

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 3 दिसंबर को चीन की यात्रा पर आए नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली से मुलाकात के दौरान कहा था कि चीन नेपाल के साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने के मूल इरादे को कायम रखने, पारंपरिक मित्रता को मजबूत करने और चीन-नेपाल संबंधों को बढ़ावा देने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री ओली ने 4 दिसंबर को चाइना मीडिया ग्रुप (सीएमजी) को दिए विशेष साक्षात्कार में कहा कि नेपाल और चीन पुराने दोस्त हैं, और दोनों देशों की दोस्ती लगातार विकसित, गहरी और विस्तारित हो रही है। भविष्य में दोनों देशों की मित्रता और बेहतर होगी। अगले साल चीन और नेपाल के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 70वीं वर्षगांठ है।

# बांग्लादेश ने पाकिस्तानी सामान और नागरिकों के लिए बाधाएं हटाईं

## उपमहाद्वीप के लिए खतरे की घंटी, बांग्लादेश में भी विरोध

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार अपने अल्पसंख्यकों को सुरक्षा न दे पाने के लिए वैश्विक स्तर पर आलोचना का सामना कर रही है। वहीं उसकी पाकिस्तान से नजदीकियां बढ़ाने की कोशिशें भी व्यापक चिंता विषय बनी हुई हैं। अंतरिम सरकार की तरफ से हाल में की गई दो घोषणा बताती है कि बांग्लादेश पाकिस्तान से रिश्ते गहरे करने के लिए कितना उतावला है। यूनुस शासन ने अपने सीमा शुल्क विभाग को व्यापार संबंधों को बढ़ाने की उम्मीद में पाकिस्तानी शिपमेंट को 'फिजिकल इंस्पेक्शन' से बाहर रखने का निर्देश दिया है। इसके अलावा अंतरिम सरकार ने बांग्लादेशी वीजा चाहने वाले पाकिस्तानी नागरिकों के लिए अनिवार्य 'सिक्योरिटी क्लीयरेंस' की नीति में ढील दी है। दोनों ही नीतियां जोखिम से भरी हैं और पाकिस्तानी आतंकवादियों, ड्रग सिंडिकेट और माफिया द्वारा इनका गलत इस्तेमाल किए जाने की संभावना है। यह सब तब हो रहा है जब यूएई और कुवैत सहित कई मुस्लिम देशों ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए पाकिस्तानी नागरिकों के लिए सख्त वीजा प्रतिबंध जारी रखे हैं।


फाइल फोटो

### चीनी की आड़ में कोकीन भेज रहा पाकिस्तान : शोएब चौधरी

बांग्लादेश के जाने-माने पत्रकार सलाह उद्दीन शोएब चौधरी ने पाकिस्तानी नागरिकों के लिए 'नियमों में ढील' पर गहरी चिंता और आशंका जताई है। बांग्लादेश को पाकिस्तान की तरफ से 30,000 किलोग्राम चीनी भेजे जाने पर उन्होंने कहा कि इसके जरिए देश में ड्रग्स और आतंकवादी घुस आएंगे, जो पहले से ही नाकाम हो रहे देश को एक और झटका देंगे। चीनी आपूर्ति की आड़ में, वह 30,000 किलोग्राम चीनी में 300 किलोग्राम कोकीन की खेप छिपाकर भेज रहा है।

### नई अमेरिकी सरकार कर सकती है कठोर कार्रवाई

पत्रकार ने रेखांकित किया, बांग्लादेश में अराजकता और अव्यवस्था के पीछे जो बाइडेन के नेतृत्व वाला अमेरिकी प्रशासन और उसकी डीप स्टेट जिम्मेदार है। बाइडेन सरकार, जॉर्ज सोरोस जैसे निवेशकों सहित प्रभावशाली डीप स्टेट ने बांग्लादेश को अस्थिर करने के लिए पाकिस्तान के साथ मिलीभगत की है। चौधरी ने कहा, 'मैं ईमानदारी से मानता हूं कि नई अमेरिकी सरकार चरमपंथी शासनों पर कठोर कार्रवाई करेगी और बांग्लादेश उनमें से एक हो सकता है। मुझे दंडात्मक शुल्क, यात्रा पाबंदियों और कुछ व्यक्तियों पर प्रतिबंधों का डर है।

## रात में देर तक काम करने टीवी आदि देखने वालों को हो रही कई तरह की गंभीर बीमारी

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** स्विट्जरलैंड में बेसल यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने लिवर की बीमारी और नींद के चक्र के बीच संबंध पाया है। जर्नल फ्रंटियर्स इन नेटवर्क फिजियोलॉजी में छपे इस अध्ययन के अनुसार लिवर की बीमारी (एमएएसएलडी) के रोगियों की नींद में काफी कमी आती है। रिसर्च के अनुसार, एमएएसएलडी के मरीज रात के दौरान 55% ज्यादा जागते हैं और पहली बार सोने के बाद औसतन 113% जागते हैं। इसके अलावा, ये मरीज दिन में देर तक सोते हैं। शोधकर्ताओं ने पाया है कि इस बीमारी से पीड़ित लोग बार-बार नींद में रुकावट और ज्यादा जागने के कारण नींद की कमी से पीड़ित होते हैं। अध्ययन में स्टीटोहेपेटाइटिस या सिरोसिस जैसी स्थितियों वाले 46 वयस्क पुरुषों और महिलाओं को शामिल किया गया। उनकी तुलना 16 स्वस्थ वयस्कों और गैर-एमएएसएच-संबंधित सिरोसिस वाले 8 लोगों से की गई। सभी भागीदार को एक्टिग्राफ नामक एक उपकरण लगाया गया था, जो शारीरिक गतिविधि और शरीर के तापमान को ट्रैक करता है। अध्ययन के नतीजों से पता चला कि स्टीटोहेपेटाइटिस से जुड़े मरीजों की नींद की गुणवत्ता सामान्य व्यक्तियों की तुलना में काफी खराब थी। इसके अलावा इसके 32% रोगियों ने मनोवैज्ञानिक तनाव के कारण सोने में कठिनाई पाई गई। विशेषज्ञों के अनुसार, नींद की कमी स्टीटोहेपेटाइटिस के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## भारतीय जेल में रह लेंगे लेकिन बांग्लादेश वापस नहीं जाएंगे

**अगरतला।** बांग्लादेश के निवासी शंकर चंद्र सरकार (40) का कहना है कि वह अपने परिवार के साथ भारतीय जेल में रहना पसंद करेंगे, लेकिन बांग्लादेश वापस नहीं जाएंगे। बांग्लादेश के किशोरगंज जिले के धनपुर गांव के रहने वाले ऑटो चालक शंकर को पूरे परिवार के साथ शनिवार को त्रिपुरा के धलाई जिले के अंबासा थाना क्षेत्र से रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने पकड़ा है। पत्रकारों से बात करते हुए शंकर चंद्र सरकार ने बांग्लादेश में हिंदुओं की स्थिति पर अपनी निराशा व्यक्त की।

## बीएपीएस सुवर्ण महोत्सव का शुभारंभ



**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद स्थित नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) के कार्यकतार्ओं का 'कार्यकर सुवर्ण महोत्सव' का शुभारंभ एक लाख कार्यकतार्ओं के सामूहिक गायन के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत से पहले स्वामीनारायण प्रकाश मासिक के डिजिटलीकरण की घोषणा की गई। रॉबिंसविले के एक रियल एस्टेट टाइकून कल्पेश मानेक ने एक सामान्य कार्यकर्ता की तरह इस कार्यक्रम में भाग लिया। स्टेडियम के अंदर बड़ी संख्या में हरिभक्त पहुंचे हैं।

## दक्षिण कोरिया : राष्ट्रपति यून की महाभियोग से बच निकलने की संभावना, सत्तारूढ़ पार्टी के सांसदों ने किया मतदान का बहिष्कार

एजेंसी

**सोल।** सत्तारूढ़ पीपुल्स पावर पार्टी (पीपीपी) के तीन सांसदों को छोड़कर शेष सभी ने शनिवार को राष्ट्रपति यून सुक-योल के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर मतदान का बहिष्कार किया। इससे यून के महाभियोग से बच निकलने की संभावनाओं को बल मिला है। यून की पत्नी से जुड़े घोटालों की जांच के लिए लाए गए बिल के खिलाफ वोट देने के बाद, सत्तारूढ़ पीपुल्स पावर पार्टी के 108 सांसदों में से तीन को छोड़कर अधिकांश ने संसदीय हॉल छोड़ दिया। सत्तारूढ़



पार्टी का एक सांसद हॉल में ही रहा और दो जाने के बाद वापस आ गए। नेशनल असेंबली के 300 सांसदों में से 198 ने प्रथम महिला की विशेष अभियोजक जांच के बिल के पक्ष में वोट दिया, जबकि 102 ने इसके खिलाफ वोट दिया। बिल को पारित करने के लिए कम से कम दो-तिहाई सांसदों का इसके समर्थन में वोट देना जरूरी है। महाभियोग प्रस्ताव पारित करने के लिए 200 से अधिक सांसदों को इसका समर्थन करना होगा। रविवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 00:48 बजे प्रस्ताव को रद्द कर दिया जाएगा क्योंकि नेशनल असेंबली में रिपोर्ट किए जाने के 24 घंटे से 72 घंटे के बीच इस पर मतदान कराना जरूरी है।डेमोक्रेटिक पार्टी और पांच अन्य छोटी पार्टियों ने बुधवार को राष्ट्रपति की तरफ से की गई मार्शल लॉ की घोषणा पर महाभियोग प्रस्ताव पेश किया था। यून ने मंगलवार रात को आपातकालीन मार्शल लॉ की घोषणा की, लेकिन बुधवार को संसद द्वारा इसके खिलाफ मतदान किए जाने के बाद इसे निरस्त कर दिया।

मार्शल लॉ कुछ घंटों के लिए ही लागू रहा। इससे पहले दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यूं सुक-योल ने शनिवार को कहा कि वह अपने कार्यकाल के बारे में सत्तारूढ़ पीपुल्स पावर पार्टी को फैसला लेने देंगे। यून ने टेलीविजन पर दिए गए संबोधन में कहा कि वह राजनीतिक स्थिति को स्थिर करने के फैसले सत्तारूढ़ पार्टी को लेने देंगे, जिसमें उनका शेष राष्ट्रपति कार्यकाल भी शामिल है।

# बारामूला में देखी गई दुर्लभ जंगली बकरी मारखोर

एजेंसी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में शनिवार को सर्पिल आकार के सींगों वाला जंगली बकरी मारखोर देखी गई। वन्यजीव संरक्षण विभाग के अधिकारियों ने इस दुर्लभ जानवर को पकड़ने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। मारखोर (कैप्रा फाल्कोनेरी) एक बड़ी जंगली बकरी की प्रजाति है, जो दक्षिण और मध्य एशिया मुख्य रूप से पाकिस्तान, काराकोरम पर्वत श्रृंखला, अफगानिस्तान के कुछ हिस्सों और हिमालय की मूल निवासी है और यहां पाई जाती है। इसे 2015 से आईयूसीएन की लाल सूची में खतरे के निकट के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। बारामूला जिले की उरी तहसील के बोनियार क्षेत्र के नूरखा में ग्रामीणों को शनिवार सुबह एक झरने के पास यह जंगली बकरी देखने को मिली। ग्रामीणों ने तुरंत स्थानीय पुलिस स्टेशन से संपर्क किया और वन्यजीव संरक्षण विभाग की एक टीम इस बकरी को पकड़ने के लिए आ गई। ग्रामीणों ने बताया कि जंगली बकरी इस क्षेत्र में नहीं पाई जाती है और संभवतः यह पाकिस्तान से नियंत्रण रेखा पार कर बारामूला जिले में प्रवेश कर गई है। मारखोर पाकिस्तान का राष्ट्रीय पशु है, जहां इसे आम तौर पर पेंचदार सींग वाला बकरा कहा जाता है। 'मारखोर' शब्द पश्तो और शास्त्रीय फारसी भाषा से आया है जिसका अर्थ है 'सांप खाने वाला।' माना जाता है कि मारखोर सांपों को मारकर खा जाता है। इसके बाद जुगाली करते समय उसके मुंह से झाग जैसा पदार्थ निकलता है, जो जमीन पर गिरकर सूख जाता है। स्थानीय लोग इस झाग जैसे पदार्थ की तलाश करते हैं, उनका मानना है कि यह सांप के काटने पर जहर उतारने में उपयोगी होता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 24 मई को अंतर्राष्ट्रीय मारखोर दिवस घोषित किया है। मारखोर पहाड़ी इलाकों के लिए अनुकूलित हैं और 2,000 से 11,800 फीट की ऊंचाई के बीच पाए जा सकते हैं। यह जानवर मुख्य रूप से ओक, पाइन और जूनिपर्स से बने झाड़ीदार जंगलों में रहता है। वे व्यवहार में दिनचर हैं, जिसका अर्थ है कि वे ज्यादातर सुबह और देर दोपहर में सक्रिय रहते हैं। इनका प्रजनन काल शीतकाल में होता है। उनका गर्भकाल 135-170 दिनों तक रहता है और आमतौर पर एक या दो बच्चे पैदा होते हैं, लेकिन कभी-कभी तीन भी हो सकते हैं। मारखोर झुंड में रहते हैं। जिनमें वयस्क मादाएं और उनके बच्चे शामिल होते हैं। वयस्क नर ज्यादातर अकेले रहते हैं।



## विदेश मंत्रालय ने जारी की एडवाइजरी, भारतीयों को सीरिया की यात्रा से बचने की सलाह

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने सीरिया में जारी हिंसा के मद्देनजर भारतीय नागरिकों को अगले आदेश तक सीरिया की यात्रा करने से बचने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यात्रा परामर्श जारी करते हुए कहा कि सीरिया में मौजूदा स्थिति को देखते हुए भारतीय नागरिकों को अगली सूचना तक सीरिया की यात्रा करने से बचने की सलाह दी जाती है। मंत्रालय ने सीरिया में मौजूद भारतीयों को आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर और आधिकारिक ईमेल आईडी के माध्यम से दमिश्क में भारतीय दूतावास के संपर्क में रहने की सलाह दी है। मंत्रालय की तरफ से कहा गया है कि जो लोग वापस लौट सकते हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे जल्द से जल्द उपलब्ध वाणिज्यिक उड़ानों से चले आएं और अन्य लोगों से अपनी सुरक्षा के बारे में अत्यधिक सावधानी बरतने और अपनी गतिविधियों को सीमित रखने की अपील की गई है।